3 राजधानी
सड़क की खुदाई करने वाले विभागों पर लगेगा जुर्माना

6 अभिमत
आतंकवाद का बढ़ता खतरा

10 विदेश
चमन लाल बर्मिंघम के लॉर्ड मेयर बने

12 स्पोर्ट्स
एफबीके खेलों से हटे नीरज चोपड़ा

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 218
लखनऊ, मंगलवार, 30 मई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



धन की बर्बादी रोकना मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि

राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

# वैश्विक मंच पर बढ़ा भारत का मान: मुख्यमंत्री

● कहा, भारत को कोई आंख दिखाने का साहस नहीं कर सकता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 साल के कार्यकाल में जहां एक तरफ दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है, वहीं देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा सुदृढ़ हुई है। आज भारत को कोई आंख दिखाने का साहस नहीं कर सकता। गरीबों का कल्याण और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट जैसे चार स्तंभों को मोदी सरकार ने बीते 9 साल में मजबूत आधार प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को राजधानी में मोदी सरकार के 9 साल के कार्यकाल के पूरे होने पर आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पिछले 9 साल में बदली हुई परिस्थितियों को हम सब ने ना केवल महसूस किया है बल्कि हमने इस दौरान नये भारत का दर्शन भी किया है। आज का भारत चार महत्वपूर्ण स्तंभों पर खड़ा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज वैश्विक स्तर पर भारत का मान बढ़ा है। भारत को दुनियाभर मे सम्मान मिल रहा है। हाल ही में पीएम ने तीन देशों की यात्रा की है, उसका दृश्य हम सबके सामने है। पापुआ न्यू गिनी में पीएम मोदी का वहां के प्रधानमंत्री ने पैर छूकर अभिनंदन किया। प्रोटोकॉल तोड़ के देर सायंकाल स्वयं आगवानी की। यह पहली बार हुआ है जब किसी संप्रभु राष्ट्र ने अपने समकक्ष का अभिनंदन इस प्रकार किया हो। पापुआ न्यू गिनी और फिजी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान से नवाजा। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया के पीएम के वक्तव्य को भी हम सबने सुनाए जिसमें उन्होंने पीएम मोदी को बॉस कहके संबोधित किया था। यही नहीं अमेरिका के राष्ट्रपति की ओर से पीएम मोदी का ऑटोग्राफ लेने की इच्छा व्यक्त करना, ना सिर्फ भारत बल्कि देश की 140 करोड़ जनता का सम्मान है। हर भारतवासी इसपर गर्व करता है। आज दुनिया में भारत की विरासत को सम्मान मिला है। हर साल 21 जून को पूरी दुनिया योग से जुड़कर भारत की विरासत का सम्मान कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा की स्थिति सुदृढ़ हुई है। कोई भी भारत की ओर टेढ़ी नजर से देखने का प्रयास नहीं कर सकता है। अटल जी ने कहा था कि हम सब कुछ कर सकते हैं, मगर पड़ोसी नहीं बदल सकते। भारत हमेशा अपने पड़ोसियों के प्रति सकारात्मक भाव रखता रहा है। मगर कुछ लोग अपनी प्रवृत्ति से मुक्त नहीं हो पाते। पहली बार भारत ने जैसे को तैसे का जवाब दिया। सीमाएं सुरक्षित और सुदृढ़ हुई हैं। आंतरिक सुरक्षा की स्थिति मजबूत हुई है। चाहे जम्मू कश्मीर हो या पूर्वोत्तर, नक्सल उग्रवाद, माओवाद, अलगाववाद और आंतकवाद पर हमने निर्णायक काबू पा लिया है। सुरक्षा के मामले में देश में नई आस और विश्वास का भाव पैदा हुआ है। मोदी सरकार की उपलब्धियों के तीसरे स्तंभ की चर्चा करते हुए सीएम योगी ने कहा कि आज भारत की 140 करोड़ जनता की आवश्यक्ता की पूर्ति के लिए वर्ल्ड क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर भारत के पास है। गरीबों को भी एयर कनेक्टिविटी मिली है। आजादी के बाद 70 साल में केवल 74 एयरपोर्ट बने थे। 9 साल में हमने 74 नए एयरपोर्ट देश को देने का कार्य किया है। इसके अलावा हाईवे एक्सप्रेसवे, वाटरवे, रेलवे और लॉजिस्टिक के क्षेत्र में जो भी परिवर्तन देखने को मिल रहा है वो अभूतपूर्व है। पब्लिक ट्रांसपोर्ट का नया जाल बिछा है। रैपिड रेलए नये पोर्ट बन रहे हैं। फ्लोटिंग जेटी से वाटरवे का लाभ मिल रहा है। नये एम्स बन रहे हैं।

## दो साल में ही दुनिया के तीसरे नंबर की जीडीपी वाला देश होगा भारत: पुरी



**लखनऊ।** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस तथा आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नौ साल के कार्यकाल की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बीते 9 साल में जो काम हुए हैं वो 1947 से अबतक नहीं हुए। 2019 में हमने कोरोना महामारी का सामना किया। इससे पहले हमारे हेल्थ सेक्टर की स्थिति अच्छी नहीं थी। पीपीई किट छोड़िए वैक्सिन मैन्यूफैक्चरिंग का काम बंद था। हमने वैक्सीन मैन्यूफैक्चरिंग और हेल्थ सेक्टर को सुदृढ़ किया। हरदीप सिंह पुरी ने ओडीएफ, अमृत मिशन के अंतर्गत नल से जल योजना, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना पर भी विस्तार से आंकड़े रखे। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि आज भारत की जीडीपी 3.8 ट्रिलियन डॉलर है। जर्मनी और जापान हमसे थोड़ा आगे हैं। हम अगले दो साल में ही दुनिया के तीसरे नंबर की जीडीपी वाला देश होंगे। 2028 तक हमने 7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य तय किया है। साथ ही 2040 तक हम 28 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं।

# दिल्ली में किशोरी की निर्मम हत्या

● पहले चाकू से 21 बार गोदा, फिर भारी पत्थर से कुचला, सिहरा देने वाली वारदात का आरोपी प्रेमी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



सीसीटीवी में युवती पर चाकू से हमला करता दिख रहा है हत्यारा साहिल

**उत्तर-पश्चिमी** दिल्ली के शाहबाद डेरी इलाके में रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना में 16 वर्षीय किशोरी की कथित तौर पर उसके प्रेमी ने निर्मम हत्या कर दी। हैवान बने युवक ने गली में सरेआम लड़की पर चाकू से ताबड़तोड़ 20 से अधिक वार किए। इसके बाद भी गुस्सा शांत नहीं हुआ और उसने भारी पत्थर उठाकर कई बार सड़क पर अचेत पड़ी पीड़िता पर मारा। सोशल मीडिया पर वायरल घटना का वीडियो जिसने भी देखा, सिहर उठा। पुलिस ने 20 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल पर निशाना साधा है। शाहबाद डेरी इलाके में यह घटना रविवार रात को हुई। फ्रिज और एसी के मैकेनिक साहिल (20) ने यहां घनी आबादी वाले जेजे कॉलोनी की एक व्यस्त सड़क पर यहीं की रहने वाली 16 वर्षीय युवती साक्षी को घेर कर अचानक हमला कर दिया। उस समय पीड़िता अपने दोस्त के घर जन्म दिन की पार्टी में शामिल होने जा रही थी। पुलिस के अनुसार हमलावर युवक और लड़की के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था, लेकिन दोनों के बीच बीते शनिवार को किसी बात पर झगड़ा हो गया था। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो दिल दहलाने वाला है। लगभग 90 मिनट के वीडियो में गुस्से से पागल दिख रहे दरिंदे युवक ने दीवार के सहारे एक हाथ से युवती को पकड़ा है और दूसरे हाथ में चाकू से एक के बाद एक वार कर रहा है। पीड़िता सड़क पर गिर गई, इसके बावजूद वह नहीं हटा और चाकू से वार करना जारी रखा।

## हमलावर करता रहा चाकू से वार, गली से गुजरते रहे लोग

**वायरल** वीडियो में दिख रहा है कि गली में जिस समय वहशी बना युवक जब लड़की पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर रहा था तो वहां से अनेक लोग गुजर रहे थे और मुड़-मुड़ कर हमलावर को देख रहे थे, लेकिन किसी ने कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की। यदि लोग थोड़ी भी संवेदनशीलता दिखाकर शोर ही मचा देते तो संभवत: साक्षी की जान बच जाती।

## लव जिहाद ने अब दिल्ली को भी दहलाया: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा की दिल्ली इकाई ने सोमवार को कहा कि उत्तर पश्चिमी दिल्ली के शाहबाद डेरी इलाके में चाकू से गोदकर की गई एक नाबालिग लड़की की नृशंस हत्या लव जिहाद का मामला है। इसने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आप) इसे साधारण हत्या और कानून व्यवस्था संबंधी मुद्दे के रूप में चित्रित करने की कोशिश कर रही है। पार्टी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने एक बयान में कहा कि मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक अदालत में होनी चाहिए।

# गहलोत, पायलट मिलकर लड़ेंगे विधानसभा चुनाव

● खरगे व राहुल के साथ अशोक गहलोत और सचिन पायलट की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राजस्थान** कांग्रेस की गुत्थी सुलझती नजर आ रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन घर पर हुई बैठक में राहुल गांधी के साथ अशोक गहलोत और सचिन पायलट की लंबी बैठक चली और इसमें तय किया गया कि अगला विधानसभा चुनाव दोनों नेता मिलकर लड़ेंगे। बैठक के बाद कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा- दोनों नेताओं के नेतृत्व में ही इस साल होने वाला राजस्थान विधानसभा का चुनाव लड़ा जाएगा। अभी दोनों के बीच एक चरण की बातचीत होना बाकी है। मैराथन बैठक में पायलट मुद्दे के समाधान का क्या फॉर्मूला तय किया गया, यह अभी साफ नहीं है। लेकिन, पायलट का अल्टीमेटम 30 मई को खत्म हो रहा था, लिहाजा इस मुद्दे पर कोई ठोस हल जरूर निकाला गया होगा। केसी वेणुगोपाल ने कहा विधानसभा चुनाव को लेकर राजस्थान सीएम अशोक गहलोत और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के साथ मीटिंग हुई है। बैठक में तय हुआ कि गहलोत और पायलट मिलकर एक साथ चुनाव लड़ेंगे। गहलोत और पायलट दोनों ने हाईकमान पर फैसला छोड़ दिया है। दोनों नेता एक साथ भाजपा से मुकाबला करेंगे यह सर्वसम्मति से तय हुआ है। खरगे के घर से बाहर निकलने के बाद पायलट और गहलोत मुस्कुराते रहे। दोनों नेताओं ने कुछ नहीं कहा और फिर वे वहां से निकल गए।

# पिछले नौ वर्ष नए विकास की यात्रा के रहे: मोदी

● प्रधानमंत्री ने दिखाई गुवाहाटी-एनजेपी वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी

**पीएनएस/एजेंसी।** गुवाहाटी



नई दिल्ली में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यू जलपाईगुड़ी और गुवाहाटी के बीच चलने वाली असम की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये हरी झंडी दिखाई

**पीएम** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को डिजिटल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर पूर्वोत्तर की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को गुवाहाटी से पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी के लिए रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राजग सरकार ने इस सप्ताह अपने कार्यकाल के नौ साल पूरे किए हैं और पिछले नौ साल नए विकास की असाधारण यात्रा के रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने स्क्रीन पर प्रतीकात्मक रूप से हरी झंडी दिखा कर गुवाहाटी स्टेशन से ट्रेन रवाना की, जहां रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मौके पर कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस पूर्वोत्तर में पर्यटन, शिक्षा, व्यापार एवं रोजगार को बढ़ावा देगी। गुवाहाटी एवं न्यू जलपाईगुड़ी (एनजेपी) के बीच चलाई गई अर्द्ध उच्च गति की यह ट्रेन असम एवं पश्चिम बंगाल के बीच संपर्क सेवा को मजबूत करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि ट्रेन असम में कामाख्या मंदिर, काजीरंगा और मानस राष्ट्रीय उद्यान और पोबितोरा के साथ-साथ मेघालय में शिलांग और चेरापूंजी और अरुणाचल प्रदेश में तवांग और पासीघाट के लिए पर्यटन क्षमता को भी बढ़ावा देगी। उन्होंने कहा कि राजग सरकार ने इस सप्ताह अपने कार्यकाल के नौ साल पूरे किए हैं और पिछले नौ साल नए विकास की असाधारण यात्रा के रहे हैं। मोदी ने कहा कि देश को रविवार को एक नया और भव्य संसद भवन मिला है जो देश की समृद्ध लोकतांत्रिक विरासत को आधुनिक लोकतांत्रिक मूल्यों से जोड़ेगा। कई ऐसी उपलब्धियां हैं, जिनकी 2014 से पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने मकान, शौचालय, अस्पताल, सड़क और अन्य बुनियादी ढांचे उपलब्ध कराकर तेजी से विकास की नींव रखी और गरीबों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। प्रधानमंत्री ने कहा, यह ढांचागत सुविधाएं हैं जो गरीबों, दलितों और समाज के पिछड़े वर्ग को मजबूत करती हैं। बुनियादी ढांचा बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए है, जो सच्चे सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता को दर्शाता है। उन्होंने दावा किया कि पिछले नौ वर्षों के दौरान पूर्वोत्तर में अभूतपूर्व ढांचागत विकास हुआ है।

# एमएलसी की दोनों सीटों पर भाजपा की जीत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधानसभा की दो रिक्त सीटों पर उपचुनाव के लिए सोमवार को हुए मतदान में बीजेपी ने जीत दर्ज की है। बीजेपी प्रत्याशी मानवेंद्र सिंह और पद्मसेन चौधरी ने सपा प्रत्याशियों को परास्त कर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों विजयी प्रत्याशियों को जीत की बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप विजयी दोनों सम्मानित सदस्यों का लोकनिष्ठ आचरण, कर्मठता एवं अनुभव 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' के संकल्प की सिद्धि में सहायक होगा। बीजेपी सदस्य लक्ष्मण आचार्य के सिक्किम के राज्यपाल बनने और बनवारी लाल दोहरे के निधन पर खाली हुई उत्तर प्रदेश विधान परिषद की दोनों सीटों पर उपचुनाव में सोमवार को मतदान हुआ। लक्ष्मण आचार्य का कार्यकाल 2027 व बनवारी लाल का कार्यकाल 2028 तक था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुबह लगभग 9 बजे ही विधान भवन पहुंचकर वोट डाला। शाम 4 बजे तक मतदान हुआ। भारतीय जनता पार्टी ने उपचुनाव में मानवेंद्र सिंह और पद्मसेन चौधरी को प्रत्याशी बनाया था। दोनों वर्तमान में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। वहीं समाजवादी पार्टी ने रामजतन राजभर और रामकमल निर्मल को उम्मीदवार घोषित किया था। विधान परिषद उपचुनाव में कुल 403 वोटों में 396 वोट पड़े। एक वोट अवैध घोषित किया गया। इसमें से भाजपा के मानवेंद्र सिंह को 280 और पद्मसेन चौधरी को 279 वोट मिले। वहीं समाजवादी पार्टी के रामकरण निर्मल को महज 116 और रामजतन राजभर को 115 वोट ही मिले।

उपचुनाव में सात विधायकों ने मतदान नहीं किया। इनमें सपा विधायक रमाकांत यादव, इरफ ान सोलंकी, मनोज पारस, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधायक अब्बास अंसारी, कांग्रेस के विधायक अनुराधा मिश्रा 'मोना', फ रेंदा के विधायक वीरेंद्र चौधरी, बसपा के एकमात्र विधायक उमाशंकर सिंह ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। निकाय चुनाव में क्लीन स्वीप के बाद विधान परिषद उपचुनाव में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रणनीति काम आई। मुख्यमंत्री ने दोनों सीटों पर कमल खिलाने और अखिलेश यादव की कुटिल चाल को शिकस्त देने के लिए अपने और सहयोगी दलों के विधायकों को सहेज दिया था।

## क्विक न्यूज

### भ्रष्टाचार मामले में रोल्स रॉयस, अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने भारतीय वायुसेना और नौसेना के लिए हॉक 115 अत्याधुनिक जेट प्रशिक्षण विमान की खरीद में भ्रष्टाचार के आरोप में ब्रिटिश एयरोस्पेस और रक्षा कंपनी रोल्स-रॉयस पीएलसी, इसकी भारतीय इकाई के वरिष्ठ अधिकारियों और शस्त्र विक्रेताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी के अनुसार, सीबीआई ने मामले में छह साल की जांच पूरी होने के बाद भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120-बी, 420 और भ्रष्टाचार निरोधक कानून के प्रावधानों के तहत रोल्स-रॉयस इंडिया के निदेशक टिम जोन्स, कथित हथियार आपूर्तिकर्ता सुधीर चौधरी और उनके बेटे भानु चौधरी तथा ब्रिटिश एयरोस्पेस सिस्टम्स के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अभी रोल्स रॉयस से इस पर प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है। अधिकारियों ने बताया कि 2017 में एक ब्रिटिश अदालत ने भी समझौते को अंजाम देने के लिए कंपनी द्वारा कथित रूप से बिचौलिए को शामिल करने और कमीशन का भुगतान करने का जिक्र किया था।

## मणिपुर में हिंसा के एक दिन बाद तनावपूर्ण शांति

**भाषा।** इंफाल

**उग्रवादियों** और सुरक्षा बलों के बीच अचानक झड़प तथा गोलीबारी की घटना के एक दिन बाद जातीय संघर्ष से प्रभावित मणिपुर में सोमवार को असहज शांति छाई रही। मणिपुर की सड़कों पर सोमवार को राज्य में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का स्वागत करने वाले पोस्टर, बैनर और संदेश नजर आए। वहीं भारतीय सेना और अर्द्धसैनिक बलों ने कम से कम 25 शरारती तत्वों को पकड़ा है, जिनके पास से हथियार, गोला बारूद और ग्रेनेड बरामद किए गए हैं। सभी 25 बदमाशों को मणिपुर पुलिस को सौंप दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न अस्पतालों में इलाज के दौरान तीन और लोगों के दम तोड़ने के बाद, एक दिन पहले हुई झड़पों में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर सोमवार को पांच हो गई। इंफाल घाटी और आसपास के जिलों में सेना और अर्धसैनिक बल के जवानों का तलाश अभियान जारी है।

# आईपीएल: गुजरात को हराकर चेन्नई बना चैम्पियन

● बरसात से बाधित मैच में चेन्नई ने गुजरात को पांच विकेट से हराया

**एजेंसी।** अहमदाबाद



**गुजरात** टाइटंस को पांच विकेट से हराकर चेन्नई सुपर किंग्स ने पांचवां आईपीएल खिताब जीत लिया। आखिरी गेंद पर चौका लगाकर रवींद्र जड़ेजा ने अपनी टीम को विजय दिलायी। इससे पहले जीत के लिए 215 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चेन्नई ने तीन गेंद खेलकर बिना किसी नुकसान के चार रन बना लिए थे। तभी पारी के ब्रेक के बीच बारिश शुरू हो गई और मैदानकर्मी तेजी से कवर लेकर मैदान के बीच भागे। बारिश खुलने पर चेन्नई की पारी की तीन गेंद ही हुई थी कि दोबारा पानी बरसने लगा। इससे पहले कल बारिश के कारण फाइनल नहीं हो सका था और आज रिजर्व दिन पर खेला गया। बरसात रुकने के बाद सुपर किंग्स के सामने 15 ओवर में जीत के लिए 171 का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इससे पहले बीसाइ सुदर्शन के 47 गेंद में 96 रन की मदद से गत चैम्पियन गुजरात टाइटंस ने सोमवार को आईपीएल फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स के सामने जीत के लिए 215 रन का लक्ष्य रखा। सुदर्शन ने अपनी पारी में आठ चौके और छह छक्के लगाए। उन्होंने महत्वपूर्ण साझेदारियां निभाकर गुजरात को विशाल स्कोर दिया। इससे पहले शुभमन गिल 20 गेंद में 39 और रिधिमान साहा अर्धशतक बनाकर आउट हुए। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर चार विकेट पर 214 रन बनाए। दूसरे ही ओवर में गिल ने तुषार देशपांडे की गेंद पर लेग साइड में शॉट खेला लेकिन शॉर्ट फाइन लेग पर खड़े दीपक चाहर ने कैच टपका दिया। गिल हालांकि मुंबई इंडियंस के खिलाफ दूसरे क्वालीफायर में किए गए प्रदर्शन को दोहरा नहीं सके। दूसरे छोर से साहा ने तीसरे ओवर में 16 रन निकालकर चेन्नई पर दबाव बनाया। इसके बाद गिल ने देशपांडे को लगातार तीन चौके लगाए जबकि साहा का रिटर्न कैच चाहर ने छोड़ा। पावरप्ले के बाद गुजरात का स्कोर बिना किसी नुकसान के 62 रन था। सातवें ओवर में हालांकि महेंद्र सिंह धोनी ने कुशल स्टम्पिंग का नमूना पेश करते हुए गिल को पवेलियन भेजा जबकि गेंदबाज रविंद्र जडेजा थे। गिल ने इस सत्र में 17 मैचों में 59 . 33 की औसत और 157 . 80 के स्ट्राइक रेट से 890 रन बनाए जो आईपीएल के इतिहास में किसी बल्लेबाज का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। साहा ने इस आईपीएल में अपना दूसरा अर्धशतक 13वें ओवर में पूरा किया। उनके और साइ सुदर्शन के बीच 64 रन की साझेदारी 14वें ओवर में खत्म हुई जब चाहर ने उन्हें धोनी के हाथों लपकवाया। साहा ने 39 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 54 रन बनाए। इस सत्र में गुजरात के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज सुदर्शन ने अपना तीसरा अर्धशतक मथीषा पथिराना को लगातार चौके लगाकर पूरा किया। उन्होंने तीक्षणा को दो छक्के लगाए जबकि देशपांडे को तीन चौके और एक छक्का जड़ा। आखिरी ओवर में पथिराना ने सुदर्शन को पगबाधा आउट करके शतक से वंचित कर दिया। हार्दिक पंड्या ने 12 गेंद में नाबाद 21 रन बनाए।

चेन्नई ने लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार शुरुआत की। ऋतुराज गायकवाड़ ने 16 गेंद में 26 रन बनाए। डेवान कॉनवे ने 25 गेंद में 47 रनों का योगदान दिया। इसके बाद शिवम दुबे ने नाटआउट रहते हुए 21 गेंद में 32 रन बनाए। वहीं अंजिक्य रहाने ने 13 गेंद में 27 रन की तेज पारी खेली। अंबाती रायडू ने मात्र 8 गेंदों में 19 रन बनाकर अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभायी। मैच के अंतिम ओवर में रवींद्र जड़ेजा ने अपने प्रहार से गुजरात की टीम को निराश होने पर मजबूर कर दिया। जड़ेजा ने मात्र 6 गेंदों पर 15 नाबाद रन बनाए।

# सोशल मीडिया की हर पोस्ट की प्रमाणिकता जरूरी: मुख्यमंत्री

● सीएम ने आईजीपी में सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स को किया संबोधित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि करीब 20 साल पहले प्रिंट मीडिया का बोलबाला था। फिर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया आया। उस समय इसकी संख्या बहुत कम थी, फिर धीरे-धीरे इसकी संख्या में बढ़ोतरी हुई। वहीं पिछले सात आठ वर्षों में सोशल मीडिया और डिजिटल मीडिया का तेजी से प्रचार-प्रसार हुआ। पहले जहां लोग सुबह न्यूज पेपर पढ़कर देश-विदेश की गतिविधियों से रूबरू होते थे, वहीं सोशल मीडिया के माध्यम से अब देश-दुनिया की पल-पल की खबर लोगों तक पहुंच रही है। इसे स्मार्ट फोन ने और आसान बना दिया है, लेकिन इसका गलत इस्तेमाल भी किया जा रहा है। ऐसे में डिजिटल क्रांति में वही ठहर पाएगा, जो इसका सही इस्तेमाल करेगा। बाकी तो आते-जाते रहेंगे। इसके लिए सोशल मीडिया को अपनी विश्वसनीयता को बनाए रखना सबसे अहम है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स को सोशल मीडिया संवाद कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रिंट मीडिया का सीमित दायरा होता है, लेकिन सोशल मीडिया का कोई दायरा नहीं होता है। ऐसे में आप सभी पिछले 9 वर्षों में बदलते भारत की तस्वीर को सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने के साथ वायरल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का वैश्विक मंच भारत की प्रतिष्ठा और विरासत का सम्मान हो रहा है। इसमें सोशल मीडिया की भी अहम भूमिका रही है। सोशल मीडिया का ही नतीजा है कि चीन में आज योग की सबसे ज्यादा क्लासेस लग रही हैं। इतना ही नहीं आयुष दुनिया में छा गया हैए लोग आयुर्वेद के पीछे भाग रहे हैं जबकि 9 वर्ष पहले देश के राजनयिक संबंधों और कूटनीतिक संबंधों को मजबूती प्रदान करने में कितनी परेशानी आती होगी, यह बात केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी से अच्छी तरह भला कौन जान सकता है। वहीं आज ऐसी स्थिति नहीं है। आज दुनिया भारत के सामर्थ्य को देखने आ रही है, जिसे हमें सोशल मीडिया के माध्यम से वैश्विक स्तर पर पहुंचाना होगा। इसके लिए हमें एनालिसिस करना होगा ताकि हम जो दुनिया को दिखा रहे हैं उसकी विश्वसनीयता और प्रमाणिकता बनी रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक मंच पर बढ़ती भारत की प्रतिष्ठा, देश के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, गरीब कल्याणकारी योजनाओं समेत महिला सशक्तिकरण के लिए उठाए गए बेहतर कदमों को सोशल मीडिया के माध्यम से हाईलाइट कर सकते हैं। इससे हम देश दुनिया से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ सकते हैं।

उन्हें सही तथ्यों से अवगत करा सकते हैं क्योंकि हम उन्हे जो मैटेरियल देंगे तो उसे ही लोग स्वीकार करेंगे इसलिए उसकी प्रमाणिकता जरूरी है ताकि अगर वह कहीं से उस तथ्यों को क्रॉस चेक करे तो उन्हें सही जानकारी मिले। इससे आपकी विश्वसनीयता भी बढ़ेगी। सीएम योगी ने कहा कि आपने एग्जिट पोल में देखा होगा, जो जमीनी धरातल पर कार्य करता है उसका ही आकलन सही होता है। प्रदेश में 6 वर्षों में 54 लाख गरीबों को आवास दिये गये। उनके आधे-आधे मिनट के वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल करें ताकि दुनिया को पता चल सके एक योजना आर्थिक स्वावलंबन का कैसे आधार बनी। यह महज एक उदाहरण है। सोशल मीडिया पर इस तरह की योजनाओं को वायरल करने से बड़ी संख्या में लोगों के जीवन में परिवर्तन आ सकता है।

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुस्लिम आबादी 19 से 20 फीसदी होगी जबकि योजनाओं में मुस्लिम लाभार्थियों की संख्या 35 फ़ीसदी थी, जो यह दर्शाता है कि सरकार बिना किसी भेदभाव के सबको विकास से जोड़ रही है।

# पर्यटन को लेकर सरकारी स्कूलों को मिलेगी दस हजार आर्थिक सहायता: जयवीर सिंह

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक जनपद में सरकारी इण्टरमीडिएट स्कूलों, राजकीय डिग्री कालेज, नवोदय विद्यालय, केन्द्रीय स्कूल, श्रमिक स्कूल अटल तथा कस्तूरबा गांधी विद्यालय आदि में पर्यटन संबंधी गतिविधियों के संचालन के लिए 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। एक मण्डल में एक वर्ष में अधिकतम 10 ऐसे क्लबों को संबंधित जनपद के जिलाधिकारी के संस्तुति पर यह धनराशि प्रदान की जायेगी। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि नई पर्यटन नीति 2022 में युवाओं को पर्यटन से जोड़ने तथा उनके माध्यम से पर्यटन गतिविधियॉ संचालित करने के लिए यह रणनीति बनाई गयी है। उन्होंने बताया कि किसी शैक्षणिक संस्थान को वर्ष में एक बार ही आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी।

मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में युवा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नेहरू युवा केन्द्र संगठन, राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, भारत स्काउट्स एण्ड गाइडस, युवक मंगल दल तथा महिला मंगल दल आदि संस्थाओं के सदस्यों के माध्यम से युवा पर्यटन क्लबों को गठित कर युवा पर्यटन गतिविधियों को संचालित किया जायेगा।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि युवा पर्यटन क्लबों को उत्तरदायी पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए चिन्हित किया गया है। जिसके तहत बच्चों एवं युवाओं में शुरू से ही पर्यटन और संस्कृति की समझ विकसित करने की योजना बनाई गयी है। इस पहल से पर्यटन के माध्यम से युवाओं में प्रदेश की सांस्कृतिक विविधिता की समझ विकसित कर भारतीय संस्कृति और विरासत को जानने के प्रति जागरूक किया जायेगा। युवा क्लब विभिन्न जनपदों के शैक्षणिक संस्थानों में यात्रा और पर्यटन के महत्व को भी आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।

# किसानों के हितों के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही सरकार: मुख्यमंत्री

● सीएम योगी ने पुण्यतिथ पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को किया नमन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश के महान नेता, पूर्व प्रधानमंत्री व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी चरण सिंह का पूरा जीवन भारत के मूल्यों व आदर्शों की स्थापना के साथ ही जमीनी धरातल से जुड़े किसानों और श्रमिकों के कल्याण के लिए समर्पित था। चौधरी साहब का स्पष्ट कहना था कि देश के विकास का रास्ता गांव की पगडंडी से होकर जाता है। अन्नदाता किसान गांव का विकास व समृद्धि का आधार है। किसान सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय होना चाहिए।

सीएम योगी ने सोमवार को विधान भवन प्रांगण में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा व चित्र पर पुष्पार्चन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से आज प्रदेश में डबल इंजन की सरकार किसानों के हितों के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का सर्वाधिक लाभ देश में यूपी के किसानों को प्राप्त हो रहा है। फसल ऋण माफी व एमएसपी का लाभ भी अन्नदाता किसानों को प्रदेश के अंदर देने का कार्य हो रहा है। अब तक दो लाख 12 हजार करोड़ से अधिक गन्ना मूल्य का भुगतान किसानों को हो चुका है। सीएम ने कहा कि चौधरी साहब की कर्मभूमि छपरौली की चीनी मिल का नवीनीकरण व पुनरोद्धार भी डबल इंजन की सरकार ने ही किया। उनके सपनों को साकार करने के लिए डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

# रिश्वतखोरी के आरोप में चिकित्साधिकारी निलम्बित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रिश्वतखोरी** के आरोप में जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी गोण्डा डा उर्मिला देवी को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। उनके ऊपर श्याम नारायण सिंह फार्मासिस्ट राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय, बेलसर गोण्डा संबद्ध जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी कार्यालय, गोण्डा के माध्यम से रिश्वत लिए जाने एवं एक स्टोर लाइसेंस निर्गत करने हेतु रिश्वत की मांग किये जाने की प्राप्त शिकायत एवं इस संबंध में उपलब्ध आडियो रिकार्डिंग आदि शिकायतों के आरोप लगे हैं। उपलब्ध करायी गयी आख्या के दृष्टिगत उक्त आरोपों में प्रथम दृष्टया दोषी पायी गयी हैं। उनके ऊपर अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित करते हुए उन पर आरोपों की जांच हेतु मुख्य विकास अधिकारी गोण्डा को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस सम्बंध में प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है।

# यूपी विधानसभा ने राष्ट्रीय ई विधान परियोजना में की सर्वश्रेष्ठ प्रगति

● विधानसभा के अधिकारियों ने सतीश महाना को भेंट किया भारत सरकार से मिला प्रशस्ति पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारत** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत देश की सभी विधानसभाओं को पेपरलेस किए जाने के अभियान के तहत गत 24 एवं 25 मई को नई दिल्ली में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के उपरांत उत्तर प्रदेश की प्रगति, ई-विधान परियोजना, नेवा प्रणाली के संचालन तथा उसके प्रदर्शन के स्तर को देखते हुए भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा उत्तर प्रदेश विधानसभा को इस आशय का एक प्रमाण पत्र/प्रशस्ति पत्र दिया गया जिसे आज विधानसभा के अधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को भेंट किया। भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश विधानसभा की तरफ से नेवा प्रणाली को त्वरित रूप से लागू किए जाने की प्रशंसा करते हुए उत्तर प्रदेश के कार्य को सराहा है।

ई-विधान परियोजना का उद्देश्य देश की सभी विधायिकाओं को पेपरलेस किए जाने के साथ ही उन्हे एक प्लेटफार्म पर लाने का है। पूरे देश में उत्तर प्रदेश की विधानसभा ने राष्ट्रीय ई विधान परियोजना में सर्वश्रेष्ठ प्रगति की है। उत्तर प्रदेश विधानसभा में राष्ट्रीय ई विधान की पहले एवं दूसरे चरण की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है जबकि तीसरे चरण की कार्यवाही सम्पादित की जा रही है। पहले एंव दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश की विधानसभा में जो सूचनाएं शासन से अथवा विधायकों के माध्यम से सदन में आती हैं उन्हें ऑनलाइन किया जा रहा है। सदन में जो भी कार्यवाही सदन के पटल पर रखी जाती है, उनको भी ई बुक पर आनलाइन संचालित किया जा रहा है। इसके अगले चरण में उत्तर प्रदेश विधानसभा तथा विभिन्न सदस्यों को उनके संसदीय क्षेत्रों से जोड़ने की कार्यवाही, मीडिया के परस्पर समन्वय तथा शासन से जो विधेयक आदि सदन में आते हैं, उनकी कार्यवाही को ऑनलाइन किया जाना प्रस्तावित है। तीसरे चरण की कार्यवाही भी उत्तर प्रदेश विधानसभा में 70 प्रतिशत पूर्ण की जा चुकी है। इस प्रकार उत्तर प्रदेश विधानसभा द्वारा ई विधान की परियोजना का सर्वश्रेष्ठ संचालन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश देश के सभी अग्रणी राज्यों की श्रेणी में शामिल हुआ है। नई दिल्ली में आयोजित कार्यशाला में देश की सभी विधानसभाओं एवं विधानपरिषदों के प्रमुख सचिव एवं अन्य अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया। इस कार्यशाला को भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री प्रहलाद जोशी द्वारा सम्बोधित किया गया। साथ ही इसमें सभी विधानसभाओं द्वारा ई विधान की परियोजना में हुई प्रगति की समीक्षा की गयी। उत्तर प्रदेश विधानसभा की तरफ से विधानसभा के प्रमुख सचिव एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों की एक टीम ने भाग लिया।

# अब पच्चीस फीसदी भुगतान कर बिजली कनेक्शन फिर से जुड़वा सकेंगे उपभोक्ता

● बिल बकाए के चलते कनेक्शन के अस्थाई रूप से कट जाने से परेशान उपभोक्ताओं को प्रबंधन ने दी बड़ी राहत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बिजली** बिल बकाये के कारण कनेक्शन के अस्थाई रूप से कट जाने से परेशान उपभोक्ताओं को प्रबंधन ने बड़ी राहत दी है। ऐसे उपभोक्ता कुल बकाया राशि का 25 फीसदी जमा कर अपना बिजली कनेक्शन फिर से जुड़वा सकते हैं। शेष धनराशि धीरे-धीरे किश्तों में देने की सुविधा इन्हें दी जाएगी। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के चेयरमैन एम. देवराज ने सोमवार को विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजली बिल भुगतान की पार्ट पेमेंट सुविधा का लाभ उपभोक्ताओं को उनकी सुविधा के मुताबिक दी जाए। चेयरमैन ने कहा है कि मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री की मंशा के मुताबिक विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं देने के लिए कारपोरेशन प्रतिबद्ध है। बिजली उपभोक्ता पार्ट पेमेंट का लाभ ऑनलाइन और ऑफ लाइन दोनों तरह से ले सकते हैं। उपभोक्ता घर बैठे इसका लाभ ऑनलाइन ले सकते हैं। चेयरमैन ने बताया है कि विभागीय कैश काउंटरों पर भी ऑनलाइन माध्यमों से बिजली बिलों के आंशिक भुगतान की सुविधा दी गई है। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए किसी की अनुमति लेने की जरूरत नहीं है। आंशिक भुगतान न्यूनतम 100 रुपये तक जमा किया जा सकता है। माह में एक बार से अधिक भी आंशिक भुगतान किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि इस सुविधा को देने में आनाकानी न की जाए। जिससे उपभोक्ता इस सुविधा का लाभ लेकर न्यूनतम 25 प्रतिशत जमा करके अपना कटा हुआ कनेक्शन जुड़वा सके और धीरे-धीरे किश्तों में अपना पुराना बकाया जमा कर सके। इस सुविधा के लाभ के लिए किसी प्रकार की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने विद्युत अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस सुविधा का प्रचार-प्रसार भी किया जाए जिससे उपभोक्ता इस सुविधा से अवगत हो सकें। उन्होंने बताया है कि उपभोक्ताओं को यह सुविधा इसलिए दी गयी है जिससे वे अपनी क्षमता और सुविधानुसार अपना बिल जमा करके विद्युत विच्छेदन आदि से बचे रहें।

# जन समस्याओं का त्वरित गति से किया जाए निदान: केशव

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने 7 कालीदास मार्ग स्थित कैम्प कार्यालय पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक.-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद एदुर्घटनाओं से संबंधित अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विजली, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। जनता दर्शन मे 2 दर्जन से अधिक ज़िलों से कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के सम्बंधित उच्चाधिकारियो से दूरभाष पर वार्ता भी की।

# निर्माणाधीन बाढ़ परियोजनाओं को निर्धारित समय पर पूरा करें: स्वतंत्र देव सिंह

**लखनऊ।** जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सोमवार को उदयगंज स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के सभागार में बाढ़ पूर्व तैयारियों एवं प्रदेश में संचालित बाढ़ परियोजनाओं के सम्बंध में समीक्षा बैठक कर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। बाढ़ से बचाव हेतु समस्त तैयारियाँ प्रत्येक दशा में 15 जून तक पूर्ण कर लें। परिश्रम की पराकाष्ठा पर जाकर कार्य करें। सभी निर्माणाधीन बाढ़ परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करा लें। जलशक्ति मंत्री ने बैठक में बाढ़ पूर्व तैयारियों के विभिन्न बिंदुओं जनपदों में स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक, बाढ़ नियंत्रण कक्ष, बेतार केंद्र, तटबंधों के मरम्मत कार्य, अतिसंवेदनशील, संवेदनशील स्थलों का चिन्हीकरण एवं सम्भावित बाढ़ परियोजनाओं को मानसून पूर्व पूर्ण किए जाने एवं कार्यस्थलों पर कैमरों की क्रियाशीलता पर गहन समीक्षा की। जल शक्ति मंत्री ने निर्देशित करते हुए



कहा कि निर्माणाधीन परियोजनाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निर्माणाधीन परियोजनाओं को गुणवत्ता और समय सीमा का विशेष ध्यान रखते हुए पूर्ण कराएँ। जल शक्ति मंत्री ने बैठक के दौरान यह भी कहा कि बाढ़ से बचाव हेतु बाढ़ की दृष्टि से अतिसंवेदनशील तथा संवेदनशील जनपदों का विशेष ध्यान दें तथा निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय से पूरा करने तथा बाढ़ से पूर्व की तैयारियों के सम्बंध में नियमित रूप से साप्ताहिक बैठक आयोजित करें। बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील जनपदों में किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर जवाबदेही तय करते हुए सम्बंधित के ख़िलाफ़ कर्रवाई की जाएगी। जल शक्ति मंत्री ने निर्देश दिया कि ड्रेजिंग एवं चैनलाइज़ेशन के कार्य समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। ड्रेनों की सफाई के कार्य भी समय से पूर्ण करा लें। प्रदेश में कुल 10727 ड्रेनें हैं जिनकी कुल लम्बाई 60047 किमी है। बैठक में प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जलसंसाधन विभाग अनिल गर्ग ने मंत्री जी को आश्वस्त किया कि आपके द्वारा दिये गये निर्देशो को अच्छरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा।

# भाजपा सरकार में बेटियां सबसे ज्यादा असुरक्षित: कांग्रेस

● भाजपा का बेटी बचाओ-बेटी पढाओ को नारा पूरी तरह खोखला: कृष्णकांत पांडेय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस पार्टी** ने कहा है कि अपराध पर जीरो टॉलरेन्स का दावा करने वाली योगी आदित्यनाथ सरकार जहां बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं का नारा देती है। वहीं प्रदेश में सबसे ज्यादा बेटियों के साथ ही हत्या, बलात्कार, सामूहिक बलात्कार, छेड़छाड़ जैसी जघन्य घटनाओं की बाढ़ आ गई है। भाजपा का बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा खोखला साबित हो रहा है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णकांत पांडेय ने कहा कि कुछ दिन पूर्व धर्म नगरी अयोध्या में जिस प्रकार सनबीम स्कूल की छात्रा के साथ हुई रेप और हत्या की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया। वहीं पीलीभीत में दलित परिवार की 11 वर्ष की बेटी के साथ गैंगरेप हुआ और पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न किये जाने के कारण उसके पिता ने आत्महत्या कर ली। इतना ही नहीं लखनऊ के एक स्कूल में कक्षा 4 की छात्रा के साथ बलात्कार की घटनाए जनपद सुल्तानपुर के कुड़वार थाना क्षेत्र की दुष्कर्म पीड़िता को न्याय न मिलने पर आत्महत्या को विवश होना यह घटनायें योगी सरकार के बड़ बोलेपन की पोल खोलती हैं। पांडेय ने कहा कि जिन बेटियों ने हमारे देश का नाम विश्व में रोशन किया आज उन्हीं बेटियों के साथ बर्बरतापूर्ण व्यवहार भाजपा सरकार कर रही है। अन्तरराष्ट्रीय पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाने वाली बेटियां तब हिरासत में ली जा रही थी जब प्रधानमंत्री नए संसद भवन के उद्घाटन में लोकतंत्र को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कर रहे थे। एक तरफ यह शर्मनाक घटना हो रही थी और मात्र कुछ ही दूरी पर भाजपा जश्न मना रही थी। यह भारतीय जनता पार्टी की बेटियों, महिलाओं के खिलाफ मानसिकता को दर्शाता है। यही भाजपा सरकार का असली चेहरा उजागर करता है तथा महिलाओं के प्रति कुत्सित मानसिकता को दर्शाता है।

# थानों व पुलिस आफिस में पेपर लेस मोड में काम के लिए बनेगा पोर्टल: डीजीपी

● पुलिस महानिदेशक की अध्यक्षता में हुई सीसीटीएनएस स्टेट इम्पावर्ड कमेटी की गोष्ठी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**डीजीपी** आरके विश्वकर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को सीसीटीएनएस की स्टेट इम्पावर्ड कमेटी की गोष्ठी हुई। जिनमें मुख्यालय में नियुक्त सभी पुलिस महानिदेशक एवं अपर पुलिस महानिदेशक स्तर के पुलिस अधिकारियों, एनआईसी लखनऊ एवं सूचना प्रौद्योगिकी के प्रतिनिधियों द्वारा हिस्सा लिया गया तथा एनसीआरबी नई दिल्ली से संयुक्त सहायक निदेशक (राज्य) पवन भारद्वाज द्वारा विडियो कान्फ्रें सिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया गया। बैठक में मोहित अग्रवाल, अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएं, द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य में सीसीटीएनएस के अन्तर्गत किए गए विशेष कार्यों पर प्रस्तुतीकरण किया गया। उनके द्वारा बताया गया कि वर्तमान में सीसीटीएनएस इम्लीमेंटेशन में उत्तर प्रदेश, देश में अग्रणी है एवं एनएएफआईएस में फिंगर प्रिंट की फीडिंग में भी उप्र प्रथम स्थान पर बना हुआ है। डीजी द्वारा तकनीकी सेवाएं मुख्यालय के उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाने की घोषणा की गयी। तकनीकी सेवाएं द्वारा अवगत कराया गया कि तकनीकी सेवाएं एक ऐसी व्यवस्था लागू करने जा रहा है कि वादी यदि विवेचना से संतुष्ट नही है तो वह अपने प्रार्थनापत्र को (विवेचना की कमियों को इंगित करते हुए) यूपीकॉप एप के माध्यम से मोबाइल फोन से अपलोड कर सकता है। उसका यह प्रार्थनापत्र सीधे सीसीटीएनएस पोर्टल पर विवेचक सुपरवाइजरी आफीसर के पास पहुंच जाएगा। वादी प्रार्थनापत्र निस्तारण के बिना विवेचक विवेचना को समाप्त नहीं कर सकेगा। निस्तारण की गुणवत्ता की समीक्षा पर्यवेक्षणीय अधिकारी द्वारा की जाएगी। इस प्रकार अपनी बात को विवेचक एवं पर्यवेक्षणीय अधिकारी तक पहुचाने के लिए बादी को आफिस/ थाने के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इसके साथ ही विवेचना की प्रगति से भी वादी को समय-समय एसएमएस के माध्यम से अवगत कराया जाएगा। डीजीपी द्वारा निर्देशित किया गया कि थानों व जिलों से विभिन्न प्रकार की रिपोर्ट मुख्यालय को आती है, इस तरह का पोर्टल विकसित किया जाय ताकि समस्त सूचनाएं पोर्टल पर जनपद व थाने फीड कर दें व मुख्यालय को संकलित रिपोर्ट प्राप्त हो जाए। इस प्रकार थाने व पुलिस आफिस पेपरलेस मोड में कार्य करें। पुलिस कर्मियों की भी विभिन्न प्रकार की समस्या रहती है जैसे जीपीएफ लोन, ट्रांसफर, मेडिकल रिम्बर्समेंट्स, चरित्र पंजिका में संशोधन, ईएल इत्यादि। पुलिस कर्मियों के लिए भी इस प्रकार की आनलाइन व्यवस्था आरम्भ की जाए कि पुलिस कर्मी मोबाइल के माध्यम से ही अपनी समस्या अपलोड कर दें जो सम्बन्धित अधिकारी तक पहुंच जाए व उसके निस्तारण का विवरण भी सम्बन्धित कर्मी के मोबाइल पर प्राप्त हो जाए। इस प्रकार पुलिस कर्मियों को सम्बन्धित कार्यालय/ अधिकारियों के चक्कर न लगाने पड़े । अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें द्वारा बताया गया कि अतिशीघ्र इस प्रकार की व्यवस्था लागू कर दी जाएगी। डीजीपी द्वारा थाने पर प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा करने के लिए भी एक एप बनाने को निर्देशित किया गया, ताकि थाने पर पहुंचने वाले शिकायतकर्ताओं के प्रार्थना पत्रों पर हुई कार्यवाही की समीक्षा उच्चाधिकारी कर सकें व प्रार्थना पत्र थानों पर बिना कार्यवाही/ निस्तारण के लम्बित न रहें। डीआईजी लोक शिकायत को इस कार्य के लिए नोडल आफीसर नियुक्त किया गया है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैने अपनी पुत्री का नाम अनम से बदल कर अनम राना कर दिया है भविष्य में उसे इसी नाम से जाना जाए। अकील अहमद राना निवासी 15/6बी सिविल लाइंस, कानपुर

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी का नाम कुछ दस्तावेजों में Nimisha Tiwari दर्ज हो गया है जबकि मेरा सही नाम Nimesha Upmanyu है। Nimesha Upmanyu 4/33 B, वैभव खण्ड गोमतीनगर, लखनऊ

**सूचना**

मैंने अपना नाम वसीमउद्दीन अब्दुल कय्यूम से बदलकर वसीमउद्दीन पुत्र अब्दुल कय्यूम निवासी जुगुनीडीह, शाहं जी का पुरा सिकंदरा इलाहाबाद कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये।

**सूचना**

मैंने अपना नाम मो फैयाज आलम से बदल कर मो. फैय्याज आलम पुत्र मोहम्मद कमालुद्दीन रख लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचान जाए, निवास – 96/15, यतीमखाना, कर्नलगंज, कानपुर नगर–208001

**सूचना**

मैंने अपना नाम मोहम्मद शोएब अंसारी से मोहम्मद शोएब पुत्र नूर मोहम्मद रख लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचान जाए, निवास – 89/291, गुरबत उल्लाह पार्क, डिप्टी पड़ाव, कानपुर नगर–208001

**सूचना**

मैंने अपना नाम वलीद से बदल कर वलीद राना कर लिया है भविष्य में मुझे वलीद राना के नाम से जाना जाए। वलीद राना पुत्र अकील अहमद राना निवासी 15/6बी सिविल लाइंस, कानपुर

**सूचना**

मैंने अपना नाम रोहित कुमार तिवारी से बदलकर रोहित तिवारी पुत्र विनोद तिवारी निवासी 722 'C' ब्लाक श्यामनगर कानपुर उ0प्र0 208013 कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना/पहचाना जाये।

**सूचना**

हवलदार लालचंद सिंह यादव ग्राम हरसरपुर पोस्ट चौबेपुर तहसील गाजीपुर जिला गाजीपुर (यूपी) पिन. 233226. मेरे बेटे का नाम रितिक यादव गलत दर्ज है सही नाम रितिक सिंह यादव है। जिसका एफिडेविट गाजीपुर दीवानी कचहरी में 29.05. 2023 को नोटरीयन अखिलेश कुमार सिंह गाजीपुर (यूपी) के यहां बना।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# सड़क की खुदाई, कटिंग करने वाले विभागों पर लगेगा जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मंडलायुक्त** द्वारा लाटूश रोड, शिवजी मार्ग, शाहनजफ रोड पर चल रहे निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता और ड्रेनेज, डक्ट, बिजली के पोलों को हटाने के कार्य का जायजा लिया गया। मंडलायुक्त द्वारा सड़क निर्माण के बाद अगर सड़क की खुदाई व कटिंग की जाती है तो संबंधित विभाग पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिया गया। यही नहीं मंडलायुक्त द्वारा ऑफिस में अनावश्यक रूप से ना बैठकर, धरातल पर उतर कर संबंधित अधिकारी अपने-अपने निर्माणाधीन कार्य गुणवत्ता पूर्वक कराया जानने के निर्देश भी दिए गए।

सोमवार को मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने आज लाटूश रोडए शिवजी मार्ग, शाहनजफ रोड पर ड्रेनेज, डक्ट, सड़कों के मरम्मत के कार्य व बिजली के पोल को सड़को से हटाने आदि कार्यो का जायजा लिया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान उपस्थित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों के शेष बचे निर्माण कार्य को वर्षा से पूर्व कंप्लीट करा लिया जाए। जिन दुकानों के बेसमेंट में पानी का रिसाव होकर बेसमेंट में एकत्रित हो रहा है। समस्या के समाधान के लिए जल निगम, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम संयुक्त रूप से सर्वे कराते हुए तत्काल समस्या से निजात दिलाए। उन्होंने कहा कि आगामी सोमवार को पुन: समस्त सड़कों का निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि लाटूश रोड, शिवाजी मार्ग पर दुकानों के सामने कूड़े दान ना होने पर मंडलायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियो को कूड़े दान लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि दुकानों के सामने कूड़ेदान लगे होने के बावजूद अगर इधर.उधर कूड़ा फेंका जाता है तो संबंधित दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मंडलायुक्त ने लाटूश रोड पर समस्त बिजली के पोलो को अभी तक शिफ्ट ना किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि तत्काल शेष विद्युत के पोलो को शिफ्ट करा दिया जाये। संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि लाटूश रोड पर 40 पोलो में से 30 पोलो को हटा दिया गया है इसके साथ ही शिवाजी मार्ग पर 35 पोलो में से 26 पोलो को हटा दिया गया है। शेष पोलो को 3 दिन के अंदर शिफ्ट कर दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि यूटिलिटी के नाम पर जो भी कार्य किये जाने है। सड़क निर्माण से पूर्व उसको तत्काल कराले अन्यथा सड़क निर्माण के बाद अगर सड़क की खुदाई व कटिंग की जाती है तो संबंधित विभाग पर जुर्माना लगेगा।



### सड़क धंसने, पानी लीकेज होने पर जिम्मेदारों पर होगी कार्रवाई

शाहजनफरोड के निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियो को निर्देश दिये कि चेंबर के निर्माणाधीन कार्य में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि ऑफिस के कमरे में बैठकर कार्य न करे, सड़क पर उतर कर संबंधित अधिकारी कार्य संपादित कराये। उन्होंने कहा कि शहर आपका है उसके तहत समस्त निर्माणाधीन कार्य गंभीरता पूर्वक कराया जाए। उसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। अगर सड़क कहीं धसती है और पानी लीकेज की समस्या आती है तो नगर निगम के संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# महापौर ने नालों का किया निरीक्षण सफाई से नहीं दिखी संतुष्ट

● दिया, पाटा नाला सहित 19 नालों की सफाई दोबारा कराने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**शहर** के विभिन्न इलाकों के नालों की सफाई का महापौर द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चौक काली जी बाजार वार्ड के नालों की सफाई पर महापौर संतुष्ट नही दिखीं। नाली में पानी की निकासी सही न हो पाने पर महापौर द्वारा अधिकारी को नाले के प्रवाह में गति लाने के लिए दोबारा नाले की सफाई का निर्देश दिया गया। सफाई से नाराज महापौर द्वारा पाटा नाला सहित सभी 19 नालों की तलीझार सफाई कराने के निर्देश दिए गए। सोमवार को ठाकुरगंज इलाके के नालों की सफाई का महापौर सुषमा खर्कवाल ने दौरा कर सफाई का जायजा लिया। काली जी वार्ड के नालों की सफाई के बाद भी पानी का प्रवाह रुका हुआ था, जिसे महापौर ने दोबारा सफाई कराने के निर्देश दिए। इसके साथ पाटा नाले की सफाई से महापौर संतुष्ट नहीं दिखी, जिसे अधिकारी को दोबारा साफ कराने के निर्देश दिए। इसके बाद महापौर टण्डन का फौव्वारा के पास अकबरी गेट ढ़ाल स्थित इरफानिया मदरसा के पास सरकटा नाले के निरीक्षण किया, जहां सफाई कर्मचारी कार्य करते हुए पाये गये। लेकिन फुल ड्रेस में कर्मियों के न होने पर महापौर ने सफाई श्रमिकों को कार्य के दौरान गम बूट, ग्लव्स एवं हेलमेट आदि सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए। काली जी बाजार में देहला कुआँ स्थित कवर्ड नाले को खुलवाकर सफाई कार्य के निरीक्षण में नाले की सफाई का कार्य संतोषजनक न पाये जाने पर संबंधित को नाले की सफाई पुन: कराए जाने के निर्देश दिए। लाजपत नगर स्थित नगर निगम जोन.6 कार्यालय के पीछे गली की समुचित साफसफाई व नाला सफाई कराये जाने के निर्देश दिये। वहीं जोन के 19 नालों के कार्य पूर्ण होने की सूची में सभी नालों की सफाई का कार्य संतोषजनक न पाये जाने पर दोबरा सभी नालों की तलीझाड़ सफाई कराने के निर्देश दिए।

## मकान का ताला तोड़कर जेवरात समेत नकदी चोरी

**लखनऊ।** राजधानी में पुलिस की लाख कोशिशों के बावजूद चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। आये दिन यह शातिर चोर किसी न किसी मकान दुकान या वाहन पर अपना हाथ साफ कर रहे हैं। ताजा मामला गोमतीनगर विस्तार इलाके का है जहां पर चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर जेवरात व नकदी पर हाथ साफ कर दिया और फरार हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने आनन फानन में जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की कारवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार छोटा भरवारा गोमतीनगर विस्तार निवासी श्रीकांत श्रीवास्तव ने बताया कि वह अपने किसी निजी काम से सपरिवार बाहर गये थे जब वहां से लौटकर आये तो देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ है और मकान में रखे कीमती सोने चांदी के जेवरात व 35 हजार रुपये की नकदी व सीसीटीवी का डीवीआर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। इस सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच के बाद चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# कोविड काल मे शिथिल पड़ी एचआईवी टीबी समन्वय बैठक को सक्रिय करें: डॉ हीरालाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एचआईवी** संक्रमित लोगों में क्षय रोग होने का खतरा अधिक रहता है। लिहाजा देश को सन् 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के लिए एचआईवी और टीबी विभाग में बेहतर समन्वय जरूरी है। यह बात उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के अपर परियोजना निदेशक डॉ हीरा लाल ने सोमवार को अंतर विभागीय बैठक में कही। सोसाइटी द्वारा कार्यरत टेक्निकल सपोर्ट यूनिट, राज्य क्षय रोग अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों और स्टेट टीबी प्रोग्राम के साथ वह बैठक कर रहे थे। डॉ हीरालाल ने टीबीटीएसयू प्रतिनिधियों और सेतु टीम सदस्यों को आपसी समन्वय बढ़ाने तथा मिलकर काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने दोनों टीमों को अगली बैठक मे विस्तृत प्रस्तुतीकरण करने को भी कहा। साथ ही कहा कि राज्य स्तर पर अतिशीघ्र दोनों कार्यक्रम से जुड़े सभी पार्टनर एजेंसी की बैठक भी कराई जाए। जनपदीय स्तर पर डीटीओ, एचआईवी एड्स कार्यक्रम के नोडल अधिकारी हैं, किंतु कहीं न कहीं एचआईवी और टीबी कार्यक्रम में आपसी समन्वय की कमी दिखती है, जो कई जिलों में किए गए दौरों में दिखी भी है। इसलिए जनपदीय स्तर पर मासिक रूप से कराई जाने वाली एचआईवी टीबी समन्वय बैठक जो की कोविड काल मे शिथिल पड़ गई थी उन्हे फिर से सभी जिलों मे कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। दोनों टेक्निकल सपोर्ट यूनिट के फील्ड अफसर जनपदों में लगातार मॉनिटरिंग करें और बेहतर काम को बढावा दें। उन्होंने सभी से सुझाव भी मांगे। डॉ हीरा लाल ने कहा कि प्रक्रिया की जगह परिणाम पर केंद्रित दृष्टीकोण से काम किए जाने की आवश्यकता है, तभी राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। बैठक मे मुख्य रूप से डॉ गीता अग्रवाल, सुनील मिश्र, नरेंद्र सिंह, अभिषेक सिंह, अनुज दीक्षित, भरत शेट्टी, शैलेन्द्र उपाध्याय, विनय सिंह, हिमांशु उपस्थित थे।



# महर्षि विश्वविद्यालय के छात्रों ने देखा एकेटीयू का लैब

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ एपीजे** अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि में मौजूद विश्वस्तरीय लैब को देखने सोमवार को महर्षि विवि के कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीरियरिंग के छात्रों का एक दल विवि स्थित सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज पहुंचा। यहां छात्रों ने इनोवेशन हब, उत्तर प्रदेश और एकेटीयू के इनक्यूबेशन सेंटर और एआईसीटीई.आइडिया लैब का दौरा किया। छात्रों को स्टार्टअप नीति के तहत स्टार्टअप्स को वित्तीय और गैर.वित्तीय प्रोत्साहन के बारे में भी जानकारी दी गई। इस मौके पर एसो डीन इनोवेशन एंड इन्क्युबेशन डॉ अनुज शर्मा ने छात्रों को प्रयोगशालाओं और उनके कार्यप्रणाली की जानकारी दी। बताया कि आइडिया लैब इनोवेटर्स और आरएंडडी प्रदर्शन करने वाले स्टार्टअप्स और छात्रों के लिए एक बेहतरीन मंच होगा, यह स्थानीय उद्योगों और एसएमई के लिए भी उपलब्ध होगा। छात्रों को स्टार्टअप नीति के तहत स्टार्टअप्स को वित्तीय और गैर.वित्तीय प्रोत्साहन के बारे में भी जानकारी दी गई। डॉ. शर्मा ने स्टार्टअप इकोसिस्टम पहल के बारे में विस्तार से बताया, जो इनोवेशन हब फैकल्टी, स्टाफ, रिसर्च स्कॉलर्स, उत्तर प्रदेश के छात्रों और आसपास के स्टार्टअप्स के बीच इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने के लिए ले रहा है।

उन्होंने छात्रों और फैकल्टी को विभिन्न सुविधाओं और समर्थन के बारे में बताया, जो एकेटीयू के इनोवेशन हब और इनक्यूबेशन सेंटर को कलाम सेंटर के रूप में जाना जाता है। इनोवेशन हब के हेड महीप सिंह ने छात्रों को उद्यमिता और नवाचार के लिए सरकार की ओर से चलायी जा रही योजनाओं सहायता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भारत को उद्योग और समाज के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए नए तकनीकी और इंजीनियरिंग उत्पादों के विकास और निर्माण के लिए रचनात्मक सोच वाले युवा स्नातकों की आवश्यकता है। छात्रों को सरकार की उम्मीदों के अनुरूप ढालने के लिए शिक्षण संस्थान धीरे.धीरे नवाचार के क्षेत्र में काम कर रहे हैं और इस प्रकार राज्य के प्रत्येक जिले में ऊष्मायन केंद्र खुल रहे हैं। समन्वयक एआईसीटीई आइडिया लैब डॉ राबेश सिंह ने छात्रों को प्रौद्योगिकी के हर क्षेत्र जैसे इंटरनेट ऑफ थिंग्स, बिग डेटा विश्लेषण, रोबोटिक्स और साइबर सुरक्षा आदि की जानकारी भी दी। साथ ही फैब्रिकेशन लैब का भी अवलोकन कराया। इस अवसर पर रितेश सक्सेना, वंदना शर्मा महर्षि विश्वविद्यालय की डॉ श्वेता सिंह एवं पवन चौधरी भी उपस्थित रहे।



### बी फार्मा का परीक्षा परिणाम घोषित

डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि में नए कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडेय के आने का असर दिखने लगा है। इसी क्रम में सत्र 2022 23 के विषम सेमेस्टर परीक्षा के बी फार्मा पाठ्यक्रम के चतुर्थ वर्ष के सप्तम सेमेस्टर के रेगुलर छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। छात्र.छात्राएं अपना परीक्षा परिणाम विवि की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

## सब्जी विक्रेता समेत दो लोगों ने फांसी लगाकर दी जान

● मड़ियांव व बंथरा इलाके में हुई फांसी की घटनाएं

**लखनऊ।** राजधानी के बंथरा इलाके में जहां एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। वहीं मड़ियांव इलाके में सब्जी विक्रेता का शव खाली प्लाट स्थित एक पेड़ से लटका हुआ मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम रामचौरा थाना बंथरा निवासी बबलू कुमार ने बताया कि उसके चचेरे भाई विजय कुमार 32 ने कमरे में लगे पंखे से रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। इस सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव नीचे उतरवाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक शराब का आदी था और शराब पीकर आता तो घर में सबसे लड़ाई झगड़ा भी करता था। मृतक के एक पुत्री है। उधर मछरेहटा जनपद सीतापुर निवासी इमरान सिद्दीकी जो शक्ति नगर दाउदनगर फैजुल्लागंज मड़ियांव में रहते हैं। उन्होंने स्थानीय पुलिस को सूचना देकर बताया कि उसके पिता सलीम उर्फ रईस 42 का कालोनी के बाहर खाली पड़े प्लाट में कोटम्बूर के पेड़ से रस्सी के फंदे से लटके हुए हैं। इस सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव नीचे उतरवाया और बताया कि मृतक सब्जी विक्रेता है और साथ ही पंचर की दुकान भी चलाता है सुबह सब्जी लेने की बात कह कर घर से निकला था।

# जिले स्तर पर यूपी बोर्ड के छात्रों का होगा समाधान

● 12 जून से 30 जून तक लगाये जायेंगे जनपद स्तरीय कैंप, 40 हजार समस्याओं का होगा निस्तारण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**माध्यमिक** शिक्षा परिषद के छात्रों को अपनी समस्याओं के निस्तारण अब परिषद या निदेशालय के चक्कर नहीं लगाने होंगे। छात्रों की समस्याओं का समाधान अब जिले स्तर पर ही हो सकेगा। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद की तजरफ से 12 जून से सभी जिलों में कैंप लगाये जायेंगे। कैंप के माध्यम से 30 जून तक छात्र नाम, माता पिता के नाम, जन्मतिथि आदि त्रुटियों के निस्तारण समय से करा सकेंगे। वहीं वांछित प्रपत्रों, अभिलेखों का भी समाधान हो सकेगा।

माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव दिब्यकांत शुक्ला के मुताबिक वर्तमान में सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में इस प्रकार कुल लगभग 40 हजार से अधिक प्रकरण अवशेष हैं, जिनका निस्तारण किया जाना है। ऐसे में छात्रों की समस्या के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से छात्र हित में पहली बार अभिनव प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश की और से परिषद के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों के अपर सचिव समस्त जिला विद्यालय निरीक्षकों एवं समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये गये है। जनपद स्तर पर लगाये जाने वाले कैम्प की तिथियों का निर्धारण परिषद के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा विज्ञप्तियों के माध्यम किया जायेगा। इस अभिनव प्रयास से एक ओर जहां छात्र.छात्राओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण होगा वहीं दूसरी ओर उन्हें इसके लिये बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उनकी समस्या का निस्तारण उनके जनपद में ही हो जायेगा।

### क्षेत्रीय कार्यालयों की यह होगी जिम्मेदारी

क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर लम्बित प्रकरणों की जनपदवार, विद्यालयवार सूची तैयार करायी जायेगी और प्रकरण के निस्तारण के लिए अभिलेखों का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जायेगा। क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर जनपदवार उपसचिव, सहायक सचिव, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारियों की टीमें गठित की जायेंगी, जो जनपदों में जाकर प्रकरणों का निस्तारण करायेंगी। वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक प्रकरणों के निस्तारण के लिए तिथि, समय एवं स्थान का निर्धारण करेंगे। इसमें सभी जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अपने जिलों के सम्बन्धित विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक के साथ प्रकरणों से सम्बन्धित परीक्षार्थियों के वांछित विद्यालयीय अभिलेखों सहित जिला विद्यालय निरीक्षकों द्वारा निर्दिष्ट तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

## महापौर से कर्मचारी संघ ने मुलाकात कर दिया पूर्ण सहयोग का आश्वासन



**लखनऊ।** महापौर से उत्तर प्रदेश नगर निगम कर्मचारी संघ द्वारा शिष्टाचार भेंट की गयी। महापौर को संघ द्वारा विकास कार्य में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। साथ ही महापौर को भविष्य की मंगल शुभकामनाएं दी गयी। सोमवार को लखनऊ नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर सुषमा खर्कवाल महोदया से उत्तर प्रदेश नगर निगम कर्मचारी संघ ने शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान महापौर को लखनऊ महानगर की प्रथम नागरिक निर्वाचित होने पर बधाई दी। संगठन नगर निगम द्वारा किए जाने वाले विकास कार्यो और लखनऊ नगर निगम की छवि सुधारने के लिए किए जाने वाले प्रयत्न में पूर्ण सहयोग किए जाने का आश्वासन दिया। उत्तर प्रदेश नगर निगम कर्मचारी संघ लखनऊ की ओर से कंचन सक्सेना संरक्षक, राजेश सिंह अध्यक्ष, दीपक शर्मा उपाध्यक्ष, महामंत्री रमेश चौरसिया, मंत्री हिमांशु सावंत, राजीव राय, मंगल, सर्वेश, एस के शुक्ला, अमित शुक्ला, शीलभान एवं अन्य साथी उपस्थित रहे।

## औचक निरीक्षण में पॉलीटेक्निक चौराहा पहुंचे जेसीपी लॉ एंड ऑर्डर

**लखनऊ।** सोमवार की शाम चार बजे के करीब औचक निरीक्षक पर पहुंचे जेसीपी लॉ एंड ऑर्डर ने पॉलीटेक्निक चौराहे पर पहुंचकर ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया। वहां पर मौजूद ट्रैफिक के एसीपी व गाजीपुर एसीपी को व्यवस्था को सुधारने के लिए निर्देशित किया। जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम चार बजे के करीब पॉलीटेकिनक चौराहे पर औचक निरीक्षण में पहुंचे जेसीपी लॉ एंड ऑर्डर उपेन्द्र अग्रवाल पहुंचे। जिसके बाद चौराहे पर हड़कंप मच गया। इसी दौरान डीसीपी उत्तरी कासिम आबिदी एसीपी गाजीपुर डीके सिंह व इंस्पेक्टर गाजीपुर सुनील सिंह पहुंच गये। इस दौरान जेसीपी के साथ पूरे चौराहे का भ्रमण किया और बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान कई ई रिक्शा व डग्गामार वाहनों को रोककर कार्रवाई की गयी। करीब आधा घंटा रुके जेसीपी ने अवैध स्टैंड न चलने व किसी भी हालत में डग्गामार वाहनों के न चलने पर जोर देते हुए बताया कि अगर ऐसी शिकायत मिली तो इस कार्य में लिप्त पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की जायेगी।

### फरार तीन वारंटियों को पुलिस ने दबोचा

**लखनऊ।** राजधानी की निगोहां पुलिस ने अलग अलग मामलों में फरार चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। इंस्पेक्टर निगोहां विनोद यादव ने बताया कि डीसीपी साउथ के निर्देशन में अपराध एंव अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत उनकी पुलिस टीम ने काफी समय से फरार चल रहे तीन वारंटियों के घर दबिश देकर गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नाम निगोहां निवासी जसकरन उपरोक्त निवासी दुर्गेश पाल व उपरोक्त निवासी दिलीप बताया। पुलिस का कहना है कि यह सभी आरोपी विभिन्न मामलो में कोर्ट के वारंट होने के बावजूद हाजिर नहीं हो रहे थे।

# दस छात्राओं को मिला शोध मेधा छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ विश्वविद्यालय** के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने सोमवार को विवि के मंथन हाल में दस शोधार्थियों को सम्मानित किया। शोध मेधा छात्रवृत्ति की शुरुआत लविवि के कुलपति द्वारा वर्ष 2021 में की गई। यह अपनी स्थापना के समय से ही लड़कियों के शोधार्थियों के बीच एक प्रतिष्ठित छात्रवृत्ति बन गई है। शोधमेधा के तहत उन महिला शोध छात्रों को 5000 रुपये प्रति माह की छात्रवृत्ति दी जाती है, जिन्हें किसी अन्य स्रोत से वित्तीय सहायता या छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है। छात्रवृत्ति के लिए इस वर्ष 135 छात्रों ने आवेदन किया था, जिनकी स्क्रीनिंग के बाद 25 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया। 27 मई को आयोजित साक्षात्कार के लिए 22 उम्मीदवार भौतिक रूप से उपस्थित हुए। 10 छात्रों को उनके साक्षात्कार प्रदर्शन के आधार पर छात्रवृत्ति के लिए चुना गया। चयनित छात्राओं के नाम भौतिकी से निधि सिंह, संस्कृत से राधा यादव, सांख्यिकी से प्रज्ञा मिश्रा, अर्थशास्त्र से आकांक्षा यादव, रसायन विज्ञान से देवयानी श्रीवास्तव, उर्दू से तहसीन, गणित से शिखा रावत, संस्कृत से नेहा लोधी, अंग्रेजी से शिखा सिंह और प्रिया भौतिकी विभाग से हैं। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो पूनम टंडन ने कहा कि इस छात्रवृति का उद्देश्य आर्थिक रूप से अक्षम महिला शोधार्थियों को उनके शैक्षणिक खर्चों को पूरा करने और बिना किसी बाधा के अपने शोध को आगे बढ़ाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। यह जरूरतमंद छात्रों को उनकी वित्तीय समस्याओं को दूर करने और उनकी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने में मदद कर सकता है।



### 63 यूपी बटालियन एनसीसी द्वारा वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

63 यूपी बटालियन एनसीसी लखनऊ विश्वविद्यालय ने 20 मई से 29 मई 2023 तक सेंट जोसेफ स्कूल, रूचि खंड में संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। शिविर में सीनियर और जूनियर डिवीजनों के बालक और बालिकाये दोनों कैडेटों सहित कुल 496 कैडेटों ने भाग लिया। 10 दिवसीय शिविर के दौरान कैडेटों को एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम दिया गया, जिसमें शारीरिक प्रशिक्षण, ड्रिल, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, मैप रीडिंग शामिल थे। प्रशासनिक अधिकारी कर्नल पीपी किशोर के मार्गदर्शन में फायरिंग भी की गई।

### परिवाद निवारण समिति की अध्यक्ष बनी प्रो. मधुरिमा लाल

लखनऊ विवि की प्रोफेसर मधुरिमा लाल को आज भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रख्यापित महिला का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न, निवारण, प्रतिशोध और परितोष के अंतर्गत सृजित एवं निदेशालय महिला उत्तर प्रदेश के स्तर पर निर्मित स्थानीय परिवाद समिति में परिवाद निवारण हेतु गठित समिति के अध्यक्ष पद पर जिला अधिकारी द्वारा चयन किया गया है। इस 6 सदस्य समिति की अध्यक्षता प्रोफेसर मधुरिमा लाल करेगी तथा इस समिति के सदस्यों में साधना कोरी, मुख्य कोषाधिकारी कलेक्ट्रेट लखनऊ, मंज़री उपाध्याय अध्यक्ष जिजीविषा सोसाइटी लखनऊ, एलिना ज़ैदी परामर्शदाता एसोसिएशन फॉर एडवोकेसी एंड लीगल इनिशिएटिव, निमिशा तिवारी मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता एवं सामाजिक सुरक्षा प्रशिक्षक, महिला एवं बल अधिकारी एवं विकास से जिला प्रोबेशन अधिकारी लखनऊ हैं।

### सामूहिक कला प्रदर्शनी सृजन का आयोजन

सोमवार को ललित कला संकाय लखनऊ विवि में एमवीए प्रथम वर्ष के छात्र.छात्राओं द्वारा एक सामूहिक कला प्रदर्शनी सृजन का आयोजन किया गया। उद्घाटन कुलपति ने किया। महाविद्यालय के संकायाध्यक्ष व प्रधानाचार्य डॉ रतन कुमार ने कुलपति को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। आलोक कुमार, असिस्टेन्ट प्रोफेसर ने कुलपति से महाविद्यालय व प्रदर्शनी से जुड़ी जानकारियां साझा की। कुलपति ने छात्र.छात्राओं द्वारा बनाई गयी कलाकृतियों को ध्यानपूर्वक देखा और उन्हें सराहा। प्रदर्शनी में लगभग 50 छात्र.छात्राओं ने अपनी 100 से अधिक कलाकृतियों को प्रदर्शित किया।

इंडियन बैंक Indian Bank

इलाहाबाद ALLAHABAD

अंचल कार्यालय: एस 19/33 इकराम खान बिल्डिंग, नदेसर, वाराणसी, फोन: 0542.2507573, ई-मेल: zovaranasi@indianbank.co.in

परिशिष्ट-V [प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम-8 (11), के तहत

कब्जे की सूचना (अचल संपत्तियों के लिए नियम 8(1)}

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता ने इंडियन बैंक, का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002, की धारा 13 (12) एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 की सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की गयी थी तथा ऋणकर्ता/कानूनी वारिस/जमानतदार को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है, का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋणकर्ता/कानूनी वारिस/जमानतदार द्वारा यह राशि लौटाने में विफल होने पर, ऋणकर्ता/कानूनी वारिस/जमानतदार और सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4), सपठित उक्त अधिनियम के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित संपत्तियों का अधिपत्य ग्रहण कर लिया गया है।

ऋणकर्ता/कानूनी वारिस/जमानतदार को सचेत किया जाता है कि वे अपनी सुरक्षित परिसंम्पत्तियों को छुड़ाने के सम्बन्ध में अधिनियम 13 की उपधारा (8) का प्रावधान समयानुसार करें। ;णकर्ता/कानूनी वारिस/जमानतदार को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद्द्वारा संपत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त संपत्ति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय, इंडियन बैंक की बकाया राशि एवं ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा जिनका विवरण निम्न प्रकार है :-

| क्र0 सं0 | ऋणी/ बंधककर्ता/ जमानतकर्ता का नाम | अचल सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना 13(2) एवं कब्जा सूचना 13(4) की तारीख | बकाया धनराशि (ब्याज + अन्य खर्चे) |
|---|---|---|---|---|
| शाखा- गोपीगंज, भदोही | व खाता संख्या- 7004731312 & 7023678694 | | | |
| 1. | 1- ऋणी: श्री विक्रम आनंद पुत्र श्री मंगला प्रसाद, पता: गिरधरपुर, तालुका कोंध, तहसील- ज्ञानपुर, जिला- भदोही -221304<br>2- जमानतदार/बंधककर्ता: श्री मंगला प्रसाद पता:गिरधरपुर, ज्ञानपुर, भदोही -221304<br>3- जमानतदार: श्री राजकुमारी पत्नी श्री मंगला प्रसाद, पता: गिरधरपुर, ज्ञानपुर, भदोही -221304 | बंधक सम्पत्ति के सभी भाग व खण्ड - प्लॉट नं0 138 पर निमार्ण केसाथ स्थित मौजा- गिरधरपुर, परगना- भदोही, तहसील- ज्ञानपुर, जिला- भदोही, क्षेत्रफल- 0.010 हेक्टेयर, चौहद्दी: पूर्व- ज्ञानपुर गोपीगंज रोड, पश्चिम- इंद्रावती उच्च माध्यमिक विद्यालय, उत्तर- मग्गन लाल का घर, दक्षिण- जय मंगल प्रसाद रावत का घर | 15.03.2023<br>24.05.2023 | ₹ 21,01,189/- (ब्याज + अन्य खर्चे) दिनांक 01/03/2023 |

दिनांक- 30.05.2023 स्थान- वाराणसी प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

# कुकरैल नदी के पुनरोद्धार के लिए 10 दिन में पूरा करें सर्वे

- नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव को मुख्यमंत्री ने बनाया सर्वे टीम का नोडल
- कुकरैल नदी के पुनरोद्धार को लेकर सीएम योगी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों संग की उच्चस्तरीय बैठक



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कुकरैल नदी के पुनरोद्धार को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। इस दौरान सीएम योगी ने इससे संबंधित प्रस्तुतिकरण का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को जरूरी दिशा.निर्देश दिए। सीएम ने 15 दिन में नदी का पूरा सर्वे पूरा कराते हुए रिपोर्ट तलब की है। उन्होंने निर्देश दिया कि कुकरैल नदी के साथ.साथ लखनऊ की सई नदी को पुनर्जीवित करने को लेकर भी प्लान तैयार करें।

कुकरैल रिवर रिवाइटल एंड वाटर फ्रंट डेवेलपमेंट प्रोजेक्ट को लेकर सिंचाई विभाग, लखनऊ विकास प्राधिकरण, नगर विकास, जल निगम, नगर निगम, वन.पर्यावरण आदि विभाग के अधिकारियों संग बैठक में सीएम को बताया गया कि कुकरैल जीवित नदी है। इसका अधिकतम फ्लो 1700 क्यूसेक, जबकि न्यूनतम 120 क्यूसेक जल इसमें रहता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नदी के टॉप टू टेल पूरे एरिया का सर्वे कराया जाए। नदी के पुनरोद्धार से जुड़े सभी विभाग संयुक्त रूप से 10 दिन के भीतर सर्वे का काम पूरा करें। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव इस कार्य का नेतृत्व करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नदी के मेजर एरिया का सर्वे कराते हुए इस इलाके में ट्रैफिक फ्लो और आबादी का पूरा सर्वे भी कराएं। उन्होंने निर्देशित किया कि अधिकारी नदी के फ्लड लेवल की रिपोर्ट तैयार करें और कैचमेंट एरिया को चिह्नित करें। मुख्यमंत्री ने कुकरैल नदी के पुनरोद्धार को अति आवश्यक बताए हुए कहा कि यहां जॉगिंग एरिया, बटर फ्लाई पार्कए फिशिंग एरिया के साथ साथ रेन वाटर हार्वेस्टिंग, छठ पूजा घाट और पार्किंग जैसी सुविधाएं विकसित होनी चाहिए।

## अवैध डेरियों से कैटिल कैचिंग दस्ते ने की कार्रवाई, पकड़े 23 पशु



**लखनऊ** । जानकीपुरम में नगर निगम द्वारा अवैध डेरियों के गोबर नाली में बहाने पर कार्रवाई की गयी। पशु कल्याण अधिकारी द्वारा कार्रवाई के दौरान 23 पशु पकड़े गए। सोमवार को अपर नगर आयुक्त अरविन्द कुमार राव के आदेशानुसार जानकीपुरम में 60 फीटा रोड मुख्य मार्ग और आस पास क्षेत्र पर नगर निगम द्वारा अवैध डेरियों पर बड़ी कार्रवाई की। क्षेत्र में अवैध डेरी में कार्रवाई के दौरान कुल 23 पशु पकड़े गए। कार्रवाई के दौरान पशु कल्याण अधिकारी डॉ अभिनव वर्मा की मौजूदगी में कैटिल कैचिंग दस्ते ने किया। नगर निगम द्वारा अवैध डेरी से लगातार गंदगी और गोबर से सीवर चोक होने की समस्या की शिकायतें आनेपर अभियान चलाया गया।

# बजबजाती मिली नालियां, कचरे से उठ रही थी दुर्गन्ध

- नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने ताबड़तोड़ दौरा कर परखी हकीकत, शुरु कराई सफाई



संवाददाता। मोहनलालगंज

**नगर** पंचायत में बुनियादी सुविधाओं की नब्ज टटोलने निकले नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय पाण्डेय को गन्दगी से बजबजाती नालियां और कचरे के ढ़ेर लगे नजर आए। उन्होने फौरन टीम बुलाकर खुद खड़े होकर साफ-सफाई शुरु कराई। भीषण गर्मी में हैण्डपम्प खराबी की शिकायतें मिलीं तो अभियान चलाकर दर्जनभर हैण्डपम्प दुरुस्त कराकर लोगों की पेयजल समस्या का निदान करा दिया।

मोहनलालगंज में सोमवार को बनी रोड से गुजर रहे नगर पंचायत प्रतिनिधि अजय पाण्डेय को काशीश्वर खेल मैदान के सामने कचरे का पहाड़ नजर आया। राहगीरों को गन्दगी और दुर्गन्ध से निजात दिलाने के लिए उन्होने नगर पंचायत कर्मियों की टीम बुलाकर कचरे की सफाई शुरु करा दी। नवल खेड़ा पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि को बजबजाती नालियां और गलियों में गन्दगी फैली मिली। उन्होने सफाई सुपरवाइजर को मौके पर बुलाकर हकीकत दिखाई तो सफाईकर्मियों की बोलती बन्द हो गई। गौरा और बेलहनी में भी साफ-सफाई को लेकर लापरवाही साफ नजर आई। जिस पर उन्होने तीन टीमें जुटाकर खुद खड़े होकर साफ-सफाई कराई। लोगों ने नाली और सड़क की समस्याएं गिनाई तो नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय पाण्डेय ने बोर्ड की बैठक होते ही कार्य शुरु कराने का आश्वासन दिया।

### भीषण गर्मी में पेयजल संकट से दिलाई निजात

मोहनलालगंज नगर पंचायत में दौरे पर निकले नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय पाण्डेय को एक के बाद एक कई हैण्डपम्प खराब होने की शिकायतें मिलीं। उन्होने नगर पंचायत की टीम बुलाकर शिकायतें दूर कराने के निर्देश दिए। लिहाजा सोमवार की शाम तक दर्जनभर खराब हैण्डपम्प की मरम्मत कर लोगों को पेयजल संकट से छुटकारा दिला दिया गया।

### नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर परखी उपस्थिति

नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार के साथ मोहनलालगंज नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे प्रतिनिधि अजय पाण्डेय को कुछ कर्मचारी गैरमौजूद मिले। जिस पर उन्होने गैरहाजिर कर्मियों की अनुपस्थिति दर्ज कर स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नगर पंचायत कार्यालय में शिकायत पुस्तिका रखवाकर शिकायतों के प्रभावी निस्तारण की हिदायत दी।

## वैष्णो देवी दर्शन के लिए पैदल रवाना हुए राम नरेश का हुआ स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राजधानी** के चिनहट कस्बे से पैदल ही वैष्णो देवी के दर्शन के लिए सोमवार को रवाना हुए भक्त राम नरेश कश्यप के लिए स्थानीय लोगों ने विदाई समारोह आयोजित कर उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया। चिनहट प्रथम वार्ड के सभासद अरुण राय ने बताया कि श्रद्धा से ओतप्रोत स्थानीय निवासियों ने इस स्वागत समारोह में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और राम नरेश कश्यप को विदा किया। उन्होंने बताया कि पैदल ही कटरा पहुंचकर राम नरेश कश्यप पहले माता जी के दर्शन करेंगे फिर वहां से पैदल अमरनाथ बाबा का दर्शन करने भी जाएंगे। उनका यह भक्तिमय सफर लगभग दो माह चलेगा। अरुण राय ने बताया कि इसके पहले भी वह तीन बार पैदल यात्रा कर मां के दरबार में हाजिरी लगा चुके हैं।

## पहलवान बेटियों को न्याय दिलाने के लिए आगे आए केंद्र : मायावती

**लखनऊ।** बसपा अध्यक्ष मायावती ने पहलवान बेटियों के समर्थन में आगे आते हुए केंद्र सरकार से मांग की है कि वह उन्हें न्याय दिलाने के लिए आगे आए। मायावती ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि विश्व कुश्ती में भारत का नाम रौशन करके गौरवपूर्ण स्थान पाने वाली भारतीय बेटियां आज दुखी हैं।

## प्रदेश भर में समरसता और सौहार्द साथ मनायी गयी चौधरी साहब की जयंती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राष्ट्रीय** लोकदल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की 36 वीं पुण्यतिथि सोमवार को राजधानी लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में समरसता और सौहार्द साथ मनायी गयी। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में चौधरी साहब की प्रतिमा के सम्मुख हवन पूजन व माल्यार्पण करके उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं द्वारा चौपाल, गोष्ठियां, फल वितरण, रक्तदान, वस्त्र वितरण भी किया गया। इसी क्रम में लखनऊ में राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने चौधरी साहब की प्रतिमा के सम्मुख हवन पूजन कर माल्यार्पण किया साथ ही सभी कार्यकर्ताओं ने विधान भवन स्थित चौधरी साहब उनकी प्रतिमा पर भी माल्यार्पण करके उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रदेश मुख्यालय पर वर्तमान राजनैतिक परिवेश में चौ. चरण सिंह के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर गोष्ठी आयोजित की गयी जिसमें पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपने अपने विचार रखे। गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि चौ. चरण सिंह पूरे देश में किसान मसीहा के नाम से जाने जाते हैं। उन्होंने आजीवन किसानोंए, मजदूरों, अकलियतों तथा समाज के पिछड़े वर्गो के हक के लिए संघर्ष किया, परन्तु वर्तमान समय में सरकारों द्वारा किसानों की उपेक्षा ही देखने को मिलती है। गोष्ठी को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि चौ. साहब ने किसानों की आवाज को बुलंद करके बड़ी से बड़ी ताकतों को झुका दिया था। लेकिन आज किसान उद्योगपतियों और पूंजीपतियों के हाथ की कठपुतली बनकर रह गया है जिसकी जिम्मेदार वर्तमान सरकार एवं राजनैतिक वातावरण हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता वसीम हैदर, प्रदेश मीडिया प्रभारी सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी, वरिष्ठ नेता रजनीकांत मिश्रा एवं मनोज सिंह चौहान, अवध क्षेत्र के संगठन महासचिव चंद्रकांत अवस्थी, रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक चौहान, छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष अमन पाण्डेय, महेश पाल धनगर, एमए आरिफ लखनऊ मण्डल अध्यक्ष रणविजय मौर्य, अमृतांशु राय, अर्पित राय, प्रभू, अर्जुन, विश्वनाथ, अजय आदि लोगों ने चौधरी साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया।

# सचिव होंगे इम्प्लाई आफ द मंथ से सम्मानित

- विकास कार्यों को रफ्तार देने के लिए बीडीओ पूजा सिंह की अनोखी मुहिम

**मोहनलालगंज।** पंचायतों में विकास कार्यों को रफ्तार देने के लिए बीडीओ ने प्रतिस्पर्धा को हथियार बनाया है। जिसके जरिए प्रतिमाह जहां बेहतर प्रदर्शन करने वाले सचिव को सम्मानित किया जाएगा। वहीं समीक्षा बैठक में उसके कार्यों की झलक दिखाकर दूसरे सचिवों को बेहतर करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

मोहनलालगंज ब्लाक की सभी 78 ग्राम पंचायतों में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकारी योजनाओं को सही तरीके से अमलीजामा पहनाने की मुहिम शुरु की गई है। जिसके जरिए पंचायतों में जल निकासी स्वच्छ शौचालय आवास साफ सफाई पेयजल गुणवत्तापूर्ण शिकायत निस्तारण और सरकारी भवनों के कायाकल्प के बेहतर कार्य करने वाले ग्राम पंचायत सचिव को इम्प्लाई आफ द मंथ चुनकर उसके कार्यों के साथ उसकी फोटो ब्लाक के डिस्प्ले बोर्ड पर लगाकर सम्मानित किया जाएगा। समीक्षा बैठक में उस सचिव के कार्यों की झलक दिखाकर दूसरे सचिवों को भी अपना शत.प्रतिशत देकर अपना और अपनी पंचायत का गौरव बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

बीडीओ पूजा सिंह ने बताया इस तरह बेहतर कार्य करने वाले सचिव की हौसलाअफजाई होगी। जिससे अन्य सचिवों को भी बेहतर परफार्मेंस देने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। बीडीओ ने बताया ब्लाक के डिस्प्ले बोर्ड को इसके लिए सजाया जा चुका है। जल्द ही इम्प्लाई आफ द मंथ चुनने की शुरुआत की जाएगी।

### पंचायतों का दौरा कर बीडीओ खुद परखेंगी हकीकत

बीडीओ पूजा सिंह ने बताया इम्प्लाई आफ द मंथ चुनने से पूर्व मैं खुद ग्राम पंचायत का निरीक्षण कर वहां कराए गए विकास कार्यों की हकीकत देखूंगी। फिर वरीयता क्रम में शीर्ष अंक प्राप्त करने वाले सचिव को इम्प्लाई आफ द मंथ चुनकर सम्मानित किया जाएगा।

## छात्राओं को कराया गया योगाभ्यास

**लखनऊ।** राजाजीपुरम स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेमोरियल डिग्री कॉलेज मे छात्र .छात्राओं को योगाभ्यास कराया गया। योग शिक्षिका प्रकाशिनी



द्वारा बीएड, बीटीसी, बीए, बीएससी, बीकॉम के सभी उपस्थित छात्रों को सूर्यनमस्कार, कपालभारती, प्रणायाम, शीतली प्रणायाम, ताड़ासन, भुजंगआसन, वृक्षासन, अर्ध चक्रवतासन आदि का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डा. वी.के.श्रीवास्तव ने योग से होने वाले विभिन्न लाभों को बताया। शिक्षिका डॉ. रोली श्रीवास्तव, डॉ. महिमा देवी, डॉ. सुशीला पाण्डेय, भावना सेठी, नावेद आलम, राखी सिंह,उषा खंडारी, टी. के चौधरी सभी उपस्थित रहें।

# 2030 तक माहवारी को जीवन का सामान्य हिस्सा बनाना हैं



**लखनऊ।** विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को नवयुग कन्या महाविद्यालय लखनऊ में एल्डा फांउडेशन के सहयोग से एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि युवा भाजपा नेत्री अपर्णा यादव रहीं। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन व फांउडेशन की नन्ही बालिका अलायना की गणेश वंदना से हुई। गणेश वंदना की मनोरम प्रस्तुति के बाद, फांउडेशन की अध्यक्षा डा पूजा द्वारा मासिक धर्म से जुड़ी कुप्रथाओं, सर्वाइकल कैंसर से जुड़ी समस्याओं और समाधान स्वरूप विकसित वैक्सीन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मुख्य अतिथि अपर्णा यादव ने अपने वक्तव्य में इस स्वच्छता मुहिम का समर्थन करते हुये अपने अनुभव साझा किये। उन्होने पाप्समियर टेस्ट की उपयोगिता के बारे में भी बताया । फांउडेशन के कलाकार समूह वी आर्टिस्ट द्वारा माहवारी के दौरान आने वाली दिक्कतों पर आधारित एक भावपूर्ण नृत्य की प्रस्तुति की, जिसका शीर्षक उन पाँच दिनों था। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो मंजुला उपाध्याय द्वारा भी माहवारी स्वच्छता के बारे में जागरुक करते हुए इसके बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के लिये राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं को प्रेरित किया। उन्होंने फाउंडेशन के इस जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने महाविद्यालय में स्थित एसबीआई द्वारा स्पॉन्सर्ड नैपकिन मैन्युफैक्चरिंग इकाई के बारे में भी बताया और समझाया की किस प्रकार इसके द्वारा भी कौशल विकास का मार्ग खोला जा सकता है।

### मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाने की शुरुआत साल 2014 में जर्मनी से



**लखनऊ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लखनऊ पश्चिम द्वारा नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज में विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को संगोष्ठी व सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रुप से नवयुग कन्या पी जी कालेज की प्राचार्य व अभाविप की महानगर अध्यक्ष प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय, पीजीआई की सीनियर रिसर्चर डॉ सजिया अब्बास, केजीएमयू की रिसर्च असिस्टेंट एकता दीक्षित, नारी शिक्षा निकेतन पीजी कालेज की प्राचार्य प्रो सपना वर्मा उपस्थित रहीं। महानगर की अध्यक्ष मंजुला उपाध्याय ने कहा कि विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस यानी वर्ल्ड मेन्सट्रूअल हाइजीन डे मनाने का उद्देश्य युवा लड़कियों और महिलाओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता संबंधी ज़रूरी जानकारी मुहैया कराना है, जिससे वे अनजाने में किसी जानलेवा बीमारी की चपेट में ना आ जाएं। गांव और शहरों में रहने वाली लाखों महिलाएं आज भी इससे जुड़ी कई ज़रूरी जानकारियों से अनजान हैं और उन्हें पता भी नहीं कि उनकी थोड़ी सी लापरवाही उन्हें हेपेटाइटिस बी, सर्वाइकल कैंसर, योनी संक्रमण जैसी गंभीर बीमारियों की तरफ धकेल सकता है।

## सभी मोर्चों पर भाजपा सरकार विफल साबित हुई है:अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के कारण भाजपा में खलबली मची है। दलितों, पिछड़ों, के हक छीने जा रहे हैं। महंगाई, भ्रष्टाचार चरम पर है। जनता भाजपा के अत्याचार से ऊब चुकी है। समाजवादी पार्टी जनता के लिए संघर्षरत है। समाजवादी पार्टी का भरोसा संगठन और कार्यकर्ताओं पर है। इन हालात में हमें जनता के साथ रहना है। सेक्टर, बूथ की रणनीति पर अभी से मजबूती से काम करना है। भाजपा की कुनीतियों का पर्दाफाश करना है। संविधान तथा लोकतंत्र को बचाना है। अखिलेश यादव ने यह बात सोमवार को सपा मुख्यालय में जिला एवं महानगर अध्यक्षों की बैठक को सम्बोधित करते हुए कही। अखिलेश यादव ने समाजवादी सरकार और समाजवादी पार्टी की नीतियों के प्रचार में तेजी लाने और अनुशासन तथा संगठित होकर काम करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में षड्यंत्र की राजनीति बनाने में जुटी है।

## खेलो इंडिया के पदक विजेताओं की जुबानी, सफलता की कहानी

**लखनऊ।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के कुश्ती मुकाबले में पदक जीतकर अपने विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने वाले पहलवानों का कहना है कि इस कामयाबी को हासिल करने के लिए उन्होंने काफी पसीना बहाया है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर सुर्खियां बटोर चुके पहलवानों ने भी माना कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में उन्हें कड़ी चुनौती मिली।

### कड़े अभ्यास का फायदा मिलाः शिवाया

**ग्रीको** रोमन के 97 किलोग्राम भार वर्ग के स्वर्ण पदक विजेता आरसीयू के शिवाया महादेवा पुजारी ने कहा कि टूर्नामेंट में आने से पहले काफी अभ्यास किया था। जिसका मुझे यहां फायदा मिला और मैं गोल्ड मेडल जीत सका। फाइनल में मुकाबला एकतरफा रहा लेकिन यह खेल है। किसी को कम नहीं आंकना चाहिए। कभी किसी खिलाड़ी का अच्छा दिन नहीं होता है तो वह खराब खिलाड़ी नहीं कहा जाएगा। शिवाया ने बताया कि वह आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी और खेलो इंडिया अंडर 23 रेसलिंग चैंपियनशिप में ब्रांज मेडल हासिल कर चुके हैं। इससे पहले वह कैडेट वर्ग में गोल्ड मेडल जीत चुके हैं।

### फाइनल मैच में थोड़ा तनाव में था:तरुण

**ग्रीको** रोमन के 63 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता आरटीएएमएनयू के तरुण वत्स ने कहा कि फाइनल मुकाबले को लेकर थोड़ा तनाव था। जिस पहलवान से मुकाबला होना था उसने आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में मुझे हराया था। लेकिन मैं अपनी कमियों को दूर करते हुए इस मुकाबले में उतरा और जीत हासिल हुई। जूनियर एशिया चैंपियनशिप में राष्ट्रीय टीम का हिस्सा रहा। उन्होने कहा कि उनकी नजर अब विश्व स्तर की प्रतियोगिताओं पर है। यहां से लौटते ही वह अपने मिशन में जुट जाएंगे।

### मेरे लिए हर मुकाबला चुनौतीपूर्ण रहा:नितिका

**महिला** वर्ग में 62 किलोग्राम भार वर्ग की स्वर्ण विजेता दिल्ली विश्वविद्यालय की नितिका ने कहा कि किसी भी मुकाबले को हल्के में नहीं लिया जा सकता और इसी सोच के साथ खेलने उतरी और फाइनल में अपना शत.प्रतिशत दिया और गोल्ड मेडल जीत सकी। मेरे लिए हर मुकाबला चुनौतीपूर्ण रहा। उन्होने बताया कि वह खेलो इंडिया यूथ गेम्स में गोल्ड जीत चुकी है।

### फाइनल में अनुभव और अभ्यास काम आया:मंजू

**72** किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता गुरुनानक देव विवि की मंजू ने कहा कि फाइनल मुकाबले में अनुभव और अभ्यास काम आया। पहले राउंड में अटैकिंग गेम खेला और लगातार अंक हासिल करती रही। दूसरे राउंड में डिफेंस किया ताकि अंक न दूं। इस रणनीति पर चलने का फायदा हुआ।

### सिंगल और डबल लेग अटैक ने दिलाया पदक

**स्वीटी** 53 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता गुरुनानक देव विवि की स्वीटी ने कहा कि फाइनल की तैयारी तो खूब की थी लेकिन मुझे लगातार वाक ओवर ही मिलते रहे। सिंगल और डबल लेग अटैक मेरी खूबी है। इसके इस्तेमाल से पहलवान को चित करने के मुकाबला जीतना आसान हो जाता है। मैंने जूनियर एशिया में सिल्वर मेडल जीता है।

### स्वर्ण न जीत पाने का मलाल रहेगाः स्वाति

**ओलंपियन** पहलवान योगेश्वर दत्त को अपना आइडल मानने वाली शिवाजी यूनिवर्सिटी की स्वाति संजय शिंदे ने सिल्वर मेडल जीता। वह अपने खेल से थोड़ी निराश दिखी। उन्हें गोल्ड मेडल न जीत पाने का मलाल है। लेकिन स्वाति ने कहा कि अपनी गलतियों को सुधारने और आगे के खेलों में और अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगी। मालूम हो कि स्वाति ने इससे पहले ऑल इंडिया चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता है। सीनियर और जूनियर एशियन चैंपियनशिप में प्रतिभाग किया है। साथ ही जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक हासिल किया है।

### स्वर्ण का ख्वाब अधूरा ही रहाः नवीन

**65** किलोग्राम में रजत पदक जीतने वाले गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी के नवीन कुमार अपने प्रदर्शन से संतुष्ट नजर आए। हालांकि स्वर्ण पदक से चूकने का उन्हें मलाल है। ओलंपियन पहलवान योगेश्वर दत्त को अपना रोल माडल मानने वाले नवीन ने कहा कि वे और मेहनत करेंगे और देश के लिए पदक लाएंगे। नवीन अपने मामा नरेश को कुश्ती करते देखते हुए बड़े हुए तो उन्हें भी इस खेल से लगाव हो गया।

# उद्यमी मित्रों का दो सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ

- 14 दिनों के दौरान आयोजित किए जाएंगे कुल 26 प्रशिक्षण सत्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप यूपीजीआईएस-23 में आए 35 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव को धरातल पर उतारने के लिए निवेशकों की सहायता के लिए नियुक्त 105 उद्यमी मित्रों का प्रशिक्षण शुरू कर दिया गया है। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत चयनित अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान में शुरू हुआ जो 14 दिनों तक चलेगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ सीएम योगी के सलाहकार अरविंद कुमार और इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश ने दीप जलाकर किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 14 दिनों के दौरान कुल 26 प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिसमें विभिन्न निवेशोन्मुख नीतियों, नियमों, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और विभिन्न पोर्टलों की जानकारी के साथ औद्योगिक क्षेत्रों की यात्रा शामिल है। इन सत्रों को विभागवार निर्धारित किया गया है, जिसमें योगी सरकार की प्रमुख परियोजनाएं जैसे ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का विकास, डिफेंस कॉरिडोर के साथ राजस्व संहिता, लैंड बैंक एवं भूमि की दरें, आवंटन प्रक्रियाएं, स्वीकृतियां आदि शामिल हैं। कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थियों को व्यापक इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम के बारे में बताया गया। इसके साथ ही प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने और सुविधा प्रदान करने के लिए घोषित विभिन्न सुधारों संग नीतियों से भी अवगत कराया। सीएम योगी के सलाहकार अरविंद कुमार ने मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क, फ र्मा पार्क, डेडिकेटेड फ्रे ट कॉरिडोर और डिफेंस कॉरिडोर के छह नोड्स जैसी प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

उद्घाटन समारोह में यूपीजीआईएस-23 से पहले अंतरराष्ट्रीय एवं घरेलू रोड शो के सफल आयोजन के साथ निवेशक सुविधा के लिए विकसित किए गए समर्पित पोर्टल्स जैसे-सिंगल विंडो निवेश मित्र पोर्टल, निवेशक संबंध प्रबंधन प्रणाली-निवेश सारथी पोर्टल, ऑनलाइन प्रोत्साहन प्रबंधन प्रणाली के बारे में बताया गया। इस दौरान अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश शासन की संरचना, संवैधानिक संरचना, विधानमंडल, सचिवालय और जिला एवं मंडल प्रशासन पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई। जिसके अनुसार उद्यमी मित्रों को जिलों में तैनात किया जाएगा। यहां वे जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र के उपायुक्त को रिपोर्ट करेंगे। मालूम हो कि प्रशिक्षण के बाद उत्तर प्रदेश सरकार जमीनी स्तर पर निवेशकों के सामने आने वाली समस्याओं के निवारण के लिए उद्यमी मित्रों को इन्वेस्ट यूपी कार्यालय, जिला मुख्यालय और औद्योगिक प्राधिकरणों में तैनात करेगी।

# निखत बानो की जमानत याचिका हाईकोर्ट से भी खारिज

विधि संवाददाता। लखनऊ

**चित्रकुट** जेल में निरुद्ध रहे विधायक अब्बास अंसारी को सुविधाएं आदि उपलब्ध कराने के मामले में निरुद्ध उनकी पत्नी निखत बानों की जमानत याचिका हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दी है। जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने यह आदेश निखत बानो की जमानत याचिका पर दिया है। निखत पर नियमों की अनदेखी कर चित्रकूट जेल में अपने विधायक पति अब्बास अंसारी से मिलाई करने, गवाहों को धमकी देने व रंगदारी की वसूली की साजिश में शामिल होन, जेल में सुविधाएं उपलब्ध कराने व इसके लिए जेल के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को उपहार, पैसा व प्रलोभन देने आदि का आरोप है। बीते 11 फरवरी को इस मामले की एफआईआर थाना कोतवाली कर्वी में उप निरीक्षक श्याम देव सिंह ने दर्ज कराई थी। इस मामले में निखत बानो व उसके ड्राइवर नियाज अंसारी को पुलिस प्रशासन ने जेल में छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया था।

### हत्या के आरोपियों को उम्र कैद

**लखनऊ।** हत्या के एक मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम नसीम अहमद उर्फ राजा, शोएब उर्फ टोपी, मो अकील व शादाब को सत्र अदालत ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। एडीजे राम किशोर चतुर्थ ने इन मुल्जिमों पर 35.35 हजार का जुर्माना भी लगाया है। 15 दिसंबर 2021 को अमीर हमजा खान ने अपने बड़े भाई सुऐब खान की गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना कैसरबाग में दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान मालूम हुआ कि बकाया रकम देने से बचने के लिए मुल्जिमों ने सुऐब खान की हत्या कर शव को छिपा दिया था। इस मुकदमे में वादी हमजा की ओर से वकील प्रांशु अग्रवाल ने बहस की थी।

### अंसार गजवातुल हिन्द के सदस्यों की जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ।** आतंकी गतिविधियों के मामले में निरुद्ध मुल्जिम मिनहाज अहमद व मुसरुद्दीन उर्फ मुसीर की जमानत अर्जी एनआईए,एटीएस की विशेष अदालत ने खारिज कर दी है। विशेष जज दिनेश कुमार मिश्रा ने प्रथम दृष्टया इनके अपराध को गंभीर करार दिया है। इन दोनों पर 15 अगस्त से पूर्व प्रदेश में आतंकी घटनाओं को अंजाम देने का इरादा था। यह दोनों अलकायदा माड्यूल अंसार गजवाजतुल हिन्द के सक्रिय सदस्य हैं। 11 जुलाई 2021 को इस मामले की एफआईआर निरीक्षक सुशील कुमार सिंह ने थाना एटीएस में दर्ज कराई थी। विशेष वकील एमके सिंह के मुताबिक एटीएस ने उसी रोज मड़ियांव के मोहिबुल्लापुर से मिनहाज व गुडंबा इलाके से मुसीरुद्दीन को गिरफ्तार किया था। इनके पास से बारुद मय प्रेशर कुकर बम, स्वनिर्मित डेटोनेटर, 32 बोर का एक पिस्टल, चार जिन्दा कारतूस, पोटैशियम परमैगनेट व मोबाइल आदि बरामद हुआ था। इसके बाद इस मामले की विवेचना एनआईए को सौंप दी गई थी। इस मामले में आरोप पत्र दाखिल है।

### पैरोकार को सुरक्षा उपलब्ध कराने का आदेश

**लखनऊ।** प्रयागराज के बहुचर्चित विधायक राजू पाल हत्याकांड मामले की पैरवी करने वाले बृजेश वर्मा को सीबीआई की विशेष अदालत ने मुकदमे के विचारण तक सुरक्षा उपलब्ध कराने का आदेश पुलिस महानिदेशक को दिया है। विशेष जज कविता मिश्रा ने यह आदेश विधायक पूजा पाल व बृजेश वर्मा की अर्जी को मंजूर करते हुए दिया है।

# फिर से सोने की चिड़िया बनने जा रहा है भारत : पद्मश्री डॉ. रजनीकान्त

- जी-20 एवं विश्व में भारत की बढ़ती भूमिका राष्ट्रीय संगोष्ठी सम्पन
- राष्ट्रीय अलंकरण काशीरत्न / शान-ए-काशी 2023 से पच्चीस विभूति हुए अलंकृत



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**इण्डियन** एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट (आई.ए.जे.) एवं सामाजिक विज्ञान विभाग, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में आज हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय संगोष्ठी जी-20 एवम् विश्व में भारत की बढ़ती भूमिका विषय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन पाणिनि भवन सभागार, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी में सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता प्रो. हरेराम त्रिपाठी (कुलपति- सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी) मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. रजनीकान्त तथा विशिष्ट अतिथि प्रो. हीरक कान्तरवर्ती (संकायाध्यक्ष, आधुनिक ज्ञान विज्ञान विभाग) एवं श्रीमती बन्दना सिंह (नेशनल प्लेवर बॉल विनर,कोहिनूर मिसेज इण्डिया इन्टरनेशनल-2022) रही।

समारोह का शुभारम्भ मंगलाचरण, सरस्वती बन्दना, माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन से हुआ। राष्ट्रीय संगोष्ठी जी-20 एवम् विश्व में भारत की बढ़ती भूमिका पर विषय प्रवेश प्रो. शैलेश कुमार मिश्र ने किया।अन्य वक्ताओं ने अपना विचार रखा। वार्षिक बुलेटिन दृष्टि का विमोचन मुख्य अतिथि ने किया। चयनित राष्ट्रीय अलंकरण काशीरत्न / शान-ए-काशी 2023 नाम की घोषणा इण्डियन एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष व संयोजक डी. कैलाश सिंह विकाश ने घोषणा की। सभी चयनित विभूतियों को अलंकरण पत्र, स्मृति चिन्ह, बैच, बुलेटिन दृष्टि देकर अलंकृत किया गया। विदुषी वर्मा ने माँ सरस्वती बन्दना की तथा डा. महेन्द्र पाण्डेय ने मंगलाचरण किया।

अतिथियों का स्वागत मोतीलाल गुप्ता तथा संचालन डा. अनुपम गुप्ता एड. धन्यवाद ज्ञापन प्रकाश प्रो हीरक कांत चक्रवर्ती ने किया। समारोह में मुख्यरूप से सर्व श्री सत्यनारायण द्विवेदी %एडवोकेट%, अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जियाउद्दीन फारुकी %एड., अर्जुन सिंह, आर्शीवाद सिंह, मोहम्मददाउद, आनन्द कुमार सिंह, विक्रम कुमार, विनय श्रीवास्तव, ऋषिदेव उपाध्याय राजू वर्मा, राधा सेठ ,प्रकाश आचार्य, जफरुउद्दीन फारूकी, डा महेन्द्र पाण्डेय, प्रो. शरद कुमार, आदित्य शंकर मिश्र, राकेश विश्वकर्मा, अनिल नाग, अजय सिंह सहित अनेक गणमान्य शामिल रहे। शास्त्रीय संगीत गायिका विदुषी वर्मा का विशिष्ट सम्मान अंगवस्त्र व स्मृतिचिन्ह देकर किया गया।

मुख्य अतिथि पद्मश्री डा रजनीकान्त ने कहा कि जी-20 का प्रतिनिधित्व करना देश के लिए गौरव की बात सबसे अधिक बैठक अपने काशी नगरी में होना भी काशी के लिए गौरव है। भारत फिर से सोने की चिड़िया बनने जा रहा है, हमें अपने विरासत पर गर्व करना चाहिए। अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने कहा कि जी-20 नई शिक्षा नीति का परिणाम है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य वसुधैव कुटुम्बकम् से है। हमें ऋषियों के तह तक जाना होगा। भारत आर्थिक और महाशक्ति के रूप में उभरेगा। इसके अलावा वक्ताओं ने जी-20 और भारत की बढ़ती भूमिका पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत में जी-20 का बैठक होना गौरव की बात है। पहले की तुलना में आज जी-20 की रूपरेखा बदल चुकी है। कृषि को लेकर कोई बैठक में मोटा अनाज की उपयोगिता बढ़ गयी है।

# सेना के जवान का हुआ राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

**संवाददाता।** अमेठी

**भारतीय** सेना -आर्मी में जम्मू कश्मीर के अखनूर सेक्टर में ए एम सी पद पर तैनात जवान दुर्गेश कुमार सिंह (38) का अंतिम संस्कार सोमवार की सुबह पैतृक ग्राम गाजीपुर में पूरे राजकीय और सैनिक सम्मान के साथ हुआ। तेरह वर्षीय पुत्र शिवांश सिंह ने चिता को मुखाग्नि दी।

सेना के अधिकारियों के साथ एस डी एम और सी ओ ने दिवंगत जवान के पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम संस्कार में परिवार के लोगों के साथ जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में गांव के लोग मौजूद रहे।



दुर्गेश सिंह, सेना भर्ती कार्यालय अमेठी से सेना में भर्ती हुए थे । दिल्ली और मेरठ में आर्मी हेडक्वार्टर में सेवाएं देने के बाद दुर्गेश सिंह की तैनाती आर्मी के गुवाहाटी मुख्यालय में हुई और वे जम्मू कश्मीर के अखनूर सेक्टर में मेडिकल यूनिट में ए एम सी पद पर तैनात हुए। शनिवार की रात ड्यूटी के दौरान ही दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हो गई। सुबह चार बजे सेना के अधिकारियों ने उनके भाई बृजेश सिंह को फोन से उनकी मौत की सूचना दी।

## क्विक न्यूज

### भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा मधुमेह से पीड़ित

**वाराणसी।** मधुमेह को जटिल बीमारी कहा जाता है, जिन लोगोंको इसका पता चलता है, उनके लिए अपने परिवार की जरूरतों को आर्थिक रूप से सुरक्षित करनेके लिए व्यापक जीवन कवर प्राप्त करना चुनौतीपूर्ण होता है। इस एक्सक्लूसिव प्रोडक्टके लॉन्च के मौके पर बजाज आलियांज लाइफ के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री तरुण चुग ने कहा लाइफ गोल्स एनेबलर्स के रूप में हम खुद में नयापन लाने की चुनौती लगातार लेते रहते हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग अपने जीवन के लक्ष्यों को हासिल कर सकें।

### छात्रों ने इंटरनेशनल ओलिंपियाड में दिखाई अपनी प्रतिभा

**वाराणसी।** विश्व के सबसे बड़े ओलिंपियाड, साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल ओलिंपियाड 2022-23 में वाराणसी के तीन छात्रों ने इंटरनेशनल मैथमैटिक ओलंपियाड परीक्षा में इंटरनेशनल रैंक हासिल की। इंटरनेशनल मैथमैटिक ओलिंपियाड में लिटिल फ्लावर हाउस वाराणसी की कक्षा 2 की छात्र समृद्धि सिंह को इंटरनेशनल रैंक 1 और सनबीम स्कूल वरुणा के कक्षा 3 के श्लोक भारद्वाज को रैंक 3 मिला। इसके इलावा इंटरनेशनल सोशल स्टडीज ओलिंपियाड में लिटिल फ्लावर हाउस के कक्षा 4 के आर्ची पार्थ को रैंक दो मिला इन छात्रों को गोल्ड सिल्वर और ब्रोन्ज़ मैडल से सम्मानित किया गया इस अवसर पर एसओएफ के संस्थापक एवं एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री महाबीर सिंह ने कहा कि 70 अलग-अलग देशों के 1400 शहरों के 70000 से अधिक स्कूलों ने 22-23 से सात ओलंपियाड परीक्षाओं में लाखो छात्रों ने भाग लिया ।

### नवीन टेक्नोलॉजी से लोगों तक पहुंचने का प्रयास

**वाराणसी।** बेहतर पेशकश की अपनी और हमेशा से लोगों के लिए अपनी गुणवत्ता में सुधार की पहल को और आगे बढ़ाते हुए ओप्पो ने अपने लेटेस्ट स्मार्टफोन, ओप्पो एफतेईस फाइव जी के लॉन्च की घोषणा की है। यह डिवाईस अठारह मई, दो हज़ार तेईस को सुबह बारह बजे से ओप्पो स्टोर, एमेज़ॉन, और मेनलाईन रिटेल आउटलेट्स पर 24,999 रु. में मिलेगी। दमयंत खनोरिया ने कहा, ''ओप्पो में हम नोमोफोबिया, या फिर मोबाईल से बिना होने या मोबाईल का उपयोग न कर पाने के डर को समझते हैं, जो स्मार्टफोन यूज़र्स की एक वास्तविक समस्या है। टेक्नॉलॉजी पेश करने पर गर्व है, जो सुगम अनुभव के लिए भरोसेमंद और सुविधाजनक बैटरी परफॉर्मेंस प्रदान करती है। इसलिए आप बैटरी की चिंता किए बगैर अपने फोन का उपयोग उन कामों के लिए कर सकते ह।

### 20 लीटर अवैध शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** एसपी डा इला मारन जी के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियो पर काबू करने के लिए स्थानीय कोतवाली पुलिस लगातार अभियान चला रही है।सोमवार को अभियान के तहत कोतवाल अमर सिंह के निर्देश पर सक्रिय कोतवाली पुलिस ने संभावित स्थानों पर दबिश दी । स्थानीय कोतवाली पुलिस की टीम ने क्षेत्र के दो अलग अलग गांवों में छापेमारी करते हुए 20 लीटर अवैध शराब बरामद किया वही मामले में दादरा गांव निवासी सुजीत पासी व पूरे प्रेमशाह गांव निवासी प्रकाश पुत्र श्याम लाल को हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही की ।प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह ने बताया कि आपराधिक गतिविधियों में शामिल किसी को भी नही बक्शा जायेगा।

### पेड़ सें लटकता हुआ मिला युवती का शव

**डाला/सोनभद्र।** हाथीनाला थाना क्षेत्र के डाला पीपल स्थित जंगल में सोमवार की सांय लगभग चार बजे एक पेड़ पर 17 वर्षीय लड़की का शव साडी के सहारे लटकता हुआ मिला,हाथीनाला पुलिस शव को पोस्टमार्डम लिए दुद्धी अस्पताल भेजकर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। हाथीनाला पुलिस ने बताया कि पुरुषोत्तम अगरिया पुत्र स्व बुद्धू निवासी ग्राम डाला पीपल थाना हाथीनाला ने थाने पर पहुच कर एक लिखित सूचना दिया कि मेरी लड़की फुलवंती उम्र करीब17 वर्ष जो दिमाग से कुछ कमजोर थी करीब सोमवार की सुबह 10 बजे के पहले घर से निकली जो दोपहर तक घर वापस नहीं आई तो खोज बिन किया गया सायंकाल चार बजे जंगल की खोजबीन करने लगा तो मामर के पेड़ की डाली में अपनी पहनी हुई साड़ी से गले में फंदा लगाकर फांसी लगा लटकी हुई है। इस सन्दर्भ में हाथीनाला थाना प्रभारी श्याम बिहारी ने बताया कि पिता की सूचना पर शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी अस्पताल भेज दिया गया है, आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### एनडीपीएस एक्ट मे चार दोषियों को 20-20 वर्ष की कैद

**सोनभद्र।** पौने तीन वर्ष पूर्व ट्रक से जा रहा 3 कुंतल 80 किग्रा अवैध गांजा के साथ पकड़े गए चार दोषियों को दोष सिद्ध पाकर सोमवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम खलीकुज्जमा की अदालत ने 20-20 वर्ष की कैद की सजा सुनाई है। जिसमें तीन दोषियों पर 2 लाख 27 हजार रूपये अर्थदंड व एक दोषी पर 2 लाख रूपये अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 27 जुलाई 2020 को विंढमगंज एसओ प्रदीप कुमार सिंह पुलिस बल के साथ क्षेत्र में थे कि मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि एक ट्रक दुद्धी को ओर से नाजायज गांजा लेकर जा रहा है। अगर मौके पर चला जाए तो पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर विश्वास करके पुलिस बल के साथ घिवही रेलवे क्रासिंग पहुंच कर चेकिंग किया तो एक ट्रक पकड़ी गई। साथ ही 13 बोरी में रखा 3 कुंतल 80 किग्रा नाजायज गांजा बरामद हुआ था। इस दौरान वकील यादव पुत्र लालबाबू निवासी नई छपरा सुलेमनपुर, थाना बेरिया, जिला बलिया गौरीशंकर यादव पुत्र सीताराम यादव निवासी बनकट, थाना शाहपुर, जिला भोजपुर व सुजीत कुमार यादव पुत्र सीताराम यादव निवासी ग्राम हवाशपुर, थाना कृष्णागढ़, जिला भोजपुर बिहार गिरफ्तार हुए थे। वहीं एक अभियुक्त चांद गोविंद यादव पुत्र स्वर्गीय दीनानाथ यादव निवासी चितकुरी चकिया, थाना आरा मुफस्सिल, जिला भोजपुर बिहार को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना की।

# सर्राफा व्यापारी पर हमला, लूट का प्रयास

- दिनदहाड़े दबंग ने छीना मोबाइल फोन व 4 हजार
- पुलिस व अपराधियों की सांठगांठ से लालगंज में अपराध हो रहे हैं अनियंत्रित

**संवाददाता।** लालगंज.रायबरेली

**पुलिस** व अपराधियों व दबंगों की सांठगांठ के कारण लालगंज कोतवाली क्षेत्र अपराध नियंत्रित नहीं हो पा रहे हैं। बीती रात अज्ञात बदमाशों ने सर्राफ व्यापारी पर हमला कर लूट का प्रयास किया वहीं दूसरी घटना में अम्बारा पश्चिम गांव के पास एक युवक को पीट कर मोबाइल व उसके पास से 4 हजार रूपये लिए गये। छिनैती का शिकार युवक शोभवापुर गांव का रहने वाला है। दोपहर हुई इस घटना की सूचना पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को दी है लेकिन समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। जानकारी के अनुसार सोमवार अपरान्ह सचिन पुत्र रमेश कुमार अपने गांव शोभवापुर पड़ोसी गांव अम्बारा पश्चिम सामान खरीदने के लिए जा रहा था तभी रास्ते में एक दबंग किस्म के युवक ने सचिन को मारपीट कर उससे मोबाइल फोन व उसके पास रहे 4हजार रूपये छीन लिया। घटना की सूचना सचिन ने कोतवाली पुलिस को दी है। दूसरी घटना सरेनी.लालगंज मार्ग पर रविवार की रात सरेनी निवासी अजय सोनी पुत्र मुन्नालाल सोनी के साथ घटी। बताया गया है कि बीती रात अजय सोनी लालगंज नगर स्थित एआर पैलेस में एक शादी समारोह में भाग लेने के बाद वापस घर जा रहा था तभी अज्ञात मोटर साइकिल सवार युवकों ने उसे हरीपुर गांव के मोड़ के पास जबरन रोक लिया और उसे पीट कर लूटने का प्रयास किया लेकिन पीड़ित के चिल्ल गुहार मचाने पर घबराये बदमाश मौके से भाग निकले। पुलिस ने इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जल्द ही पर्दाफाश का दावा किया है। लालगंज कोतवाली पुलिस की लूटखसोट के चलते अपराधी पूरी तरह से अनियंत्रित हैं। दरोगाओं और सिपाहियों के जरिए हर किसी से चल रही वसूली का खामियाजा आमजनों को भुगतना पड़ रहा है।

# डिवाइडर से टकराई मोटर साइकिल, पिता पुत्र घायल

**बछरावां रायबरेली।** लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई । जिसमें मोटरसाइकिल सवार पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए । मौके पर पहुंची एंबुलेंस द्वारा घायलों को सीएचसी पहुंचाया जहां दोनो की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है सोमवार सुबह संतोष कुमार उम्र 40 पिता रामकिशोर व आयुष 15 पुत्र संतोष कुमार निवासी कोटवारमऊ थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी रायबरेली से बछरावां की ओर आ रहे थे जैसे ही कस्बा स्थित पटेल नगर गेट के पास पहुंचे उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिसमें दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# हत्या के मामले में 2 आरोपियों को पचास हजार अर्थदंड के साथ आजीवन कारावास

**संवाददाता।** गाजीपुर

न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट अरविंद मिश्र की अदालत ने सोमवार को निर्मम हत्या के मामले में 2 आरोपियो को आजीवन कारावास से दण्डित करते हुए प्रत्येक पर लगाया 50-50 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया अर्थदंड की राशि से 90 प्रतिशत राशि वादी मुकदमा को देने का आदेश दिया है। थाना कोतवाली इलाके कपुरपुर निवासी शनि आर्या ने थाना कोतवाली में इस आशय का तहरीर दिया कि 31 मार्च 2021 की रात करीब 10 बजे उसके पिता धर्मेंद्र व उसके मामा पिंटू के साथ काम करके घर आ रहे थे कि टेढ़वा क्रासिंग के पास रजदेपुर निवासी वाहिद उर्फ नाटे और बबलू वहाँ मौजूद थे जिनको साइकिल से धक्का लग गया जिस पर आरोपियो ने मेरे पिता को ईट पत्थर से मार रहे थे इसकी सूचना उसके मामा पिंटू घर भाग कर आये और कहे जिसपर हम लोग मौके पर आए तो सभी लोग मार रहे थे हम लोगो देखते ही सभी आरोपी भाग गए हम लोग उनको अस्पताल ले गए जहाँ पर डॉक्टर साहब ने उनको मृत घोषित कर दिया सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपियो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया और दौरान विवेचना आरोपियो को पकड़कर जेल भेज दिया।

# जमीनी विवाद में मारपीट एक वीडियो हुआ वायरल

**संवाददाता।** बछरावां रायबरेली

**कस्बे** के रहने वाले दो लोगो में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हो गई । एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर हथौड़ी से हमला करके घायल कर दिया । घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है । वही पीड़ित का आरोप है कि तीन दिनों से वह थाने के चक्कर काट रहा है । पर एफआईआर नहीं दर्ज की जा रही है ।

कस्बे के कायस्थन टोला मोहल्ले के रहने वाले उमेश प्रजापति पुत्र महावीर प्रजापति का अपने बड़े भाई शंकर से जमीन को लेकर लंबे अरसे से विवाद चल रहा है । पुश्तैनी जानवर बांधने की जगह पर शुक्रवार को शंकर ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया । विरोध करने पर बातचीत मारपीट में तब्दील हो गई । उमेश आरोप है कि शंकर व उसकी पत्नी ममता ने उसे व उसकी पत्नी शिवकुमारी को पीटना शुरू कर दिया। इसी बीच शंकर ने हथौड़ी से उसके सर पर हमला कर दिया । जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। यह भी आरोप लगाया कि उसे थाने में एक बजे से नौ बजे तक बैठाया गया। पर विपक्षी नही लाये गए। उसकी एफआईआर भी नही दर्ज की गई । घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें दोनों पक्ष मारपीट करते हुए दिखाई दे रहे हैं ।

# अंडर 16 अंतर जनपदीय ट्रायल मैच में गाजीपुर 1 विकेट से विजयी

**संवाददाता।** गाजीपुर

**उत्तर** प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के दिशा-निर्देशन में गाजीपुर मंडल के अंतर्गत जनपद के नेहरु स्टेडियम में अंडर 16 श्रेणी का पहला अंतर जनपद ट्रायल मैच गाजीपुर तथा बलिया के बीच खेला गया। मैच के पूर्व गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (सबद्ध- उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन) के मुख्य संरक्षक तथा उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अपैक्स कौंसिल सदस्य संजीव कुमार सिंह मुख्य चयनकर्ता कमल कांत कनौजिया, वरिष्ठ अंपायर ए0पी0 भानू एवं शिशिर मेहरोत्रा ने पिच का मुआयना किया एवं अनुशासन में खेलते अपना बेहतर प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित किया। रिपोर्टिंग टाइम प्रात: 07 बजे था। टॉस प्रात: 07:30 बजे



कराकर ठीक 08:00 बजे मैच शुरू किया गया। बलिया की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए अभिषेक यादव के 74 रनों के बदौलत 35वें ओवर के अंतिम गेंद पर 161 रन पर सिमट गयी। जवाब में गाजीपुर की टीम ने मैच 37वें ओवर में आनंद विजय सिंह के 43 तथा प्रिंस यादव के 29 रनों के 162 रन बनाकर 01 विकेट से मैच अपने नाम कर लिया। सम्पूर्ण मैच के दौरान उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से अधिकृत चयनकर्ता कमल कांत कनौजिया, वरिष्ठ अंपायर ए0पी0 भानू एवं शिशिर मेहरोत्रा सहित स्कोरर अनूप शर्मा मैदान पर उपस्थित थे। इस अवसर पर गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत सिंह बताया कि इस क्रम में कल का मैच मऊ तथा आजमगढ़ के बीच खेला जायेगा। उन्होंने सभी खिलाडियों से अपील किया कि अपने-अपने चेस्ट नंबर के साथ निर्धारित समय प्रात: 07 बजे तक अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। समय पर न आनेवाले अथवा चेस्ट नंबर नहीं लाने वाले खिलाडियों को मैच से वंचित कर दिया जायेगा। इस अवसर पर गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक तथा उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अपैक्स कौंसिल सदस्य संजीव कुमार सिंह के अतिरिक्त अध्यक्ष शाश्वत सिंह, सचिव डॉ0 उमेश चन्द्र राय, बरुन कुमार अग्रवाल, वैभव सिंह, मो0 आरिफ, रंजन सिंह, क्यूरेटर संजय यादव, रोहित जयसवाल,भरत कुशवाहा, शहंशाह खान, नरेन्द्र, मो0 सकील, राहुल यादव, अभिषेक, शिवम् यादव, अयन, राहुल प्रजापति, दीपक, विवेक गुप्ता, पवन, सहित दोनों टीमों के प्रशंसक उपस्थित थे।

# पोषण ट्रैकर एप की निगरानी में होगा पोषाहार का वितरण

**संवाददाता।** सोनभद्र

**बच्चों** को पोषाहार का वितरण अब पोषण ट्रैकर एप की निगरानी में किया जाएगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा पोषाहार वितरण करने के बाद सूचना एप पर फीड करते ही लाभार्थी के मोबाइल पर मैसेज आ जाएगा। पोषाहार नहीं मिलने पर लाभार्थी टोल फ्री नंबर 14408 पर शिकायत भी दर्ज करा सकते हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि पोषण ट्रैकर एप पर लाभार्थियों का डाटा फिट किया गया है। इसके माध्यम से सभी आंगनबाड़ी केंद्र, कार्यकर्ता व योजनाओं की निगरानी सरलता से हो सकेगी। बच्चों, गर्भवती व धात्री लाभार्थियों के पोषण का लेखा-जोखा रखा जाएगा। शहरी क्षेत्र में तीन माह का एक साथ, जबकि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिमाह पोषाहार वितरण एप के माध्यम से आरंभ हो गया है। सहयोग एप के जरिये आंगनबाड़ी केंद्र व सुपरवाइजर की ऑनलाइन मॉनिटरिंग भी की जाती है। उन्होंने बताया कि इसके लिए एकीकृत बाल विकास विभाग की ओर से सोनभद्र में 2079 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इनको और हाईटेक व डिजिटलीकरण किया जा रहा है। इससे पुष्टाहार वितरण व अनियमितता पर अंकुश लगाने के साथ ही पारदर्शी भी किया जाएगा। वर्तमान में जनपद में 5 वर्ष तक के 2,58,005 बच्चे हैं। इसमें से आंशिक कुपोषित 12,767 बच्चे है, अति कुपोषित 2429 बच्चे हैं। जिन्हें पोषाहार का वितरण पोषण ट्रैकर एप से किया जाएगा।

## पुष्टाहार वितरण की मात्रा

**जिला** कार्यक्रम अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि 6 माह से 3 वर्ष के बच्चों के लिए एक किलो फोर्टिफाइड चावल, एक किलो फोर्टिफाइड गेहूँ, एक किलों फोर्टिफाइड चना व 455 ग्राम फोर्टिफाइड खाद्य तेल, 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए पांच पांच सौ ग्राम फोर्टिफाइड चावल, गेहूं व चना, गर्भवती व धात्री महिलाओं के लिए 1.5 किलो फोर्टिफाइड गेहूं एक-एक किलो फोर्टिफाइड चावल व चना, 455 ग्राम फोर्टिफाइड खाद्य तेल, अति कुपोषित 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए 1.5-1.5 किलो फोर्टिफाइड चावल, गेहूं व 2 किलो फोर्टिफाइड चना के साथ ही 455 ग्राम फोर्टिफाइड खाद्य तेल का वितरण किया जायेगा।

# स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत प्रभात फेरी निकालकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

**ऊंचाहार।** सोमवार को ब्लाक क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत प्रभात फेरी निकालकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया और ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। ग्राम पंचायत खरौली व कल्याणी में बच्चों ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत गाँव में प्रभात फेरी के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और साथ ही साथ ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाईए इसके अलावा खरौली ग्राम पंचायत के पूरे तीर गंगा घाट पर कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने प्रधान व ग्रामीणों के साथ मिलकर सफाई अभियान भी चलाया। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी वीरेंद्र यादवए ग्राम प्रधान कलावतीए ग्राम प्रधान नागराजए प्रधान प्रतिनिधि गंगाविष्णु यादवएपंचायत सहायक शोभा देवी व स्वेतीए रोजगार सेवक सत्यप्रकाश मुकेश आदि लोग उपस्थित रहे।रविवार की रात रोहनिया गांव में राकेश लोधी की बेटी मोहनी का विवाह था फतेहपुर जिले के अजुआ गांव थाना क्षेत्र सैनी से बारात आई रात भर मंगल गीतों के साथ विवाह का कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

# चेयरमैन नगर पालिका ने अपना पदभार ग्रहण किया

**मिर्ज़ापुर।** नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी आज पालिका परिषद में कार्यभार ग्रहण किया।नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अंगद गुप्ता ने अध्यक्ष को कार्यभार ग्रहण कराया और नगर पालिका के सभी कर्मचारियों से उनका परिचय करवाया। पालिका के सभी सभासदों ने भी पालिका परिषद में कर्मचारियों सहयोगियों से परिचय किया।इसके पूर्व श्याम सुंदर केशरी ने नगर पालिका परिषद में अपना पैर रखने के पूर्व नगर पालिका की सीढ़ियों पर दंडवत हो कर प्रणाम किया उसके बाद पालिका में कदम रखा उसके बाद उन्होंने पूजा अर्चना किया और सभी जानने पहचानने वालो ने पुष्प गुच्छ देकर सभी ने बारी बारी से अध्यक्ष का स्वागत किया। श्याम सुंदर केशरी के मित्र अभिषेक ने उनका गुलाब का फूल देकर स्वागत किया और उनके लिए प्रार्थना किया।पत्रकारों से बात करते हुए अध्यक्ष ने कहा शहर कीसमस्याओं से मैं अवगत हुं शहर में जगह जगह सड़क खुदने से आवागम बड़ी कठिनाई हो रही है इस समस्या का हल जल्द हो जाएगा ।इस समय गर्मी के मौसम में पानी की समस्या है कहि कहि उसको मैंने अधिकारी से कह दिया है।शहर में छुट्टा पशु बहुत ज्यादा हो गए है उनको भी पकड़ कर जानमाल की सुरक्षा की जाएगी।

# नपा चेयरमैन बनने पर रामलीला कमेटी ने किया अभिनंदन

संवाददाता। मिर्जापुर

**श्रीरामलीला** कमेटी बरियाघाट के तत्वाधान में श्री पंचमुखी महादेव जी मन्दिर के सत्संग हाल में अभिनन्दन समारोह एवं इस वर्ष के आय-व्यय का बैठक किया गया, जिसमें रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ई0 विवेक बरनवाल के अध्यक्षता में कोषाध्यक्ष रविन्द्र कुमार गुप्ता ने आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। पदाधिकारियों ने आय-व्यय का हर्ष ध्वनि के साथ संतोष व्यक्त किया। नगरपालिका परिषद के चुनाव में रामलीला कमेटी के सात पदाधिकारियों को विजय हासिल हुआ है, जिसमें कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक श्याम सुन्दर केशरी को नगरपालिका परिषद का चेयरमैन होने



पर हर्ष ध्वनि के साथ मार्ल्यापण, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया।

इसी तरह सभासद पद पर पदाधिकारी विजयी हुए कमेटी के सदस्य/पदाधिकारीगण राधेश्याम गुप्ता, राजेश सोनकर की पत्नी, सरिता गुप्ता, अलंकार जायसवाल, सतीश उपाध्याय, सत्यनरायन जायसवाल का कमेटी की तरफ से जोरदार स्वागत किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए नगरपालिका परिषद के चेयरमैन श्याम सुन्दर केशरी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर को साफ-सुथरा एवं स्वच्छ बनाने में मुझे आपका भी सहयोग चाहिए ताकि आपके उम्मीदों पर मैं खरा उतर सकूँ। नगर का सुन्दरीकरण, प्राचीन मन्दिर, गंगाघाट, छुट्टा पशु एवं पर्यटन स्थल का कार्य हमारी प्राथमिकता में है।

# अभियान चला कर दिया स्वच्छता का संदेश

**संवाददाता।** सोनभद्र



**एनटीपीसी** सिंगरौली शक्तिनगर द्वारा भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत 16 मई से 31 मई 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा हैं। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा आवासीय परिसर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इसके अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्लांट कैंटीन में स्वच्छता अभियान द्वारा श्रमदान किया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख राजीव अकोटकर ने कहा कि हम सभी सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखनी चाहिए। स्वच्छता अभियान के अवसर पर महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण सतीश कुमार गुजरानिया महाप्रबंधक ऑपरेशन अशोक कुमार सिंह महाप्रबंधक अनुरक्षण अमरीक सिंह भोगल महाप्रबंधन ईंधन प्रबंधन प्रबोध कुमार महाप्रबंधक ऐश डाइक प्रबंधक जोसफ बास्टियन विभागाध्यक्ष मानव संसाधन सिद्धार्थ मण्डल व अन्य सभी एनटीपीसी के विभाग प्रमुख वरिष्ठ अधिकारी यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# आदित्य प्रताप सिंह किए गए सम्मानित

**संवाददाता।** महराजगंज/रायबरेली

**संघ** लोक सेवा आयोग 2022 की परीक्षा में उत्तीर्ण होकर रायबरेली का नाम रोशन करने वाले मीर का पुरवा के रहने वाले आदित्य प्रताप सिंह उर्फ सौरभ पटेल का यहां महराजगंज में उनके ननिहाल पक्ष के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बड़ी तादाद में जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों प्रशासनिक अधिकारियों एवं समाजसेवियों ने फूल मालाएं पहनाकर उन्हें सम्मानित किया तथा इस अवसर पर उनकी मां गीता देवी का भी अभिनंदन किया गया। समारोह में सम्मान पाकर गदगद आईएएस आदित्य प्रताप सिंह उर्फ सौरभ पटेल ने लोगों का आभार जताया साथ ही यह संकल्प लिया कि, वह अपना



जीवन संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के तहत गरीबों की सेवा और पीड़ितों की मदद करने में लगाएंगे साथ ही देश की एकता और अखंडता तथा संप्रभुता की रक्षा के लिए जो कार्य उन्हें दिए जाएंगे प्राण प्रण से उन्हें पूरा करेंगे। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में आदित्य प्रताप सिंह को मिली कामयाबी को जनपद के लिए गौरव का प्रतीक होने की बात कहते हुए आशा जताई है कि, जिले के युवा आदित्य प्रताप सिंह से प्रेरणा लेकर आगे इसी तरह सफलता प्राप्त करेंगे।

आपको बता दें कि, मीर का पुरवा के रहने वाले उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा के आरक्षी दिवंगत अनिल प्रताप सिंह के पुत्र आदित्य सिंह को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता मिली है और वह आईएएस बन गए हैं। आदित्य प्रताप सिंह का ननिहाल महराजगंज ब्लॉक के असनी गांव में है। उनकी मां गीता देवी पूर्व ब्लाक प्रमुख दिवंगत राम शंकर चौधरी की सबसे बड़ी बेटी है। उनके इस पद पर चयन के बाद उनके मामा असनी के प्रधान दिलीप चौधरी उर्फ दीपू तथा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने एक स्वागत अभिनंदन समारोह का आयोजन ब्लाक महराजगंज में किया।

## नया संसद भवन

### शानदार उद्घाटन

**नए** संसद भवन का भव्य उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। रविवार को हुए समारोह में ऐतिहासिक 'सेंगोल' को लगाने के साथ अनेक अन्य गतिविधियां भी हुईं। सेंगोल चोल साम्राज्य में सत्ता हस्तांतरण का प्रतीक रहा है। सी. राजगोपालाचारी की सलाह पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इसे स्वतंत्रता प्राप्ति के समय धारण किया था, पर बाद में इसे संग्रहालय भेज दिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'सेंगोल' की प्राचीन गरिमा बहाल कर इसे लोकसभा अध्यक्ष के आसन के निकट स्थापित किया है। सरकार और भारतीय जनता पार्टी के समर्थकों ने आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा करने वाले बयान दिए हैं। उन्होंने नई संसद बनाने के विचार का पहले से ही समर्थन किया है। नई संसद में शानदार वास्तु संरचना के साथ अनेक प्रतीकों व विश्वस्तरीय फर्निशिंग को शामिल किया गया है। दूसरी ओर विपक्ष ने पिछले कुछ दिनों में पूरे आयोजन पर तीखी टिप्पणियां की हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि थरूर ने पहले ही संविधान के अनुच्छेद 60 व 111 का संदर्भ देते हुए दावा किया था कि संसद प्रमुख के रूप में राष्ट्रपति को इमारत का उद्घाटन करना चाहिए था। टीएमसी की प्रतिक्रिया में भी निन्दा और व्यंग्य शामिल था। पार्टी सदस्य डेरेक ओ ब्रायन ने रविवार को कहा कि नई संसद का प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन यह कहने के समान है कि 'मैं केवल अपने आप से प्यार करता हूं।' लेकिन इस बात में कोई संदेह नहीं कि देश को नए संसद भवन की आवश्यकता थी। इस



आवश्यकता का अनुभव न केवल इस सरकार में, बल्कि इसके पहले भी किया गया था। 2012 में लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार ने एक उच्चाधिकार समिति का गठन पुराने संसद भवन के स्थान पर एक वैकल्पिक परिसर का सुझाव देने के लिए किया था। हालांकि, आवश्यकता का यह अनुभव कामकाज के दृष्टिकोण से था जिसके वैकल्पिक इमारत में विस्तार की उम्मीद थी। पुराना ढांचा एक शताब्दी पहले बना था और समय बदलने के साथ वह बदलती आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं कर सकता था। प्रधानमंत्री ने ठीक ही कहा है कि नया संसद भवन केवल एक इमारत न होकर 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाओं व सपनों की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा, 'यह हमारे लोकतंत्र का मंदिर है जो दुनिया को भारत की प्रतिबद्धता का संदेश देता है। यह नया संसद भवन योजना को यथार्थ से, नीति को क्रियान्वयन से, इच्छाशक्ति को कार्य से तथा संकल्प को सिद्धि से जोड़ता है।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, 'भारत न केवल लोकतांत्रिक देश, बल्कि लोकतंत्र की जननी है।' उन्होंने जोर दिया कि लोकतंत्र भारत में व्यवहार की जाने वाली केवल एक व्यवस्था नहीं है, बल्कि यह एक संस्कृति, विचार एवं परंपरा है। उनका यह कहना सही है कि हमारे देश में लोकतंत्र की जड़ें वेदों तथा आधुनिक बिहार के वैशाली तक जाती हैं। सरकार और विपक्ष के अनेक लोगों ने संसद को 'लोकतंत्र का मंदिर' कहा है। इसलिए सभी राजनीतिक पार्टियों तथा नेताओं की जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि इस मंदिर की पवित्रता हर परिस्थिति में और हर समय बनी रहे। किसी को भी इस मंदिर को अपवित्र नहीं करना चाहिए। इसका अर्थ है कि दोनों सदनों में कामकाज लोकतंत्र की सर्वोत्तम परंपराओं के अनुरूप होना चाहिए। वरिष्ठ नेताओं को सुनिश्चित करना चाहिए कि जब कोई विपक्षी बोल रहा हो तो उसे अपनी इच्छानुसार अपनी बात कहने का अवसर मिलना चाहिए तथा किसी को इस पर शोर-शराबा नहीं करना चाहिए। इसके साथ ही सभी सांसदों को निर्धारित समयसीमा में बोलने के लिए अध्यक्ष के निर्देशों का सम्मान करना चाहिए। इससे भारत का लोकतंत्र और मजबूत होगा।

# आतंकवाद का बढ़ता खतरा

आतंकवाद का उद्देश्य लक्षित समूहों में अत्यधिक भय पैदा करना है ताकि वे अपने व्यवहार में परिवर्तन करें जिससे चरमपंथी परिवर्तन का रास्ता साफ हो।

डा. सुधीर हिंदवान
(लेखक, एक रणनीति विशेषज्ञ हैं।)





राजौरी में हालिया आंतकी हमले में 4 सैनिक शहीद हुए। इसके कुछ दिनों पहले जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में एक सैनिक वाहन को निशाना बनाया गया था जिसमें 5 सैनिक शहीद हुए। यह हमला जी 20 बैठक के ठीक पहले हुआ जिससे स्पष्ट था कि अभी आतंकवादियों का पूरी तरह सफाया नहीं हुआ है। इन हमलों का उद्देश्य सुरक्षा में अस्थिरता पैदा कर क्षेत्र में जोखिम भरा माहौल बनाना था। यह कोई अलग-थलग घटना न होकर क्षेत्र में अतीत में आतंकी हिंसा का नया अध्याय है। पहले सोपोर, बड़गांव, छदूरा, नूरबाग व डोरू शाहाबाद में हुए आतंकी हमलों ने सुरक्षा एजेंसियों को चिन्ता में डाल दिया था। हालांकि, केन्द्र व राज्य सरकारों ने उन मुद्दों का समाधान कर शानदार काम किया है जिनका बहाना बना कर आतंकी जानबूझ कर समस्यायें पैदा करते थे तथा बाहरी लोगों पर निशाना लगाते थे। इसके अलावा, एक सीमा तक आतंकवाद से जुड़ना आतंकियों की आजीविका का मामला भी था क्योंकि उनके पास थोड़े पैसे के लिए अपना जीवन दांव पर लगाने तथा अपने मालिकों में 'झूठी लोकप्रियता' पैदा कर कुछ अतिरिक्त लाभ प्राप्त करना था। चाहे अजमल कसाब का मामला हो या कुछ अन्य का, उनको भ्रमित कर मुंबई में सर्वाधिक जघन्य अपराध के लिए प्रेरित किया गया था। हालांकि, केन्द्र सरकार ने पाकिस्तान के साथ वार्ताओं तथा अलगाववादियों से संवाद की शुरुआत कर क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान का प्रयास किया था, पर इसके बावजूद आतंकियों व सेना के बीच टकराव जारी रहे।

इस क्षेत्र की भौगोलिक संरचना विद्रोहियों को छापामार गतिविधियों का अवसर प्रदान करती है। अनेक वर्षों में कई सुरक्षा अधिकारी आतंकी हमले रोकने के प्रयासों में शहीद हुए हैं। दुनिया भर में आतंकियों की नई फसल ने अपने भीतर एक प्रकार का विश्वास पैदा किया है। उनकी रणनीतियां ज्यादा संवेदनशील हुई हैं और वे सीमापार से ज्यादा घातक अधिकार प्राप्त करने में सफल हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय आवागमन में तेजी से वृद्धि तथा अजाल्ट राइफल व प्लास्टिक विस्फोटक-आरडीएक्स जैसे संवेदनशील हथियारों का प्रयोग ने दुनिया भर में आतंकी संजालों का विस्तार किया है। इसके अलावा आतंकियों के 'आत्मघाती' दस्तों ने प्रभावित राज्यों की सुरक्षा व्यवस्थाओं को आश्चर्यचकित किया है। ऐसे में यूरोप, एशिया व अफ्रीका में हालिया घटनाओं की समुचित समझदारी की जरूरत है। इतिहास में अनेक त्रासद आतंकी घटनायें दर्ज हो चुकी हैं।

संगठित अपराध तथा राजनीतिक हिंसा के ब्रिटिश विश्लेषक एलीसन जैमीसन ने आतंकवाद व संगठित अपराध के बीच अंतर किया है जो हाल में बहुत धुंधला हो गया है। इटली में संगठित अपराध के विशेषज्ञ प्रोफेसर अर्नेस्टो का कहना है कि इनके 'लक्ष्य अलग-अलग हैं। जहां आतंकी का लक्ष्य वैचारिक होता है, वहीं संगठित अपराध का लक्ष्य वित्तीय है, लेकिन उनके उपकरण समान हैं। दोनों को पैसे और हथियारों की आवश्यकता होती है।' श्रीलंका में तमिल टाइगर्स अपने संघर्ष के वित्त-पोषण के लिए नशे के व्यापार में शामिल होते हैं तथा पूर्वोत्तर भारत में छापामार चाय बागान मालिकों का अपहरण कर उनसे प्राप्त धनराशि का प्रयोग अपने स्वतंत्रता संघर्ष के लिए करते हैं। चेचेन्या में अलगाववादी नशे के वितरण में गहरे लिप्त हैं। इन दिनों आतंकवादियों में पहले से अधिक विश्वास है क्योंकि संकटग्रस्त स्थानों तक उनकी पहुंच बढ़ी है। हमले करने के पहले वे अक्सर योजना बनाते हैं तथा नायक की तरह अपने कार्य का औचित्य बताते हैं। वे ऐसे उद्देश्य की पूर्ति करना चाहते हैं जो उनकी नजर में सही है। इस प्रकार अपने कृत्यों के माध्यम से वे अनेक प्रकार से भय पैदा करना चाहते हैं ताकि उनके लक्ष्य प्राप्त हो सकें। विलियन हेनरी ने अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद की समस्या की व्याख्या करते हुए कहा था, 'राजनीति से प्रेरित कुछ कृत्यों की जड़ें इतनी गहरी होती हैं कि कोई भी प्रतिबंध उनको अपने लक्ष्यों से विरत नहीं कर पाता है। आतंकवाद के अन्य कृत्य वैध तरीकों से निराशा के कारण पैदा होते हैं। इससे सरकारी दमन और उसकी प्रतिक्रिया में आतंकवाद पैदा होता है।' यह एक स्व-निर्मित दृष्टिकोण है जिसके चलते अपने गलत कामों को वैचारिक जामा पहनाया जाता है।

आमतौर से आतंकी समूह इतने छोटे और कमजोर होते हैं कि वे सरकारों के खिलाफ सफल कार्रवाई नहीं कर सकते हैं। इसलिए हिंसा आतंकियों का तात्कालिक लक्ष्य नहीं होता है और वे व्यावहारिक परिणामों के बजाय मनोवैज्ञानिक प्रभावों पर जोर देते हैं। इस प्रकार आतंकियों का उद्देश्य विशिष्ट समूहों में अत्यधिक भय पैदा करना होता है ताकि अंततः वे अपने व्यवहार में परिवर्तन कर समाज और सरकार की संरचना में सामान्य या खास परिवर्तन ला सकें। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाले रणनीति विशेषज्ञों को भी अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद की समस्या की बदलती प्रकृति तथा उसके कारणों का गहन परीक्षण व विश्लेषण की जरूरत है। यह सच है कि वर्तमान समय में प्रत्यावर्तन संधियों जैसे आतंकवाद-विरोधी कानून समस्या से निपटने के लिए काफी नहीं हैं। इसके साथ ही खुफिया जानकारी जुटाने, हस्तक्षेप करने व गहन निगरानी रखने के तरीके आधुनिक आतंकवाद से मुकाबले में सर्वाधिक प्रभावी तरीके हैं। इस संबंध में कुछ तरीकों पर विचार किया जाना उचित होगा।

हमें महत्वपूर्ण घटनाओं का सावधानी से परीक्षण कर विस्तृत कारगर रिपोर्टें तैयार करनी चाहिए। ऐसी रिपोर्टें तैयार करने से आतंकवाद-प्रभावित क्षेत्रों में की जाने वाली कार्यवाहियों व कार्रवाइयों को नए आयाम मिलेंगे। आतंकी गिरोहों से निपटने के लिए संवेदनशील नेटवर्क बनाने की आवश्यकता है। इनको व्यापक आधुनिकीकरण प्रयासों का अंग बनाया जाना चाहिए जिनमें नवीनतम तकनीकों का प्रयोग किया गया हो। आतंकी घटनाओं को समय रहते रोकने के लिए जहां सुरक्षा एवं प्रशासनिक एजेंसियों को अपने स्थानीय संपर्कों को मजबूत कर सहायता के स्रोतों का भी समय रहते पता लगाना चाहिए। इसी प्रकार आतंकियों के स्थानीय संपर्कों व सहायता स्रोतों का पता भी लगाया जाना चाहिए।

सुरक्षा एजेंसियों के लिए आतंकी नेटवर्कों से मुकाबला करने के लिए नई तकनीकों के विकास के साथ ही अपने संचार साधनों की सटीकता तथा कार्ययोजनाओं के बारे में गोपनीयता बनाए रखने के प्रयास करने चाहिए। सुरक्षा आवश्यकताओं की क्षमता का विकास करने तथा सुरक्षा आवश्यकताओं का पहले से अनुमान लगाना भी जरूरी है। इसके लिए सुरक्षा स्थितियों का पूर्वानुमान लगाने के विशेष पाठ्यक्रम तैयार करने के साथ ही सुरक्षा एजेंसियों व प्रशासनिक एजेंसियों को इनसे जोड़ने की आवश्यकता है। हालांकि, निकट अतीत में व्यक्तिगत आतंकियों के खिलाफ जवाबी-उपायों को मजबूत तथा संवेदनशील बनाया गया है। लेकिन इसके बावजूद दुनिया अभी मानवजाति के लिए पैदा हुई इस भयानकतम विभीषिका का सामना करने की स्थिति में नहीं आ पाई है। सारी दुनिया की सुरक्षा एजेंसियों व विभिन्न देशों को वर्तमान समय में आतंकवाद उभरने के नए कारणों का गंभीर विश्लेषण करने के साथ आतंकी संगठनों, व्यक्तिगत आतंकियों व उनके समर्थकों का मनोविज्ञान समझने की भी आवश्यकता है।

राज्यों द्वारा आतंकी हमलों और खतरों के खिलाफ सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के साथ ही ऐसी नई अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था बनाने के भी प्रयास करने होंगे जिसमें समन्वय व खुफिया सूचनाओं का साझा करने के लिए बहुआयामी व बहुस्तरीय व्यवस्था महत्वपूर्ण होगी। आज दुनिया के पास जी 20 व क्वाड जैसे अनेक शानदार मंच व असाधारण संभावनायें हैं जिनके माध्यम से आतंकवादी खतरों के बारे में खुफिया सूचनाओं का साझा करने, आतंकी वित्तीय स्रोतों पर लगाम लगाने तथा आतंकियों के खिलाफ ठोस जवाबी कार्रवाई की सटीक व्यवस्था बनाई जा सकती है।

# अमेरिका में मध्यावधि आर्थिक सुधार

के.ए. बद्रीनाथ
(लेखक, एक थिंक टैंक के निदेशक हैं।)



संयुक्त राज्य अमेरिका में गहराता कर्ज संकट गंभीर हो गया है। इससे प्रतिनिधि सभा पर नियंत्रण रखने वाले रिपब्लिकनों व डेमोक्रेटों के नियंत्रण वाले व्हाइट हाउस के बीच टकराव और बढ़ सकता है। यह स्थिति विश्व अर्थव्यवस्था तथा भारत जैसे विकासशील देशों के लिए शुभ संकेत नहीं है। पिछले कुछ दशकों से जारी बेलगाम आर्थिक नीतियों तथा संसाधनों के गैर-जिम्मेदारी से उपयोग के कारण विश्व अर्थव्यवस्था का 'शक्ति केन्द्र' समझे जाने वाले इस देश में गंभीर संकट पैदा हुआ है जिसका जिम्मेदार वह स्वयं है। यदि राष्ट्रपति जो बाइडेन आखिरकार रिपब्लिकनों के साथ कोई समझौता करने में सफल होते हैं तो इससे कर्ज की सीमा 31.4 ट्रिलियन डालर से और आगे बढ़ा दी जाएगी। लेकिन इसके कारण पैदा होने वाले अनेक प्रभाव अमेरिकनों को परेशान कर रहे हैं। अमेरिकी बांडों या कर्ज पत्रों के माध्यम से कर्ज प्रबंधन से भले ही कोई तात्कालिक चिन्ता न पैदा हो, लेकिन 1 जून के बाद संभावित कर्ज अदायगी में विफलता न केवल अमेरिकनों, बल्कि सारी दुनिया के विनाशकारी सिद्ध हो सकती है। अमेरिकनों के लिए इसका अर्थ यह होगा कि डेमोक्रेट चिकित्सा व स्वास्थ्य बीमा, पेंशन या सामाजिक विकास परियोजनाओं की अपनी महत्वाकांक्षी योजनाओं के लिए पैसा जुटाने की स्थिति में नहीं होंगे। ऐसी स्थिति में राष्ट्रपति जो बाइडेन तथा डेमोक्रेटिक प्रशासन को अपनी सभी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को छोड़ना होगा। इनमें छात्रों के कर्ज या फीस माफ करना तथा नौजवानों को व्यक्तिगत करों में रियायतें देना आदि शामिल हैं।

उनके लिए युवा डेमोक्रेट करदाताओं को यह समझाने में कठिनाई हो सकती है कि पहले ही बहुत उच्च स्तर पर कर्ज की 31.4 ट्रिलियन डालर सीमा को और बढ़ाने के क्या नतीजे निकल सकते हैं। वास्तव में समस्या की गंभीरता का अंदाज इस बात से भी मिलता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने आस्ट्रेलिया की क्वाड बैठक में शामिल होने के लिए अपनी प्रस्तावित यात्रा रद्द करनी पड़ी तथा वे हिरोशिमा में जी-7 नेताओं की बैठक के बाद देश वापस आ गए। आखिरकार क्वाड शिखर बैठक रद्द करनी पड़ी तथा अमेरिका, आस्ट्रेलिया, जापान व भारत के नेताओं ने हिरोशिमा में ही जी-7 के अवसर पर संक्षिप्त क्वाड बैठक कर ली। लेकिन अमेरिका तथा बाकी दुनिया के सामने उपस्थित मुद्दा थोड़ा अलग और जटिल है।

अमेरिका के आर्थिक मंदी में फंसने की सारी संभावनायें मौजूद हैं जिसके कारण विश्व स्तर पर वस्तुओं व सेवाओं की मांग में कमी आएगी। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक प्रगति की भावना को धक्का लगेगा, जबकि यह बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। दूसरा, संभावित आर्थिक संकट में बैंकों के पास एक मध्यावधि समय में बड़ी संख्या में निरर्थक हो चुके डालर-प्रभुत्व वाले बांडों या कर्ज पत्रों का अंबार लग जाएगा। इससे बचने के लिए अमेरिकी फेडरल रिजर्व व राजनेताओं को मध्यावधि में आर्थिक रास्ता सुधारने के प्रयास करने होंगे। इसमें खर्च पर भारी मात्रा में कटौती करना तथा देश के राजस्व में बढ़ोत्तरी करना शामिल है। लेकिन विडंबना है कि अमेरिका में 2024 में राष्ट्रपति चुनाव होंगे और ऐसी नीतियां डेमोक्रेटिक मतदाताओं को नाराज कर सकती हैं। तीसरा, अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर संकट को दूसरी अर्थव्यवस्थाओं तक फैलने से रोकना बहुत कठिन होगा। 2007-08 में रियल इस्टेट बंधक संकट के कारण पैदा वैश्विक आर्थिक संकट आसानी से भुलाया नहीं जा सकता है। यह 'हाउसिंग बबल' भारत जैसे बड़े विकासशील देशों तथा कम विकसित देशों के लिए समान रूप से तूफान की तरह सामने आया था। बैंकों द्वारा अत्यधिक जोखिम उठाने के कारण संकट सर्वाधिक गंभीर हुआ था। इसके कारण पैदा आर्थिक संकट सारी दुनिया के लिए 1929 की महामंदी के बाद सबसे बड़ा था। चौथा, यदि अंततः अमेरिका अपने कर्जों का भुगतान करने में अक्षम रहता है तो अमेरिकन अर्थव्यवस्था पर बड़े पैमाने पर निर्भर भारत जैसे देशों को भारी खामियाजा भुगतना पड़ेगा। लेकिन अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर भारी निर्भरता जैसे तत्वों से बचने के लिए भारत को व्यापक पैमाने पर विविधीकरण करना होगा।

भारत को सचेतन रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था के 'वि-डालरीकरण' की दिशा में आगे बढ़ना होगा तथा इसे राज्य नीति का अंग बनाना होगा। पांचवां, जहां अमेरिका को निर्यात आकर्षक हो जाएंगे तथा आयात खर्च में कमी आएगी, वहीं वैश्विक स्तर पर मांग में भारी कमी के कारण व्यापार समझौतों से प्राप्त लाभ निरर्थक हो सकते हैं। ऐसे में कोई कारण नहीं है कि भारत को और ज्यादा स्वतंत्र व्यापार व मुद्रा नीति अपनानी चाहिए ताकि वह फेडरल रिजर्व से सुरक्षित दूरी बनाए रखते हुए वाशिंगटन-डीसी से अपने जुड़ावों को पुनः परिभाषित कर सके। छठा, डेमोक्रेटों व रिपब्लिकनों को आर्थिक व विकास मोर्चों पर मध्यावधि सुधारों के मामले में परस्पर सहमति बनानी होगी तथा उनको बेलगाम कर्ज लेने की नीति से बचने की भी जरूरत होगी जिसमें कर्ज भुगतान के लिए कर्ज लेने की नीति भी शामिल है।

भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी है कि 31 मार्च, 2024 तक नए कर्ज लेने की सीमा 1.5 ट्रिलियन डालर तक सीमित की जाए तथा इसके साथ ही खर्च में 1.47 डालर की कटौती की जाए। इस दृष्टिकोण से भारतीय अर्थव्यवस्था पर संभावित खतरा कम होगा। सातवां, एक आसन्न संकट को अनदेखा करना किसी के हित में नहीं होगा और न ऐसा संकट और बढ़ाने का प्रयास किया जाना चाहिए। इसलिए खर्चों को निर्धारित सीमा के एक प्रतिशत से अधिक जाने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। इस दृष्टिकोण से 2023 में अपनाई नीति समझदारी भरी है जिसमें कर्ज सीमित करना, बचत बढ़ाना तथा प्रगति करना शामिल है। इसके साथ ही नए कर्जों पर रोक लगानी होगी तथा धीरे-धीरे वर्तमान कर्जों का बोझ घटाना उचित होगा।

यह बात अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी रहेगी जो अपनी स्थिति को पुनः निर्धारित करने के साथ ही अपने व्यापार व निवेश साझीदारों में विश्वास का भाव पैदा करना चाहती है।

वित्त वर्ष 2022 के अंत में कर्ज-जीडीपी अनुपात लगभग 97 प्रतिशत था वर्तमान नीति तथा रिपोर्ट के अनुमानों के अनुसार यह 2097 में बढ़ कर 566 प्रतिशत हो सकता है। इस स्थिति की विभीषिका को किसी प्रकार अनदेखा नहीं किया जा सकता है। ऐसे में संशोधित आर्थिक नीति तैयार करने के साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को यह नहीं भूलना चाहिए कि 2011 के आर्थिक संकट को पैदा करने के पीछे अमेरिकी कांग्रेस के फैसले बड़े स्तर तक जिम्मेदार थे। इसके कारण केवल एक साल में सरकारी खजाने पर कर्ज लेने में असाधारण रूप से 1.3 बिलियन डालर की वृद्धि हुई थी। इसके साथ ही अमेरिका को ध्यान देना होगा कि चीन को इस संकट का लाभ उठाने का कोई अवसर न मिले।

चीन अमेरिका का सबसे बड़ा कर्जदाता है। उसके पास मौजूद अमेरिकी कर्ज पत्र, नोट्स व दीर्घकालीन बांडों का मूल्य 859.4 बिलियन डालर से लेकर एक ट्रिलियन डालर तक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सरकार ने इन बदलती स्थितियों से महत्वपूर्ण सबक सीखे भी हैं और वह अधिक कर्ज लेने के खिलाफ स्पष्ट रूप से कट्टरवादी नीति अपना रही है।

## आप की बात

### पूर्वाग्रही विपक्ष

**नए संसद** उद्घाटन मे विपक्ष व अन्य दलों ने विरोध जताकर या बहिष्कार कर देश की संसद का तो अपमान किया ही है साथ ही संसद की गरिमा को भी ठेस पहुंचाई है। विपक्ष व अन्य दलों का यह ड्रामा तो ऐतिहासिक दिन के बाद भी हो जाता। आखिर देश दुनिया को मतभेद जताकर क्या हासिल हो गया? संसद भवन कोई साधारण भवन नहीं, देश के इतिहास का अंग व करोड़ों देशवासियों की आस्था का भवन है। विपक्ष की पूर्वाग्रह से ग्रसित मानसिकता से यह साबित होता है कि वे देश की संसद की गरिमा को कुठाराघात पहुंचा सकते हैं तो जनता जनार्दन की समस्या को कितना समझेंगे। जनता जनार्दन को चुनावी दौर मे ऐसे राजनीतिक दलों को अस्वीकार करना चाहिए जो देश के इतिहास मे सकारात्मक रवैया नहीं अपना सकते हैं। ऐसे विपक्ष व अन्य दलों के राजनेताओं से क्या उम्मीद करें कि वे देश को नई दिशा दे सकते हैं? ऐसे दयनीय मानसिकता वाले राजनेताओं को राजनीति करने का कोई हक नहीं जो नई संसद के उदघाटन में अनर्गल बयानबाजी करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रिकार्ड समय में नई संसद का निर्माण कर देश दुनिया को अपनी प्रतिभा व कार्यक्षमता दिखा दी है। वे साधुवाद के पात्र हैं।

– **योगेश जोशी,** बड़वाह

### शानदार समारोह

**नई संसद** का उद्घाटन समारोह बहुत ही भावपूर्ण भव्य व बेमिसाल था। इसके वीडियो और तस्वीरें देखने से लगता है कि यह आधुनिकतम सुविधाओं से परिपूर्ण आगामी 50 वर्षों तक उपयोग में लाया जा सकने योग्य भवन बनाया गया है। इसे हमारी पूरा पुरातन संस्कृति से जोड़कर एक विशिष्टता प्रदान की गई है। इसमें आजादी के प्रतीक चिन्ह के रूप में नेहरू जी को दिया गया सिंगोल भी स्थापित किया गया है। प्रधानमंत्री बनने के बाद नेहरू को ये उपहार में दिया गया था। भारत के तत्कालीन गवर्नर जनरल सी. राजगोपालाचारी ने इसे ब्रिटिश हुकूमत की ओर से भारत को सत्ता सौंपे जाने को दर्शाने वाला एक प्रतीक कहा था। इस गौरवशाली भेंट को यदि धर्म के प्रतीक स्वरूप संसद में स्थापित करने के बाद संसद की शान में चार चांद लग गए हैं। इस अवसर पर सर्व धर्म प्रार्थना की गई। विडंबना है कि नई संसद के उद्घाटन के ऐसे ऐतिहासिक क्षण को भी विपक्षियों ने महत्व नहीं दिया। उनका संकुचित मोदी-विरोध हावी हो गया। एक नेता ने नई संसद को ताबूत की संज्ञा देकर अपना मानसिक दिवालियापन प्रकट किया है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### प्लास्टिक प्रदूषण

**राष्ट्राध्यक्षों**, पर्यावरण मंत्रियों और संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों के अन्य प्रतिनिधियों ने फरवरी 2022 में नैरोबी में पहली सभा में प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने और 2024 तक एक अंतरराष्ट्रीय कानूनी रूप से बाध्यकारी समझौते के ऐतिहासिक प्रस्ताव का समर्थन किया था। पेरिस में इसका दूसरा आयोजन 2 जून तक है। इसमें यह तय किया जाना है कि 2024 के अंत तक प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध का एक वैश्विक नीति पर हस्ताक्षर हो जांए। 28 मई को पेरिस में ही इसी विषय पर क्षेत्रीय परामर्श प्रारम्भ किया गया। इसमें फ्रांस ने अपने उस फैसले को दोहराया जिसमें कहा गया है कि 2024 के पेरिस ग्रीष्मकालीन ओलिंपिक आयोजन के दौरान फ्रांस प्लास्टिक का कोई इस्तेमाल नहीं करेगा तथा एक बार के लिए इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक का इस्तेमाल पूरी तरह से समाप्त कर दिया जायेगा। प्लास्टिक प्रदूषण के कारण पर्यावरण के साथ-साथ समुद्र भी प्रदूषित हो रहा है। अब देखना ये है कि जलवायु परिवर्तन के तरह कहीं प्लास्टिक पर प्रतिबंध वाला राष्ट्रसंघ का प्रयास भी केवल नारा बन कर न रह जाए। इसमें सारी जनता का योगदान चाहिए।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### नीति आयोग का विरोध

**राज्यों** के विकास की जिम्मेदारी उनकी खुद की तो रहती ही है किन्तु केंद्र के सहयोग से विकास की गति को और अधिक गति मिलती है। इसके लिए केंद्र में नीति आयोग समय-समय पर सभी राज्यों के मुख्यमंत्री या उनके प्रतिनिधियों की बैठक बुलाता है जिसमें राज्यों के समग्र विकास के लिए विचार-विमर्श कर नीतियों का निर्धारण होता है। केंद्र और राज्य में भले ही सरकारें अलग-अलग राजनीतिक दलों की हो सकती है किन्तु नीति आयोग की दृष्टि में सभी राज्यों के विकास को दृष्टिगत रखा जाता है। इसलिए सभी राज्यों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित भी किया जाता है। ऐसे में कुछ गैर-भाजपा शासित राज्यों का नीति आयोग की बैठक में भाग न लेना दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे उनके राज्यों के विकास की गति रुकेगी। प्रत्येक राज्य को नीति आयोग की बैठक में अपने-अपने राज्यों के विकास के लिए भाग लेना चाहिए। विकास की नीति पर अनैतिक दलगत राजनीति को बढ़ावा देना देश-प्रदेश की जनता के हित में नहीं है। नीति आयोग का विरोध किसी प्रकार उचित नहीं कहा जा सकता है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

# हाईकोर्ट की लाइब्रेरी हाल में किया अधिवक्ता चंद्र नारायण त्रिपाठी की मूर्ति का अनावरण

**● अधिवक्ताओं के बीच बेहद लोकप्रिय थे चंद्र नारायण त्रिपाठी: न्यायमूर्ति**

**प्रयागराज।** हाईकोर्ट बार एसो. की ऐतिहासिक लाइब्रेरी हाल में सोमवार को उच्च न्यायालय के दिवंगत अधिवक्ता और हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के आजीवन सदस्य रहे स्व चन्द्र नारायण त्रिपाठी के चित्र का अनावरण किया गया। अनावरण हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति महेश चन्द्र त्रिपाठी ने किया। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह महासचिव नितिन शर्मा एवं स्वर्गीय चंद्र नारायण त्रिपाठी की पत्नी प्रियंवदा त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अपर महाधिवक्ता अशोक मेहता एवं अधिवक्ता राजीव लोचन शुक्ला उपस्थित रहे। बताया गया कि स्व चन्द्र त्रिपाठी का जन्म 27 मई 1954 को जनपद देवरिया में हुआ था। वह इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्र संघ के महासचिव भी रहे। अधिवक्ता हित के लिए सदैव तत्पर तथा हाईकोर्ट परिसर तथा समाज में अत्यन्त लोकप्रिय थे। उनका स्वर्गवास 05 जून 2020 को हुआ था। स्व चन्द्र त्रिपाठी के पुत्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के गवर्निंग काउन्सिल अभ्युदय त्रिपाठी ने सभी का आभार प्रकट किया। उक्त अवसर पर अमित के श्रीवास्तव वरिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वश्री आशुतोष पाण्डेय अशोक कुमार त्रिपाठी अजय कुमार मिश्र अजय जय हिन्द अरविन्द कुमार श्रीवास्तव स्वर्ण लता सुमन उपाध्यक्षगण सर्वेश कुमार दुबे संयुक्त सचिव प्रशासन अजय सिंह संयुक्त सचिव लाइब्रेरी अमरेन्द्र सिंह संयुक्त सचिव प्रेस अंजना चतुर्वेदी संयुक्त सचिव महिला आशीष कुमार मिश्र कोषाध्यक्ष प्रीति द्विवेदी सरिता सिंह अभ्युदय त्रिपाठी विनोद राय अमित कुमार पाण्डेय ओम प्रकाश विश्वकर्मा ओ पी विश्वकर्मा अरविन्द कुमार सिंह अरूण कुमार त्रिपाठी आशुतोष मिश्र नगरहा सुधीर कुमार केसरवानी साइमा सहेर अनिरूद्ध ओझा अनिल कुमार मिश्र गुलाब सिंह यादव एवं अनिल प्रताप सिंह कार्यकारिणी सदस्यगण सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।


चंद्र नारायण त्रिपाठी की मूर्ति का अनावरण करते न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी।

## हार-जीत की बाजी लगाने वाले 6 अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देश में जनपद मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी मेहदावल अंबरीश सिंह भदौरिया के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना मेहदावल रविन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर बढ़या ठाठर चौराहे के पास स्थित बाग में खंडहर मकान से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 06 अभियुक्त मो0 सलमान, मो0 शरीफ सत्यनारायण, उमेश चौहान, गप्पू उर्फ राजेश, हमीद अली को 17,500रु0 नकद, 06 अदद मोबाइल फ़ोन, 02 अदद ताश के पत्तों की गड्डी, 02 अदद मोटरसाइकिलों के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी / बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुअसं 190 / 2023 धारा 3 / 4 जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया है। बरामदशुदा दोनों मोटरसाइकिलों को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज कर दिया गया है।

# एक जून को आयोजित होगा प्रधानमंत्री स्वानिधि महोत्सवः जिलाधिकारी

**श्रावस्ती, भिनगा।** मिशन निदेशक राज्य शहरी आजीविका मिशन उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार जिलाधिकारी नेहा प्रकाश अध्यक्षता में पीएम स्वनिधि महोत्सव आयोजन के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि ;पीएम स्वनिधिद्ध योजना का शुभारम्भ दिनांक 1 जून 2020 को आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा किया गया था। योजनान्तर्गत शहरी पथ विक्रेताओं को अपनी आजीविका ध् व्यवसाय को बढ़ाने हेतु कार्यशील पूंजी के रूप में ऋृण उपलब्ध कराने के साथ ही उन्हें अन्य मूलभूत सुविधाएं भी मुहैया कराई जा रही है।जिलाधिकारी ने आगामी 1 जून को जिले में आयोजित होने वाले पी एम स्वनिधि महोत्सव की सभी तैयारी पूरी करने हेतु सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निदेश दिया है।

जिलाधिकारी ने पीओ डूडा को निर्देश दिये कि पीएम स्वनिधि महोत्सव आयोजन के सम्बन्ध में शासन का जो भी लक्ष्य प्राप्त हुआ है उसे शत प्रतिशत पूर्ण किया जाये तथा कार्यक्रम का आयोजन उच्च स्तरीय किया जाये। उन्होंने समस्त बैंकर्स को निर्देश दिये कि जिन स्ट्रीट वेंडर्स को अभी तक क्यू आर कोड उपलब्ध नहीं हो पाये हैं उन्हें शीघ्र उपलब्ध कराया जाये।

स्ट्रीट वेंडर्स को बैंकों द्वारा कराये जा रहे डिजिटल ट्रांजेक्शन हेतु प्रशिक्षित किया जाये। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि कार्यक्रम में उनके द्वारा एक निःशुल्क हेल्थ चेकअप का कैम्प लगाया जाये। उन्होंने पीओ डूडा को निर्देश दिये कि पूरे कार्यक्रम में उच्च स्तरीय फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी की जाये और कार्यक्रम में अधिक से अधिक स्टॉल लगवाया जाये।

जिलाधिकारी ने प्रभारी लीड बैंक मैनेजर को निर्देश दिये कि विभिन्न बैंकों द्वारा स्टाल लगायें जायेंए जिससे कि लाभार्थियों को अपनी सम्बन्धित बैंक से जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होंने कमेटी से सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि उक्त कार्यक्रम का अक्षरश अनुपालन करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित कराये, ताकि स्वनिधि महोत्सव का सफल आयोजन किया जा सके। इस अवसर पर एडीएम डीपी सिंह, एसडीएम भिनगा आशुतोष, उपजिलाधिकारी जमुनहा, मुख्य चिकित्साधिकारी एसपी तिवारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमिता सिंहए सहायक श्रमायुक्त, सन्त पाल, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका अनीता शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थिति रहे।

# छह वर्षीय वृत्तिका ने 11 मिनट में तैरकर पार की यमुना

**प्रयागराज।** नवजीवन तैराकी क्लब के तत्वावधान में इन दिनों तैराकी प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। जिसमें लगभग 150 बालक बालिका महिला एवं पुरुष तैराकी सीख रहे हैं। तैराकी प्रशिक्षक त्रिभुवन निषाद कमला निषाद लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड से सम्मानित तरुणा निषाद एवं मानस निषाद के नेतृत्व में गहन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसमें सेंट एंथोनी गर्ल्स कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा दो की 6 वर्षीय छात्रा वृत्तिका शांडिल्य पुत्री पंकज कुमार सिंह ने सुबह 6.10 मिनट पर यमुना नदी में तैरना शुरू किया। वृत्तिका ने 11 मिनट में यमुना पार कर इतिहास रचा। उनके साथ चल रही वोटों पर मां निवेदिता सिंह पिता पंकज कुमार सिंह बाबा पूर्व सैनिक बृज किशोर प्रसाद सिंह नीरज कपूर पूजा कपूर आदि ताली बजाकर उत्साह वर्धन कर रहे थे। वृत्तिका के साथ नदी में कोच त्रिभुवन निषाद एवं अजय निधान अपने डॉगी रॉकी के साथ उत्साहवर्धन कर रहे थे। वृत्तिका



शांडिल्य सुबह मां ललिता देवी मंदिर में आशीर्वाद लेने के बाद बरगद घाट पर बजरंगबली मंदिर में पूजा के उपरांत तैराकी शुरु करने से पहले अपनी तैराकी प्रशिक्षिका कमला निषाद का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त कर तैराकी प्रारंभ किया। मीरापुर सिंधु सागर घाट ककरहा घाट से सुबह 6.10. 21 पर तैरना शुरू किया और दूसरी ओर उस पार विद्यापीठ स्कूल महेवा की तरफ 6.21 मिनट पर यमुना नदी तैरकर पार किया उस समय उपस्थित दर्शकों के तालियों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया।

## डीएम ने थाने का किया औचक निरीक्षण

**अंबेडकरनगर।** डीएम अविनाश सिंह द्वारा थाना बेवाना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जनता दर्शन रजिस्टर का जायजा लिया गया। रजिस्टर में प्रार्थी का नाम, मोबाइल नंबर, शिकायत का कारण, फीडबैक इत्यादि उल्लिखित करते हुए अपडेट किए जाने का निर्देश दिया गया। तथा समय.समय पर शिकायतकर्ता से फोन के माध्यम से फीडबैक लिये जाने का निर्देश दिया गया। डीएम द्वारा रजिस्टर में लिखित प्रार्थी राजेंद्र प्रसाद उपाध्याय व गुरु चरण से फोन के माध्यम से फीडबैक लिया गया जिसमें प्रार्थी द्वारा संतोषजनक जवाब दिया गया। साथ ही साथ थाने में आए फरियादियों की सुनवाई की गई। थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री उप्र के निर्देशानुसार प्रातः 10 से 12 जनता दर्शन के माध्यम से जनसुनवाई का गंभीरता से पालन करना सुनिश्चित करे व प्रत्येक फरियादि को गंभीरता से सुनते हुए यथासंभव शीघ्र समस्या का निस्तारण गुणवत्ता परक करें।

# पीसी श्रीवास्तव बने अपर महाधिवक्ता, वकीलों ने दी बधाई

**● हरिश्याम मानव कल्याण शिक्षा एवं शोध संस्थान सहित अन्य संगठनों ने जताई प्रसन्नता**

**प्रयागराज।** प्रदेश सरकार ने उच्च न्यायालय इलाहाबाद के वरिष्ठ अधिवक्ता पी सी श्रीवास्तव को मुकदमों की पैरिवी के लिए अपर महाधिवक्ता नियुक्त किया हैं। उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता पी सी श्रीवास्तव के अपर महाधिवक्ता बनाए जाने पर उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अधिवक्ताओं और प्रमुख सामाजिक संगठनों के लोगों ने अलोपीबाग के अमिताभ बच्चन मार्ग स्थित उनके आवास पर जाकर बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त किया है। कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ता उच्च न्यायालय पी सी श्रीवास्तव के अपर महाधिवक्ता बनाए जाने से न्याय को जहां मजबूती मिलेगी। वहीं वह समाज और लोगों के हित में कार्य करेगे। पी सी श्रीवास्तव की शिक्षा दीक्षा इलाहाबाद


अपर महाधिवक्ता को बधाई देते राजीव कुमार मिश्रा।

विश्वविद्यालय इलाहाबाद और एलएलबी अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा से हुई है। वह 1992 से उच्च न्यायालय इलाहाबाद में प्रैक्टिस कर रहे हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता पी सी श्रीवास्तव मृदुभाषी मिलनसार व्यक्तित्व के धनी ईमानदार छवि और लोगों की समस्या सुनकर उसका समाधान करने वाले है। पी सी श्रीवास्तव के अपर महाधिवक्ता बनाए जाने पर किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी उत्तर प्रदेश किन्नर कल्याण बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य और किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि महराज टीना मां किन्नर अखाड़ा प्रयागराज की महामंडलेश्वर स्वामी कल्याणी नंद गिरि छोटी गुरु महंत वैष्णवीनंद गिरि महंत संजनानंद गिरि उच्च न्यायालय इलाहाबाद के राज्य विधि अधिकारी अभिषेक कुमार तिवारी हरिश्याम मानव कल्याण शिक्षा एवं शोध संस्थान की वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमिता मिश्रा सचिव राजीव कुमार मिश्रा वरिष्ठ समाजसेवी शिखा खन्ना उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के संरक्षक डॉ हरि प्रकाश यादव उपाध्यक्ष उपेन्द्र वर्मा सुरेन्द्र सिंह देवराज सिंह उत्तर प्रदेश वैचारिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ ज्ञान प्रकाश सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष यशवंत कुमार चौधरी विनोद कुमार सिंह मुनेंद्र शुक्ला ऋषभ श्रीवास्तव प्रशांत श्रीवास्तव आशीष राय भूपेंद्र पांडेय आनंद प्रताप सिंह पवन श्रीवास्तव सहित अन्य प्रमुख लोगों ने बधाई दिया है। अपर महाधिवक्ता पी सी श्रीवास्तव ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## क्विक न्यूज

### नारको कोऑर्डिनेशन मैकैनिज्म सेंटर की जिलास्तरीय बैठक

**श्रावस्ती, भिनगा।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में नारको कोऑर्डिनेशन मेकैनिज्म सेंटर के क्रियान्वयन हेतु नशीले पदार्थो की तस्करीध्दुरूपयोग को रोकने हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने पुलिस, एसएसबी, आबकारी, एनसीबी व औषधि विभाग द्वारा आपसी समन्वय बनाते हुए नारकोटिक्स पदार्थ एवं नशीली दवाओं की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिये। उन्होने शिक्षा विभाग एवं समाज कल्याण विभाग को समाज में जागरूकता के कार्यक्रम हेतु निर्देशित किया। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि वन विभाग एवं कृषि विभाग द्वारा अफीम एवं भांग की अवैध खेती पर नजर रखे जाने की आवश्यकता पर बल दिया जाए। डीएम ने नशामुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत जिले में अर्न्तराष्ट्रीय भारत.नेपाल सीमा के किनारे स्थित मेडिकल स्टोरो पर टीम बनाकर छापेमारी करने का निर्देश ड्रग निरीक्षक को दिया हैए उन्होने यह भी कहा कि छापेमारी के दौरान एसडीएम, पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं ड्रग इस्पेक्टर संयुक्त रूप से छापेमारी करे और यह देखें की नशे में प्रयोग की जाने वाली प्रतिबन्धित दवायें मेडिकल स्टोरो से तो नही बेची जा रही हैए यदि किसी भी मेडिकल स्टोर से नशा में प्रयोग की जाने वाली प्रतिबन्धित दवायें पायी जाती है तो सम्बन्धित मेडिकल संचालक के विरूध विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुये रिपोर्ट भी प्रेषित की जाये। डीएम ने बैठक में उपस्थित प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देश दिया कि कोतवाली भिनगा अन्तर्गत उल्लहवा वन क्षेत्र में कच्ची शराब निर्माण की मिल रही शिकायत के दृष्टिगत अपने स्तर से विशेष निगरानी करायें ताकि कच्ची शराब किसी दशा में बनने न पाये। बैठक का संचालन जिला आबकारी अधिकारी पीके गिरि द्वारा किया गया।

### दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती सुश्री प्राची सिंह द्वारा जनपद में अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व कार्रवाई के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी भिनगा अतुल कुमार चौबे के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती मय हमराह द्वारा मु0अ0स0 119ध्2023 ए धारा.498 ।ए304ठ भादवि व 3ध्4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम मे वांछित अभियुक्त सुकई पुत्र सहदेव नि0 भदिला दा0 चयपुरवा थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया।

### कुएं में गिरे मवेशी को दमकल टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला

**श्रावस्ती। कटरा।** बौद्ध तीर्थ क्षेत्र श्रावस्ती से सटे ग्राम कटरा में आपस में लड़ते समय एक मवेशी कुएं में जा गिरा जिसकी सूचना स्थानिए लोगो ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही दमकल टीम मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से किसी तरह मवेशी को कुएं से बाहर निकाला। सोमवार की सुबह ग्राम कटरा में दो मवेशी आपस में लड़ रहे थे उसी दौरान एक मवेशी पास में स्थित कुएं में जा गिरा। स्थानीय ग्रामीणों ने मवेशी को कुएं से निकालने का प्रयास किया लेकिन विफल रहे। किसी ग्रामीण ने इसकी सूचना दमकल व पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने ग्रामीणों की सहायता से किसी तरह कुएं से मवेशी को सुरक्षित बाहर निकाला।

### पहला दिनः स्कूटी से कार्यालय पहुंचे जगत, सुनी जनसमस्या

**संतकबीरनगर।** नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष जगत जायसवाल सोमवार को शपथ ग्रहण के बाद पहले दिन अपने पुराने सादगी के साथ स्कूटी से कार्यालय में पहुँचकर नगर पालिका के कर्मचारियो से भेंट किये। उनके आगमन की सूचना की जानकारी से पहले से ही नगरवासी कार्यालय के सभागार में बैठे रहे। खलीलाबाद नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डो से नगरवासियों ने अध्यक्ष जगत जायसवाल को वार्ड की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होने इसके लिए आये हुए आगुन्तको का एक रजिस्टर पर नाम, मोबाइल नम्बर पता अंकित करने का निर्देश दिया तथा सभी प्रार्थना पत्रों की एक फाईल बनायी जाय। निस्तारण की सूचना सम्बन्धित को रजिस्टर के मोबाइल नम्बर से दिये जाने का निर्देश दिया है। उनके आगमन पर शुभचिन्तकों ने उन्हे माला पहनाकर उनका स्वागत किया। उनके आगमन पर वार्ड के सदस्य भी उपस्थित रहे। सादगी व्यवहार व सभी का सम्मान से आगुन्तको ने चेयरमैन जगत जायसवाल का प्रशंसा किये।

### छात्रों ने इंटरनेशनल ओलिंपियाड में दिखाई प्रतिभा

**प्रयागराज।** विश्व के सबसे बड़े ओलिंपियाड साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल ओलिंपियाड में प्रयागराज के तीन छात्रों ने इंटरनेशनल मैथमैटिक ओलंपियाड परीक्षा में इंटरनेशनल रैंक हासिल की है। छात्रों में इंटरनेशनल मैथमैटिक ओलिंपियाड में बेथनी कॉन्वेंट स्कूल की कक्षा एक की छात्रा पल्लवी पांडेय को रैंक एक और कक्षा दो की छात्रा शिवानी गुप्ता को रैंक दो हासिल हुई और इंटरनेशनल सोशल स्टडीज ओलिंपियाड में मैरी कॉन्वेंट इंटर कॉलेज प्रयागराज की कक्षा तीन की अद्या रवींद्र को रैंक तीन मिला है। इन छात्रों को गोल्ड सिल्वर और ब्रोंज मैडल से सम्मनित किया गया।

## जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत अधिकारी को किया निलम्बित

**अंबेडकरनगर।** मुख्यमंत्री के जीरो टालेंस नीति के मंशानुरूप जिलाधिकारी के अनुमोदन 27.05.2023 के क्रम में अरुण कुमार, ग्राम पंचायत अधिकारी, विकास खण्ड जहांगीरगंज को निम्नलिखित आरोपों के सम्बंध में अनुशासनिक कार्यवाही प्रस्तावित करते हुए निलंबन आदेश तात्कालिक प्रभाव से निलम्बित किया जाता है तथा अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, को जांच अधिकारी नामित किया जाता है. 1. अपात्र होते हुए भी प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से लाभान्वित किया जाना। अरूण कुमार, गाम पंचायत अधिकारी निलंबन अवधि में जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय से सम्बद्ध रहेंगे और बिना अनुमति के अनुपस्थित नहीं रहेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि इस प्रकार की अन्य विभागों में अधिकारीएकर्मचारी द्वारा कार्यों में लापरवाही की जाती है तो उनके खिलाफ भी आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# जनशिकायतों का हो समयबद्ध निस्तारणः आकाश तोमर

**● पुलिस अधीक्षक ने थाना धानेपुर का किया निरीक्षण**

**संवाददाता।** गोंडा

**सोमवार** को पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने थाना धानेपुर का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने थाना कार्यालय, विवेचना कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, विवेचना कक्ष, मेंस, थाना परिसर व आरक्षी बैरक आदि का गहनता से निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष को रिकार्डों को अद्यतन करने, थाना परिसर में साफ सफाई रखने एवं महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों को आने वाली महिला फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके प्रति सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करते हुए तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने थाने के अपराध


थाना धानेपुर का निरीक्षण करते एसपी आकाश तोमर।

रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, ऑर्डर बुक न्यायालय, ड्यूटी रजिस्टर व नक्शा नौकरी का भी बारीकी से निरीक्षण कर सभी अभिलेखों को अद्यावधिक रखने के निर्देश दिए। साथ ही आईजीआरएस/जनशिकायतों के सम्बन्ध में लंबित शिकायती प्रार्थना पत्रों की समीक्षा कर प्रत्येक आईजीआरएस/शिकायती प्रार्थना पत्रो का स्वयं मौके पर जाकर आवेदक की संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने एवं लम्बित विवेचनाओ का भी गुणदोष के आधार पर निस्तारण, वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश थानाध्यक्ष को दिए। इस मौके पर पीआरओ व अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# शिक्षकों की समस्याओं का शीघ्र होगा निस्तारणः विजय किरन आनंद

**प्रयागराज।** उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के प्रदेश संरक्षक डॉ प्रकाश यादव के नेतृत्व में शिक्षकों का प्रतिनिधि मण्डल महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद से मिलकर बेसिक शिक्षा एवं अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों एडेड में स्थानांतरण सहित अन्य समस्याओं के संदर्भ में विस्तार से वार्ता किया। उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश के क्रम में ऑनलाइन स्थानांतरण की सूची निर्गत करने को लेकर ज्ञापन सौपा और बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षकों की अन्य समस्याओं को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। उप्र मा. शिक्षक संघ एकजुट के संरक्षक डॉ हरि प्रकाश यादव ने बताया कि अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों और प्रधानाचार्य के ऑनलाइन स्थानांतरण प्रक्रिया जुलाई 2021 में शुरू की गई थी परंतु उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश के क्रम में यह प्रक्रिया रोक दी गई थी। उच्च न्यायालय न्यायालय ने 11 मई 2023 को आदेश पारित करके तीन माह के भीतर स्थानांतरण सूची निर्गत करते हुए शिक्षकों और प्रधानाचार्य को कार्यभार ग्रहण कराने के लिए निर्देशित किया है। शिक्षकों और प्रधानाचार्य की ऑनलाइन स्थानांतरण की सूची जारी नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि सूची जारी करने और जून माह में ही शिक्षकों का कार्यभार ग्रहण करवा कर नए सत्र से विद्यालयों में प्रधानाचार्य व अध्यापकों की नियुक्ति सहित तमाम मुद्दों पर बात हुई। अशासकीय विद्यालयों के प्रांतीयकरण सिटीजन चार्टर लंबित एरियर का भुगतान की प्रक्रिया शुरू करने और समाधान के लिए शिक्षा महानिदेशक विजय किरन आनंद की तरफ से आश्वासन दिया गया है कि शिक्षकों के तबादले की तैयारियां शुरू हो गयी है जिसके विस्तार से शीध्र जानकारी दी जायेगी। उन्होंने एकजुट के संरक्षक डा हरि प्रकाश यादव को आश्वस्त किया है कि शिक्षकों की अन्य समस्याओं का शीघ्र निस्तारण प्राथमिकता पर किया जायेगा।

# मासूम बेटी के लिए दो मिनट का मौन

**● मासूम बेटी के साथ विद्या के मंदिर सनबीम में जो कुछ हुआ वह अविश्वसनीय दिल दहला देने वाला है तथा अकल्पनीय एवं दुखद है उक्त विचार व्यक्त कर रही थीं समाजसेवी डॉ. रानी अवस्थी अध्यक्ष प्रॉमिनेंट पब्लिक स्कूल समिति**

**अयोध्या।** उन्होंने कहा कि अब जिले में प्रचलन हो गया है कि स्कूल के संचालक एवं प्रिंसिपल छुट्टी में भी बच्चों की कक्षाएं किसी ना किसी बहाने से चलाते हैं चाहे वह समर कैंप हो या ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण हो या अतिरिक्त कक्षाएं हो। हमारे समय में ना ट्यूशन था ना कोचिंग थी नाही एक्स्ट्रा क्लास था केवल क्लासरूम टीचिंग में ही पढ़ कर बच्चे फर्स्ट डिवीजन पास होते थे टॉप करते थे। मेरा तो मानना है कि जितना अधिक स्कूल के लोग अपराधी हैं और कड़ी से कड़ी सजा के हकदार है उतना ही अधिक हमारी भी जिम्मेदारी है कि अपने बच्चों का ध्यान स्वयं दें विशेषकर बालिकाओं का। हमें बालिकाओं को अकेले कहीं नहीं जाने देना चाहिये मां छाया की तरह उसके साथ रहे वह विद्यालय से आए तो उसे प्यार से भोजन ही ना दें अपनेपन से स्कूल का हाल सहेलियों का हाल शिक्षक का व्यवहार सब पूछे और कहीं भी कोई बात हो तो तुरंत विद्यालय में लिखित रूप से अवगत कराएं और कार्यवाही भी कराएं। अभिभावकों का संगठन बनाएं जो विद्यालयों की कार्यशैली पर ध्यान रखें।

छुट्टी में यदि बच्चों को बुलाया जाए तो माता.पिता को स्कूल वालों से पूछना चाहिए कि क्यों बुलाया है फिर माता या पिता बच्ची के साथ अवश्य जाएं आजकल माता.पिता इतना व्यस्त हो गए हैं कि अपने बच्चों के साथ ना ही समय देते हैं ना ही पर्याप्त ध्यान देते हैं। बच्चे घर में ना रहे विद्यालय छुट्टी में भी जाए जिससे मां अपने घर का काम कर पाये ये सोच रहती है अधिकतर माये मुझसे कहती हैं कि आप बच्चों को स्कूल बुलाले ।अच्छे व बुरे का ज्ञान नाही विद्यालय में दिया जाता है और ना घर में। मॉरल साइंस 1 सब्जेक्ट है वह चरित्र का व्यवहार निर्मल करने के लिए नहीं पढ़ाया जाता है शिष्टाचार का पाठ पढ़ाने के लिए शिक्षा के पास समय नहीं है उनका समय केवल घर के लिए गृह कार्य देने में जाता है।

बड़े बड़े नामी स्कूलों में कक्षा में 60 से 65 बच्चे रहते हैं और शिक्षक के पास 1 मिनट भी एक बच्चे के लिए नहीं होता है एक पीरियड 35 या 40 मिनट का होता है वह कब बच्चों को अच्छी अच्छी बातों का ज्ञान दे। मेरी अभिभावकों से गुजारिश है कि आप शासन प्रशासन के सहारे अपने बच्चों को ना छोड़े आपके बच्चे हैं आप ध्यान दें आप निगरानी करें आप बच्चों की आवाज़ बने और समाज से लड़ना सिखाएं और संस्कारवान बनाएं लड़का हो या लड़की सभी पर बराबरी से ध्यान दें। आज के समय में सबसे निरीह बच्चा ही है क्योंकि वह समाज से लड़ नहीं पाता यहां बहुत भेड़िये घूम रहे हैं जो आपके बच्चों को नुकसान पहुंचाने के लिये व्याकुल है। आप बच्चों को हिम्मतवाला बनाएं समाज से लड़ना सिखाएं और स्वयं रक्षा करने योग्य बनाए उन्हें जूडो सिखाएं बालिकाओं को मिर्ची पाउडर साथ में रखने की सलाह दें मुसीबत में अपराधी की आंखों में डालकर स्वयं अपनी रक्षा करें या वहां से भाग जाएं पुलिस को तत्काल फोन करें।

अभिभावक आपातकालीन नंबर तथा अपना नंबर बच्चों के मोबाइल में 1 ए 2 ए 3 करके सेव कर दे जिससे कि मिलाना ना पड़े। डॉ. रानी अवस्थी ने कहा कि अब चुप रहने का समय नहीं है ना ही आंसू बहाने से कुछ होगा हमें अपने बच्चों को समर्थवान बनाना होगा यह लड़ाई हम सभी की है ऐसे विद्यालय कभी बच्चों को ना भेजें जहां इस तरीके के घृणित कार्य हो ऐसे विद्यालयों का सामाजिक बहिष्कार होना चाहिये। प्रबंधक राघवेंद्र अवस्थी ने कहा कि योगी सरकार को एक आदेश जारी करना चाहिए की छुट्टी में बच्चों को ना बुलाया जाए अति आवश्यक हो तो अभिभावक को साथ में बुलाया जाए जरूरत हो तो ऑनलाइन कक्षा भी चलायी जाए।

## साहब हमरे घरे तक अभी बिजली नहीं पहुंची, अंधेरे में डर लगता है

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** नगर पंचायत कुमारगंज के नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष विकास सिंह छोटू ने शपथ ग्रहण करने के बाद सोमवार को प्रथम दिन अपने कार्यालय पहुंचकर जनता के समस्याओं को सुन रहे थेए तभी नगर पंचायत क्षेत्र के अकमा पूरे गोसाई गांव निवासिनी संगीता पत्नी सुरेश ने नगर पंचायत अध्यक्ष से कहा कि साहब हमरे घर तक बिजली अबही नाहीं पहुंची, दुवारे सियार घूमा थी, डर लागत है, और एक नल भी लगवाय दियव दूर से पानी लाना पड़ता है। महिला की बातें सुन नगर पंचायत अध्यक्ष ने हर संभव मदद का भरोसा देते हुए आश्वासन दिया कि जल्द ही बिजली और पानी दोनों की व्यवस्था कराई जाएगी, वार्ड नंबर 5 पूरे लाद निवासिनी चंद्रावती पत्नी जग प्रसाद ने नगर पंचायत अध्यक्ष से कहा किए भैया हमरे घर नहीं ना और लिस्ट मा हमार नमवो नहीं है। हमय आवास दिलाए दियो, तब नगर पंचायत अध्यक्ष विकास सिंह छोटू ने आश्वासन दिया कि हम आपके आवास की व्यवस्था जरूर कराएंगे, कुछ फरियादियों ने अध्यक्ष से शिकायत किया कि कुछ लोग आवास दिलाने के नाम पर पैसे की मांग कर रहे हैं एइतना ही नहीं कई लोग ऐसे हैं, जिनका नाम आवास की सूची में है उनसे इसलिए पैसे की मांग जा रहा है कि तुम्हारा आवास हमने दिलया हैए आवास आने के बाद ऊपर भी समझना पड़ता है। जिसको सुनते ही नगर पंचायत अध्यक्ष विकास सिंह ने सभी लोगों से कहा कि किसी को पैसा मत देना आवास का कोई पैसा नहीं पड़ता है।जो लोग आवास की श्रेणी में हैं उनको आवास जरूर मिलेगा यदि कोई पैसे मांगने जाता है तो इसकी जानकारी पुलिस के साथ नगर पंचायत कार्यालय पर भी दे ऐसे लोगों के खिलाफसख्त कार्यवाही कराई जाएगी।

# छात्रा की मौत पर जांच व कठोर कार्रवाई के संदर्भ में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन

**अयोध्या।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र हित के मुद्दों पर सतत संघर्ष करती चली आ रही है। सनबीम विद्यालय में छात्रा आन्या की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत बेहद निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। ज्ञात हो कि अवकाश के दौरान छात्रा को विद्यालय बुलानाए छात्रा के विद्यालय में रहने के अंतराल के सीसीटीवी फुटेज गायब होनाए परिवार द्वारा मौत का कारण जानने की इच्छा पर झूले से गिरने का झूठ बोलना व घटनास्थल से साक्ष्य मिटाने का प्रयास करना सहित मामले को भ्रमित करने के लिए अनेकों झूठी दलीलें प्रस्तुत करना विद्यालय प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े करता है। इस घटना से संपूर्ण समाज में अत्यंत रोष व्याप्त है व आमजनमानस में असुरक्षा एवं भय व्याप्त है। इसलिय अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अयोध्या महानगर के कार्यकर्ताओं द्वारा सनबीम विद्यालय में छात्रा आन्या श्रीवास्तव की संदिग्ध मौत पर निष्पक्ष जांच व कठोर कार्यवाही के संदर्भ में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से उनकी अनुपस्थिती में अपर जिलाधिकारी महोदय को सौंपा गया।

महानगर मंत्री अंशुमान सिंह ने कहा की अगर छात्रा की मौत की साजिश में जिन जिन लोगो हाथ उनके कठोर से कठोर सजा दी जाए और उन्हें फांसी के फंदे तक पहुँचाकर विधार्थी परिषद अंतिम समय तक लड़ाई जारी रखेगी। प्रान्त कार्यकारणी सदस्य आस्था मिश्रा ने ज्ञापन सौंपने के बाद कहा कि प्रशासन निष्पक्षता के साथ कार्यवाही करें और आन्या के केस फास्टट्रैक कोर्ट में चलाया जाए और केस की जांच सीबीआई को सौंपी जाए अभाविप ने यह मांग की हैं कि उक्त प्रकरण की सीबीआई जांच करा कर कठोर से कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करें जो कि अपराधियों के लिए एक मिसाल बन सके। ज्ञापन देने में आशुतोष राणा मनीष यादव विभाग सह सयोंजक यश अग्रवाल महानगर सह मंत्री अर्पित श्रीवास्तव अंश जायसवाल दुर्गेश तिवारी अजय तिवारी शालिनी निषाद साक्षी कार्तिक अयोध्या कैंट नगर मंत्री अभय सिंह साहिल कसौधन मानवेंद्र सिंह अमन गुप्ता सहित एक सैकड़ा से ज्यादा कार्यकताओं ने हिस्सा लिया।

# निर्माण की धीमी गति को लेकर डीएम ने नाराजगी ने जाहिर की

**50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं के कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न**

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर




**जिलाधिकारी** उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में संचालित 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं के कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सख्त निर्देश दिए कि कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद कार्यों की गुणवत्ता जांच के बाद ही हस्तांतरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

विकासखंड तिलहर के अंतर्गत लखनऊ-दिल्ली-मुरादाबाद रेल मार्ग पर निगोही तिलहर के मध्य रेलवे रेल-उपरिगामी सेतु के निर्माण कार्य को जल्द शुरू किए जाने के भी जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने राजकीय इंटर कॉलेज कलान में स्वच्छ पाइप पेयजल, बालकध्बालिकाओं के लिए अलग अलग शौचालय, अतिरिक्त कक्षा-कक्ष प्रयोगशाला एवं मल्टीपरपज हॉल जैसी विकास परियोजना बाधित होने पर कार्यदाई संस्था के विरुद्ध प्रमुख सचिव महोदय माध्यमिक शिक्षा परिषद को कार्यवाही के लिए पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। महत्वपूर्ण बैठक में अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अनुपस्थित होने पर जवाब तलब करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। सराय कईयां चुंगी चौकी,पुलिस चौकी, बहुउद्देशीय सामूहिक केंद्र के निर्माण की धीमी गति को लेकर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुये निर्देशित किया कि कार्य की गति में तेजी लाई जाए। कार्यदाई संस्था सी0एण्ड डी0एस0 उत्तर प्रदेश जल निगम के अधिशासी अभियंता द्वारा तहसील तिलहर के आवासीय भवनों के निर्माण कार्य में बाधा की जानकारी देने पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी तिलहर एवं अपर जिलाधिकारी प्रशासन को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। नगर निगम भवन के निर्माण कार्य की धिमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने कार्य को समय बद्धता के साथ पूर्ण करने हेतु कड़े निर्देश देते हुये कहा कि कार्य में विलम्ब होने पर सख्त कार्यवाही अमल मे लाई जायेगी। ग्राम कहमरिया में नवनिर्मित आईटीआई में आदेशानुसार प्रशिक्षण शुरू न किये जाने तथा बिल्डिंग को अप्रयोज्य छोड़ देने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुये कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुये कक्षाओं को संचालित किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जल निगम नगरीय द्वारा किये जा रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के कार्य में गति लाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। कटरा, खुदागंज स्थित कस्तुरवा गांधी वालिका विद्यालय की गुणवत्ता संतोषजनक न पाये जाने पर कमियों में सुधार के निर्देश यूपीसी एल डी एस के अधिकारियों को दिए। मल्टीपरपज कार पार्किंग व एसएमटीपी की गुणवत्ता की जांच भी कराने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेज की जांच रिपोर्ट प्रेषित करने के भी निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। ददरौल विकास खंड के घूरखेड़ा में निर्माणाधीन वृहद गो संरक्षण केंद्र के कार्यों को 30 जून तक पूर्ण किए जाने हेतु जिलाधिकारी ने निर्देशित किया।

बैठक में जिला विकास अधिकारी पवन कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर पालिका बोर्ड की मीटिंग में 18 करोड़ 71 लाख के खर्च का बजट पास

**संवाददाता।** शाहजहांपुर जलालाबाद



**जलालाबाद** मे नगर पालिका बोर्ड की मीटिंग में 18 करोड़ 71 लाख के खर्च का अनुमोदन पास। नगर पालिका अध्यक्ष शकील अहमद खान ने नए सभासदों को माला पहना कर स्वागत किया। सभी ने मिलकर जुलकर नगर के विकास पर कार्य करने की की चर्चा।शाहजहांपुर । नगर पालिका जलालाबाद के सभागार में आज नवगठित नगर पालिका बोर्ड की प्रथम मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष शकील अहमद खान की ।जहां पर सर्वप्रथम अधिशासी अधिकारी दयाशंकर वर्मा ने नवनिर्वाचित पालिकाध्यक्ष शकील अहमद की माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद शकील अहमद खान मीटिंग में पहुंचे सभी सभासदों को माला पहनाकर उनका स्वागत किया और सभी से नगर के विकास के सहयोग की अपील की। नगरपालिका के वरिष्ठ बाबू गफ्फार खान विकास के लिए गत मीटिंग में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया एवं वर्ष 2023 24 के लिए 18 करोड़ 71 लाख की योजना प्रस्तुत की जिसका सभी सदस्यों ने अनुमोदन किया।

**105 सफाई कर्मियों के ऊपर सफाई नायक की तैनाती**

नगरपालिका के नवनियुक्त सभासदों ने एक स्वर में नगर पालिका के वरिष्ठ कर्मचारियों की सूची बनाई जाए और उनसे उनकी क्षमता के अनुसार कार्य लेने की मांग उठाई। साथी सदस्यों ने सफाई पर विशेष ध्यान लाइट की व्यवस्था सुधारने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने मेंटेनेंस के लिए कर्मचारी बढ़ाने आदि की मांग रखी। साथ ही उन्होंने 105 सफाई कर्मियों के ऊपर सफाई नायक की तैनाती की जिम्मेदारी तय करने की बात।

# लखनऊ के युवक का शव नदी में उतराता मिला

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**लखनऊ** के युवक का शव शाहजहांपुर में नदी में उतराता मिला। 18 साल चंद्रपाल शाहजहांपुर में स्थित अपनी ननिहाल आया था। 26 मई से चंद्रापाल लापता था। परिजन शाहजहांपुर में आकर उसको तलाश कर रहे थे। सोमवार सुबह चन्द्रपाल का शव नदी में उतराता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

लखनऊ के गोमती नगर का रहने वाला 18 साल के चंद्रपाल का ननिहाल शाहजहांपुर के खुटार थाना क्षेत्र में स्थित है। परिजनों के मुताबिक, कुछ दिन पहले चंद्रपाल घूमने के लिए अपनी नानी के घर आया था। तीन दिन रुकने के बाद 25 मई को नानी ने परिवार को फोन करके चंद्रपाल को ले जाने के लिए कहा था। इसके बाद परिजन 26 मई को शाहजहांपुर आए।

बताया जा रहा है कि 26 मई की सुबह से अचानक चंद्रपाल लापता हो गया।परिजनों का कहना है कि बेटे की हर जगह तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। इसके बाद पुलिस को सूचित किया। ग्रामीणों और पुलिस ने पास में स्थित गोमती में भी जाल डालकर चंद्रपाल को ढूंढने की कोशिश की, लेकिन कुछ पता नही चल सका। सोमवार सुबह चंद्रपाल का शव नदी में उतराता मिला। ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने परिजनों को शिनाख्त के लिए बुलाया।परिवार का आरोप है कि, चंद्रपाल का जब शव मिला था, तब उसके दोनों हाथ बंधे हुए थे। इससे लगता है कि उसकी हत्या की गई है। हालांकि परिवार ने रंजिश से इंकार किया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। एसपी एस आनंद ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलते ही एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बाल भिक्षावृत्ति देश के लिए एक अभिशाप

**संवाददाता।** शाहजहापुर



**शाहजहांपुर** में 18 मई से जनपद में रेस्क्यू अभियान के अंतिम दिन शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्ट्रीट चिल्ड्रन व बाल भिक्षावृत्ति में जीवन यापन करने वाले बच्चों हेतु रेस्क्यू अभियान चलाया गया जिसमें हनुमत धाम बस स्टॉप माल गोदाम निगोही रोड पर ऐसे बच्चे हेतु रेस्क्यू किया गया जिसमें आज दो बच्चों का चिन्हीकरण किया गया तथा वहां पर स्थित दुकानदारों तथा जनता को जागरूक किया गया।

अभियान की अगुवाई करते हुए बाल कल्याण समिति के सदस्य मुनीश सिंह परिहार ने कहा कि बाल भिक्षावृत्ति देश के लिए एक अभिशाप है जिसे जनपद से पूरी तरह से खत्म करने हेतु कई दिनों से रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है टीम द्वारा लोगों को जागरूक किया गया कि किसी भी बच्चे को भीख मांगते हुए देखे, तो तुरंत टोल फ्री नम्बर 1098, 181, 1090, 112 पर सूचित करे तथा संरक्षण अधिकारी निकेत कुमार सिंह द्वारा कहा गया कि शासन स्तर से विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है, जिसमे ऐसे बच्चे व गरीब परिवार जिनको मदद की जरूरत है, वह जिला प्रोबेशन कार्यालय में आकर संपर्क करे, उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जायेगा। रेस्क्यू अभिय में जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के निर्देशन में एब बाल कल्याण समिति के सदस्य मुनीश सिंह परिहार के नेतृत्व में चलाया जा रहा है

महिला कल्याण विभाग की टीम द्वारा लोगों को बताया गया कि प्रदेश सरकार द्वारा निराश्रित बच्चों के लिए बाल सेवा योजना व बालिकाओं की पढ़ाई के लिए कन्या सुमंगला योजना जिला प्रोवेशन कार्यालय के माध्यम से चलाई जा रही हैं रेस्क्यू के दौरान बाल कल्याण समिति के सदस्य मुनीश सिंह परिहार, जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी निकेत कुमार सिंह, काउंसलर प्रतिभा मिश्रा एएचटीयू से निरीक्षक अनंतराम राव, कांस्टेबल मुकेश गिरी कांस्टेबल अंकित, कांस्टेबल सावन कुमार, चाइल्ड लाइन से आशा उपस्थित रहे रेस्क्यू किए गए दो बच्चों को बाल कल्याण समिति शाहजहांपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया प्रस्तुत किए गए दोनों बच्चों के आदेश के समय बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अमितेश अमित, सदस्य मुनीश सिंह परिहार ,सदस्य अरविंद मिश्रा सदस्य संध्या सक्सेना समिति में उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में कारोबारी की मौत

**बरेली।** परिवार के साथ कार से बालाजी की यात्रा से लौट रहे एक कारोबारी कि रास्ते में ही सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दुर्घटना में कई लोग घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया जा पहुंचते डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया ।उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले के सितारगंज निवासी दीपक जैन पुत्र सुरेंद्र जैन कि बीती रात बरेली के बहेड़ी थाना क्षेत्र में टोल प्लाजा के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि दीपक कुछ दिन पहले अपनी पत्नी कोमल जैन और अन्य परिजनों के साथ राजस्थान स्थित बालाजी धाम की यात्रा पर गए थे और बीती शाम वह कार से घर वापस लौटने के लिए चले थे लेकिन देर रात जब उनकी कार बहेड़ी के टोल प्लाजा के पास पहुंची तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी जिससे कार चला रहे दीपक जैन गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला ट्रक फरार हो गया।

# दिव्यांग से ब्याह करने पर सरकार देगी पुरस्कार

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**दिव्यांग** से व्याह रचाने पर युवाओं को दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का लाभ मिलेगा। इसके तहत पति के दिव्यांग होने पर 15 हजार पत्नी के दिव्यांग होने पर 20 हजार व दोनों के दिव्यांग होने पर 35 हजार रुपए दिया जाएगा।

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वीरपाल ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत दिव्यांग व्यक्तियों से विवाह करने पर प्रोत्साहन राशि दी जाती है। पति के दिव्यांग होने पर 15 हजार, पत्नी के दिव्यांग होने पर 20 हजार तथा पति एवं पत्नी दोनों के दिव्यांग होने पर 35 हजार राशि अनुदान स्वरूप प्रदान किया जाता है। इसके लिए जरूरी है कि दोनों दंपति प्रदेश के मूल निवासी हो, दंपति में पति की उम्र 21 वर्ष से 45 वर्ष तथा पत्नी की उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। पति एवं पत्नी में से कोई भी आयकर दाता की श्रेणी में न आता हो। सीएमओ द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र के अनुसार दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होनी चाहिए। ऐसे दिव्यांग दम्पति पात्र होगे जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष अथव वर्तमान वित्तीय वर्ष मे हुआ हो। दिव्यांग शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत इच्छुक दिव्यांग दम्पति जिनकी चालू एवं गत वित्तीय वर्ष में सम्पन्न हुई शादी सम्पन्न हुई है वह शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते है। आनलाइन फार्म भरते समय आवेदक दम्पति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटो, आय, जाति प्रमाण पत्र, युवक एवं युवती का आयु का प्रमाण पत्र (जिसमें जन्मतिथि का अंकन हो), सक्षम अधिकारी से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता, अधिवास का प्रमाण पत्र, युवक व युवती की आधार कार्ड की छायाप्रति आदि अभिलेखो के साथ आवेदन पत्र आनलाइन उपरोक्त वेबसाइट पर करना अनिवार्य है।

## मंदाकिनी महिला ब्राह्मण संगठन ने चलाया समर कैम्प

**लखीमपुर खीरी।** मंदाकिनी महिला ब्राह्मण संगठन द्वारा समर कैंप का आयोजन किया गया। आयोजन मंदाकिनी महिला ब्राह्मण संगठन की जिला अध्यक्ष निरुपमा मौनी बाजपेई की अध्यक्षता में किया जा रहा है। 20 मई से 31 मई तक समर कैम्प का आयोजन निरूपमा बाजपेई के आवास पर किया जा रहा है।

समर कैंप के माध्यम से मेकअप, कुकिंग, नृत्य, आर्ट ऑफ क्राफ्ट, ढोलक मेहंदी सहित आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कुकिंग का प्रशिक्षण संगीता शर्मा व रेखा द्वारा महिलाओं को दिया जा रहा है। साक्षी अवस्थी द्वारा बच्चों को नृत्य सिखाया जा रहा है। मेहंदी प्रतियोगिता, ढोलक प्रतियोगिता का आयोजन निरुपमा बाजपेई के द्वारा किया जा रहा है। महिला संगठन की जिला अध्यक्ष निरुपमा बाजपेई ने बताया 20 मई से 31 मई तक समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

## सीएचसी, पीएचसी और बीएसडब्ल्यू पर आयोजित हुए जागरूकता कार्यक्रम



**लखीमपुर खीरी।** जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर महामारी स्वच्छता दिवस मनाया गया। इस दौरान किशोरियों और महिलाओं को महामारी के दौरान होने वाली समस्याएं और उनके समाधान के विषय में प्रशिक्षित परामर्शदाता द्वारा सलाह दी गई।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ बीसी पंत ने बताया कि महामारी स्वच्छता दिवस 28 मई को जनपद में मनाया गया। जिला महिला अस्पताल सहित जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान महामारी के दौरान स्वच्छता रखने और कपड़े की जगह पैड का इस्तेमाल करने को लेकर किशोरियों और महिलाओं को जागरूक किया गया।

## तीन के विरुद्ध दहेज प्रतिषेध का केस दर्ज

**मोहम्मदी।** दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर एक विवाहिता ने पति व सास-ससुर सहित तीन लोगों के विरुद्ध दहेज प्रतिषेध का मामला दर्ज करवाया है। मुहल्ला पूर्वी लखपेड़ा गुलौली रोड निवासिनी शिवानी मिश्रा ने बताया कि उसका पति अनुराग बाजपाई, ससुर कृष्ण कुमार बाजपेई तथा सास उषा बाजपेई निवासीगण ग्राम वीरपुर हाल पता मुहल्ला पूर्वी लखपेड़ा आबकारी विभाग के पीछे उससे दहेज की अतिरिक्त मांग करते हैं।

उसके द्वारा विरोध करने पर उसको काफी मारपीट व जान से मारने की धमकी देते हैं। पीड़िता ने तंग आकर उक्त तीनों आरोपितों के विरुद्ध दहेज प्रतिषेध का मामला दर्ज करवा दिया है। इंस्पेक्टर अंबर सिंह ने बताया कि उक्त पीड़िता की तहरीर पर इन आरोपितों पर केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# डीएम ने ली जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**सोमवार** को जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक का संयोजन, संचालन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड तृतीय के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार यादव ने किया। बैठक में जनपद में घटित दुर्घटनाओं का विश्लेषण, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (वनरेबल लोकेशन), स्कूली वाहनों के मानकों अनुरूप होने पर ही संचालन किए जाने पर विस्तृत चर्चा हुई।

डीएम ने कहा कि मानव जीवन अनमोल है, उन्होंने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान मे रखते हुए यातायात नियमों का पालन करने की अपील आम नागरिकों से की, जिससे वाहन दुर्घटना मे कमी लायी जा सके। जिले में जहां पर घुमावदार स्थान तथा ब्लाइंड स्पॉट है, वहां से सौ मीटर पूर्व में साइनेज लगाने के दिशा निर्देश दिया। स्कूली वाहन मानक के अनुरूप होने पर ही संचालित हो। डीआईओएस व बीएसए फिटनेस समाप्त स्कूली वाहनों की फिटनेस स्कूली प्रबंधकों के जरिए अभिलंब करवाए। पुलिस, परिवहन विभाग संयुक्त रूप से विद्यालयों की फिटनेस समाप्त वाहनों के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित करें। ऐसे वाहन जिनके मानक पूर्ण नहीं है। इन वाहनों को संचालित पाए जाने पर तत्काल निरुद्ध किया जाए।

सड़क निर्माण एजेंसियों को डीएम ने निर्देशित करते हुए कहा कि उनके मार्ग पर जितने भी ब्लैक स्पॉट अवशेष हैं, उनका शीघ्र अति शीघ्र सुधारात्मक कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने ब्लैक स्पॉटवार सुधारीकरण कार्य की प्रगति जानी। जिले में घटित दुर्घटनाओ का विश्लेषण करते हुए नए ब्लैक स्पॉट एवं बनरेबल लोकेशन चिन्हित करने के निर्देश दिए।डीएम ने यह भी सुझाव दिया कि लिंक मार्ग व मुख्य मार्ग को कनेक्ट करने वाले स्थानों के पास संकेतांक के साथ मानक के अनुसार स्पीड ब्रेकर बनाए जाए।पलिया-भीरा मार्ग के दुरुस्तीकरण एवं अतरिया ब्लैक स्पॉट के सुधारीकरण का कार्य के लिए एनएचआई बरेली के अफसरों को निर्देशित किया।

## उत्पीड़न की कार्यवाही तुरंत रोकी जाए वरना करना पड़ेगा आंदोलन: जितेंद्र शर्मा

**बरेली।** बरेली कॉलेज के अस्थाई कर्मचारियों ने प्राचार्य को दिया ज्ञापन। ज्ञापन में कहा उत्पीड़न की कार्यवाही तुरंत रोकी जाए वरना करना पड़ेगा आंदोलन। कर्मचारी कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा के नेतृत्व अस्थाई कर्मचारियों ने आज प्राचार्य डॉक्टर ओपी राय को मिलकर ज्ञापन सौंपा कर्मचारी नेताओं ने बिना सूचना दिए जांच समिति गठित करने पर प्राचार्य से ऐतराज जताया अध्यक्ष जीतेंद्र मिश्रा ने बताया यह सब अस्थाई कर्मचारियों को परेशान करने के लिए और मांगों को अनसुना करने के लिए किया जा रहा है इसके पीछे प्रबंध समिति के सचिव भी जिम्मेदार हैं। अध्यक्ष जिलाधिकारी जी हैं उनके बिना बैठक कर ली जाती है और मनमानी तरह से फैसले हो रहे हैं हम कमिश्नर बरेली से मिलकर प्रबंध समिति की शिकायत 5 तारीख को करेंगे।

# दस्त की शिकायत बच्चे के लिए बन सकती हैं बड़ा खतरा

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**भीषण** गर्मी और फिर हल्की बरसात के कारण लगातार बदल रहे मौसम के कारण हमारे नन्हे-मुन्ने बच्चों में उल्टी, दस्त जैसी बीमारियां होने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। ऐसे में हम छोटे-छोटे उपाय अपनाकर इससे अपने बच्चों को बचा सकते हैं।

जिला पुरुष चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. आईके रामचंदानी ने बताया कि बदलता मौसम बच्चों में उल्टी-दस्त जैसी बीमारियों के होने का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में दस्त में खतरे के लक्षणों को पहचानना बेहद जरूरी है। अगर बच्चे की आंखें धंसी हुई लग रही है, सुस्ती या बेहोशी रह रही है, पानी पीने में असमर्थता दिख रही है, पेट पर चुटकी काटने के बाद बहुत धीरे से त्वचा का सामान्य हो रही है, अधिकतर दस्त अथवा दस्त में खून आ रहा है। यह खतरे के लक्षण हैं ऐसी स्थिति में तत्काल अपने नजदीकी अस्पताल में जाकर बच्चे का इलाज प्रशिक्षित चिकित्सक से करवाएं। इससे बचाव के लिए बार-बार साबुन से हाथ धोए, खाना बनाने एवं बच्चे को खाना खिलाने से पहले शौंच एवं बच्चे के मल को साफ करने के पश्चात अवश्य हाथ धोएं, शौच के लिए शौचालय का ही प्रयोग करें, बाहर खुले में शौच ना करें, साफ एवं सुरक्षित पानी पिए, बच्चे के उम्र अनुसार खसरा एवं रोटावायरस के टीके अवश्य लगवा लें। छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर हम दस्त के खतरे से अपने बच्चों को बचा सकते हैं।

# बरेली पहुंची समाजवादी महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव

**संवाददाता।** बरेली



**समाजवादी** पार्टी की महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव आज बरेली पहुंची और विपक्ष पर निशाना साधते हुए बोली की आज हम कई जिलों मे दौरे करने के बाद बरेली पहुचे है, और उसके बाद बदायूँ और अन्य जिलों मे भी भ्रमण करेंगे समाजवादी पार्टी की पूर्व मंत्री महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष का कहना है की भाजपा ने कोई ऐसे कार्य नही किये जिनसे महिलाएं खुश हो, घर की ग्रहणी महिला होती है आज रसोई गैस सिलेंडर महंगा है और अन्य बातो मे देखा जाए तो महंगाई चरम सीमा पर है, लेकिन भाजपा ली सरकार को इससे कोई फर्क नही पड़ रहा इसलिए आने वाले चुनाव् को देखते हुए हम सभी जिलों का भ्रमण कर रहे है और महिलाओं को एकत्र करने का कार्य कर रहे है ताकि महिलाये संगठित हो सके और अपने सही मत का प्रयोग कर के आने वाले चुनाव मे समाजवादी पार्टी को जिताए महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का कहना है, आज पूरा प्रशासन सरकार का तंत्र बन के काम कर रहा है, और समाजवादी पार्टी को हराने की कोशिश कर रहा है और हर जिले मे एक सरकारी तंत्र की तरह सभी लोग भाजपा कार्यकर्ता बनके भाजपा को जिताने का कार्य कर रहा है, लेकिन एक दिन ऐसा आएगा की जनता सडकों पर उतर कर आंदोलन करेगी और कर रही है और बात की जाए जंतर मंतर पर अपने हक की लड़ाई लड़ रही बेटियों की तो भाजपा सरकार ना इनकी ओर देख रही है ना उनके हित के लिए कोई कार्य कर रही है आज आदेश मे बेटियों के लिए कोई सही सुविधा नही मिल पा रही है, और आय दिन बेटियों के साथ बलात्कार और हिंसा की जा रही है ऐसे मे सरकार क्यू चुप्पी साधे हुए है कोई एक्शन क्यू नही लेती महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष का कहना है अब जनता जाग चुकी है और जल्द उत्तरप्रदेश मे समाजवादी पार्टी का परचम लहराएगा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का कहना है आज निकाय चुनाव मे कितने निर्दलीय जीते है लेकिन भाजपा बस समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को हराना चाहती है, पूरा प्रशासन आज भाजपा के एजेंट की तरह काम कर रहा है लेकिन हम अब अगले चुनाव मे दिखा देंगे की समाजवादी पार्टी किस् तरह से समाज की महिलाओ और युवाओ ले लिए काम कर के अपनी पार्टी को आगे ले जाने का काम करेगी।

## रेलवे लाइन किनारे मिली लापता युवक की लाश

**बरेली।** दो दिन से लापता एक युवक की लाश आज सुबह रेलवे लाइन के पास पाई गई मृतक के सिर में चोट के निशान थे घरवालों ने हत्या की आशंका जताई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी।शेरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव ब्योधा निवासी बाबूराम के 18 वर्षीय बेटे राजेश की लाश आज सुबह भोजीपुरा थाना क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के पास रेलवे लाइन के किनारे पाई गई के सिर पर चोट के निशान थे पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के घर वालों ने बताया कि राजेश शनिवार को बिना बताए घर से बाहर निकला था लेकिन वह वापस नहीं लौटा घर बालों ने उसे तलाशने की कोशिश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला इधर उसकी लाश को भोजीपुरा रेलवे स्टेशन के पास देखकर घटना की जानकारी पुलिस को दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक के घर वालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली उन्होंने हत्या की आशंका जताई।

# एक्स सर्विसमैन वेलफेयर कोआर्डिनेशन कमेटी की मासिक बैठक संपन्न

**संवाददाता।** बरेली

**जनपद** बरेली फतेहगंज पश्चिमी आज कस्बे के लोधी नगर चौराहे उनासी रोड़ पर एक हॉल में एक्स सर्विसमैन वेलफेयर कोआर्डिनेशन कमेटी रजिस्ट्रेट फतेहगंज पश्चिमी इकाई की मासिक बैठक 28 मई को डॉक्टर कैप्टन आरके भारद्वाज के कार्यालय में संपन्न हुई जिसमें 50 पूर्व सैनिक उपस्थित हुए। सभा की अध्यक्षता डॉ कैप्टन आरके भारद्वाज साहब ने की। इस मौके पर सूबेदार मेजर बी पी सिंह और सूबेदार मेजर राम सिंह एवं डॉक्टर कैप्टन आरके भारद्वाज ने मीटिंग में पूर्व सैनिकों को बताया कि आप सभी लोगों के जो आई कार्ड है मैं अगर खराब हो गए हो तो अपना नया आई कार्ड बनवा लें क्योंकि आई कार्ड हमारी असली पहचान है बगैर आई कार्ड के कहीं पर भी हमें कोई सुविधा नहीं मिल पाएगी। एंव पेंशन जो मिलती है उसमें अपना और अपनी पत्नी का पैन कार्ड आधार कार्ड हेड क्वार्टर या ऑफिस जाकर जरूर लगवा ले। जिससे आपकी पेंशन में कोई दिक्कत ना हो। और कहा जिस फौजी भाई की बेटी या बेटे की शादी एवं उनकी पढ़ाई लिखाई या बीमारी या कारोबार या अन्य समस्याओं के लिए अगर बैंक से लोन लेने की जरूरत पड़ती है तो इसके लिए आपको जो पेंशन मिलती है उसकी पे स्लिप बनवा लें। उसी पे स्लिप के आधार पर ही आपका लोन किया जाएगा। और बताया केंद्र और राज्य सरकार से फौजी भाइयों के लिए कैई तरह की सुविधाएं दे रखी हैं उन सुविधाओं के बारे में एवं अन्य सुविधाओं के बारे में भी सभी फौजी भाइयों को जानकारी दी गई। और उन्होंने बताया हमने एक्स सर्विसमैन वेलफेयर कोआर्डिनेशन कमेटी रजिस्टर्ड इसीलिए कराई थी कि हम एक्स सर्विसमैन लोग संगठित रहें। हर महीने मासिक बैठक इसलिए की जाती है कि जो जानकारी हम लोगों को घर बैठे नहीं मिली है वह मीटिंग में आकर सारी जानकारी मिल सकती है।

# एम्स की तर्ज पर इमरजेंसी वार्ड का डीएम ने फीता काट किया शुभारंभ

●कोई भी मरीज अब नहीं होगा जनपद से रेफ़र

●वार्ड में चौबीस घंटे रहेगी चिकित्सकों की तैनाती



**संवाददाता।** उरई, जालौन

**सोमवार** को जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने राजकीय मेडिकल कालेज मे बनाये गये एम्स की तर्ज पर इमरजेंसी वार्ड का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने प्राचार्य राजकीय मेडिकल कालेज को निर्देशित करते हुये कहा कि एम्स की तर्ज पर बनायी गयी इमरजेंसी में समस्त प्रकार की दवाईयां, चेकअप सुविधा, 24 घण्टे चिकित्सक मौजूद रहेंगे, किसी भी मरीज को अब जनपद से बाहर रेफ़र नहीं किया जायेगा।

राजकीय मेडिकल कालेज में बेहतर उपचार दिया जायेगा जिससे जनपदवासियों को अब अन्य जनपदों में रेफ़र नही किया जायेगा सभी सुविधा बनायी गयी इमरजेंसी में मुहैया करायी जायेगी। उन्होने कोरोना हेल्प डेस्क, इमरजेंसी वार्ड, ईसीजी वार्ड, अल्ट्रासाउण्ड वार्ड, एक्सरे वार्ड, ओपीडी काउण्टर आदि का निरीक्षण करते हुये संबंधित व्यक्तियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मरीजों को दी जाने वाली दवाईयां व अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली जिस पर प्रधानाचार्य राजकीय मेडिकल कालेज उरई डा. आर मौर्या ने बताया कि उपचार लिये समस्त दवाईयां उपलब्ध है। मरीजों को बेहतर उपचार कराया जा रहा हैं। उन्होंने निर्देशित करते हुये कहा कि परिसर में साफ़-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाये। इस अवसर पर सीएमएस प्रशान्त निरंजन, उप प्रधानाचार्य अपूर्व अग्रवाल, प्रधानाचार्या नर्सिंग रीना कुमारी, डा. एसडी चौधरी, जितेन्द्र मिश्रा, डा. शैलेन्द्र वर्मा, डा. अरविन्द राजपूत, आदि मौजूद रहे।

# डकैती की योजना बनाते पांच शातिर बदमाश हुए गिरफ्तार



**संवाददाता।** उरई, जालौन

**सोमवार** को सदर कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इकलासपुरा बाईपास रोड से डकैती योजना बनाते पांच शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उन कब्जे से दो तमंचा, 4 जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, 5 मोबाइल फोन, तीन चाबी गुच्छा, एक प्लास व एक पेंचकस बरामद किया। जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी अपने हमराहियों के साथ गश्त के दौरान कालपी रोड पर जा रहे थे तभी मुखबिर ने सूचना दी कि कुछ लोग इकलासपुरा से जालौन बाईपास रोड जाने वाले नाला पुलिया के समीप मोक्षधाम अंदर डकैती की योजना बना रहे हैं। उक्त सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस जैसे ही मौके पर पहुंची तो बदमाश भागने लगे इस पर पुलिस ने दौरान मुठभेड़ अमरपाल पुत्र चंदन सिंह बहेलिया, सबोध पुत्र भूरेलाल बहेलिया, देवेंद्र पुत्र रामगोपाल निवासीगण नगला मियां थाना एलाउ जनपद मैनपुरी साथ ही पदम सिंह पुत्र रघुवर दयाल बहेलिया विासी नगला मिया थाना एलाउ जनपद मैनपुरी व मोहन पुत्र महिपाल बहेलिया निवासी नगला मिया थाना एलाउ जनपद मैनपुरी को गिरफ्तार किया है।

# राजापुर कृष्णानगर में बनेगा भव्य देवी मन्दिर

●चेयरमैन संजीव मिश्र ने किया भूमि पूजन

●तुलसी तीर्थ के चौमुखी विकास का किया वादा

**संवाददाता।** राजापुर, चित्रकूट

**नगर** पंचायत राजापुर रैपुरा तिराहे पास देवी मन्दिर, हनुमान मन्दिर व शनिदेव मन्दिर लम्बे समय से स्थापित हैं। बोड़ीपोखरी से राजापुर बाईपास तक निर्माणाधीन होने चलते मानक के अन्तर्गत आ जाने कारण मन्दिर हटाना पड़ रहा है।

सोमवार की दोपहर में पूर्व विधायक मऊ - मानिकपुर आनन्द शुक्ला, नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष संजीव मिश्रा तथा दुर्गा पूजा समिति सदस्यों की उपस्थिति में वार्ड नं 12 कृष्णानगर में प्राचीन शिवाला पास विधिवत मंत्रोच्चारण बाद श्रीफल तोड़कर भूमिपूजन किया गया। नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्र ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 731 एजी निर्माणाधीन होने कारण तीनों मन्दिरों को वार्ड नं 12 कृष्णानगर प्राचीन शिवाला पास तीनों देवी देवताओं भव्य मंदिर का निर्माण जन सहयोग माध्यम से तथा राष्ट्रीय राजमार्ग लोक निर्माण विभाग प्रयागराज सहायक अभियंता बी पाण्डेय, अवर अभियंता विजय सिंह तथा ठेदार रवि सिंह की देखरेख में निर्माण कराया जाएगा।



## अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस जार्डन में खेलेंगे शशिभूषण



**चित्रकूट।** जिला निवासी/चित्रकूट स्पोर्ट्स क्लब सदस्य शशिभूषण सिंह का अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस फेडरेशन से आयोजित टेबल टेनिस प्रतियोगिता को चयन हुआ है। वे भारत का प्रतिनिधित्व जॉर्डन की राजधानी अम्मान में होने वाली अल वाटनी इंटरनेशनल पैरा टेबल टेनिस में एक से तीन जून तक करेंगे। 18 देशों प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। शशिभूषण सिंह पैरा व्हीलचेयर की कठिन कैटेगरी क्लास फाइव प्लेयर हैं। 2017 से लगातार प्रदेश की ओर से नेशनल प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए 2020 और 2021 में कांस्य पदक विजेता रहे हैं। शानदार प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। शशिभूषण उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद तहत प्राथमिक विद्यालय पतौडा में प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत हैं। उनके कई विद्यार्थी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर पदक जीत चुके है।

# पुलिस ने युवकों पर बरसाईं लाठियां मामूली विवाद में दर्ज किया मुकदमा

●एसपी के आदेश के बाद पुलिस ने कराया मेडिकल, सीओ करेंगे जांच

●खुद को फंसता देख सिपाही दे रहे हैं जेल भेजने की धमकी

**फतेहपुर।** खागा कस्बे में गत दिनों पुलिस के कारखास से गाड़ी खड़ी करने को लेकर हुए मामूली से विवाद में खाकी ने जमकर तांडव किया। बीच-बचाव करने वाले प्रदीप सिंह सहित तीन लोगों को मुकदमें में न केवल फंसाया बल्कि थाने में लाकर उनकी जमकर लाठी-डंडों से पिटाई की।कस्बा प्रभारी सहित सिपाहियों की फौज ने जिस तरह से तांडव किया उससे बेगुनाह बुरी तरह से सहम गए हैं। सिपाही राम कुमार, अंकित त्रिपाठी पर लात, जूतों एवं डण्डों से पिटाई करने का आरोप लगा है। लॉकप के अंदर सिपाहियों ने हाथ पकड़ कर यह कहते हुए डंडे बरसाए कि तुम्हें पता नहीं है कि लल्लू पुलिस का आदमी है। प्रदीप, दीपक एवं पंकज को पीटने वाली खाकी अब चुप रहने की धमकी दे रही है।

खागा पुलिस से न्याय न मिलने के बाद पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक की चौखट पर दस्तक दी तो उनके न्याय के दरवाजे खुले हैं। एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने चिकित्सीय परीक्षण कराया है और जांच क्षेत्राधिकारी खागा को सौंपी है। भरोसा दिया है कि दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। मामला फंसता देख पंकज एवं दीपक के घर पुलिस धमकाने के लिए पहुंच रही है। सिपाही इस बात की धमकी दे रहे हैं कि उन्हें मुंह बंद रखना है, नहीं तो फर्जी मुकदमा लगाकर उनका जेल जाना तय है। पीड़ितों को न्याय की आस पुलिस अधीक्षक से लगी हुई है। पीड़ितों का कहना है कि आरोपित सिपाहियों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए। न्याय न मिला तो वह अब न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे।

# आचार्यकुलम ने बटुकों का कराया उपनयन संस्कार



**फतेहपुर।** सत्य सनातन धर्म जागरण हेतु आचार्यकुलम द्वारा चलाए जा रहे हैं, अभियान के अंतर्गत है सोमवार को सामूहिक उपनयन संस्कार संपन्न कराया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक करण सिंह पटेल एवं विशिष्ट अतिथि अभिषेक त्रिवेदी मौजूद रहे। आचार्यकुलम अध्यक्ष आचार्य विनोद शुक्ला ने बताया की प्रात: काल से ही बटूकों का परिजनों के साथ मोटेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में पहुंचना शुरू हो गया। प्रथम छोर कर्म कराया गया पश्चात सभी भक्तों को पंचगव्य प्राशन सहित समस्त विहित कर्मकांड के द्वारा आचार्य विमला कांत के नेतृत्व में आचार्यों के एकादश मंडल ने आचार्य प्रदीप तिवारी की देखरेख में कार्यक्रम को विधि-विधान पूर्वक संपन्न कराया। तत्पश्चात समस्त बटुक क्रमश: काशी गमन हेतु निकले जहां उनके परिजनों ने उनको विभिन्न उपहार समर्पित किए पश्चात सभी बटुकों ने अपने परिवार सहित प्रसाद ग्रहण किया।

# महिला पहलवानों के सम्मान में गुलाबी गैंग मैदान में

●जिंदपुर टोल प्लाजा बंद कराने को लेकर किया प्रदर्शन

●डीएम के माध्यम से भेजा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन



**संवाददाता।** फतेहपुर

**सोमवार** को कलेक्ट्रेट में गुलाबी गैंग (लोकतान्त्रिक) की अध्यक्ष हेमलता पटेल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं नें वृहद प्रदर्शन किया। वही महिला पहलवानों के सम्मान में गुलाबी गैंग लोकतान्त्रिक मैदान में, भ्रष्टाचार बंद करो बंद करो, रोड नहीं तो टोल नहीं आदि नारों से संगठन की महिलाओं की गर्जना से कलेक्ट्रेट परिषर गूंज उठा। संगठन ने डीएम के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन प्रेषित कर मांगों के अतिशीघ्र निवारण की पुरजोर मांग की। जिसमें दिल्ली में प्रदर्शन कर रहीं महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न प्रकरण पर निष्पक्ष जांच कराकर न्याय दिलाने की मांग की गई। ज्वलंत मुद्दा अवैध बालू खनन व ओवर लोडिंग बंद कराये जाने की मांग की। बांदा टांडा मार्ग में संचालित अवैध जिंदपुर टोल प्लाजा अतिशीघ्र बंद कराये जाने की मांग की।

जिस पर अध्यक्ष हेमलता पटेल नें कहा की जब हाइवे चार वर्षो से जर्जर अवस्था में बंद पड़ा है तो टोल किस बात का लगातार गरीब जनता को लूटा जा रहा है। बिन्दकी-ललौली रोड व गाजीपुर-असोथर रोड अतिशीघ्र बनवाये जाने को लेकर रही और सुजानपुर बहुआ देहात में पात्रो को आवसीय व कृषि भूखंड के पट्टा आवंटन किये जाने की मांग की गई। अध्यक्ष हेमलता पटेल नें कहा की मांगो का यदि जल्द निवारण नहीं किया गया तो संगठन आंदोलनात्मक रुख अपनाएगा जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व शासन प्रशासन का होगा। इस मौके पर सरला सिंह, सुधा पटेल, संयोगिता, मधू, काजल, रानी, सुमन, प्रीती, अंजना, प्रियंका शामिल रहीं।

## क्विक न्यूज

### चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**कानपुर देहात।** अमूल डेयरी दूध प्लाण्ट में खाद्य प्रणाली चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को एडीएम प्रशासन केशव कुमार गुप्ता ने सम्मानित किया, इस मौके पर ज्वाला देवी ज्ञान इण्टर कालेज कुंतलिया जैतीपुर की तान्या पाल को प्रथम, केन्द्रीय विद्यालय माती के उत्कर्ष दीक्षित को द्वितीय ज्याला देवी कालेज की आकांक्षा पाल को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया, कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आर ओ आशुतोष पाण्डे, विशिष्ट अतिथि अक्षॉश कोचर, गॉधी पर्यावरण योद्वा सम्मान से सम्मानित झींझक कालेज की प्रधानाचार्य अर्चना, अमूल दूध प्लाण्ट के अम्बरीश द्विवेदी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित नवीन कुमार दीक्षित सहित विद्यालय के प्रबन्धक अभिवावक, व छात्र छात्रायें मौजूद रहे।

### रिश्वत मांगी तो रिटायर्ड मंडी निरीक्षक ने लगा ली फांसी

**मुस्करा, हमीरपुर।** मुस्करा थाना क्षेत्र के मुस्करा मंडी सचिव द्वारा क्लेम,फंड निकालने में रिश्वत मांगने व मानसिक परेशान करने से आजिज आकर सेवानिवृत मंडी निरीक्षक ने सोमवार को सुसाइड नोट लिखकर फांसी लगाकर जान दे दी,मतक के पुत्र ने सचिव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस के मुताबिक हरीराम शर्मा (61) जुलाई 2022 में मंडी निरीक्षक मुस्करा के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद मुस्करा में ही नवीन गल्ला मंडी के सामने मकान में रहते थे,आज घर के दूसरे कमरे में जाकर हरीराम शर्मा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने सुसाइड नोड में लिखा है कि वर्तमान मंडी सचिव रामकुमार साहू काफी दिनो से क्लेम, ग्रेच्युटी व अन्य फंड निकालने पर पचास फीसदी कमीशन मांग रहा है, जिससे वह काफी तनाव में हैं। मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच पडताल शुरु कर दी है।

### लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद आज भोगनीपुर में

**कानपुर देहात।** लोकनिर्माण मंत्री जितिन प्रसाद आज भोगनीपुर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा मंत्री जी के प्रोटोकाल का कार्यक्रम जारी करते हुये बताया गया कि भोगनीपुर के चतुर्वेदी में दोपहर को साढे ग्यारह बजे आने के बाद झॉसी कानपुर रेलखण्ड के 1295/8-9 के रेल समपार संख्या 202 ए पर दो लेन उपरिगामी सेतु हेतु भूमि पूजन करेंगे। उसके बाद भूमि पूजन स्थल के नजदीक ही जनसभा करेंगे। दोपहर में 1 बजे के बाद माती के लोकनिर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में समीक्षा बैठक करेंगे।

### अज्ञात ट्रक की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत

**उरई, जालौन।** स्कूटी सवार होकर अपने अज्ञात दोस्त के साथ कालपी की ओर जा रहे युवक की को तेजगति आ रहे अज्ञात ट्रक के चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद स्कूटी लेकर दोस्त मौके से भाग गया। उधर घटना की खबर लगते ही आटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को लाकर उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती करवाया। जिसकी हालत चिंताजनक देख डाक्टरों ने झांसी के लिए रेफर कर दिया। ले जाते समय उरई कोतवाली क्षेत्र में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### विद्युत सम्बंधी कार्यो की डीएम ने की समीक्षा

**फतेहपुर।** जनपद में निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति एवं राजस्व से सम्बधित कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। विद्युत बिल वसूली की गयी के बारे में जानकारी की और बकायेदारों के जो विद्युत कनेक्शन काटे गए हैं एवं जो विद्युत संयोजन के लिए बचे है कि निगरानी बनाये रखे कही अवैध रूप से कटिया से तो नही विद्युत का उपयोग कर रहे है। उन्होंने निर्बाध विद्युत आपूर्ति की बिंदुवार समीक्षा की। जनपद में पुनरोत्थान वितरण क्षेत्र सुधार योजना के अंतर्गत विद्युत संम्बंधी कराये गए कार्यो की प्रगति के बारे में बिंदुवार जानकारी की। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओ को निर्देशित किया कि बनाये गए कार्ययोजना के अनुसार विद्युत संम्बंधी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय से पूरा कराये के लिए मानव संसाधन की संख्या बढ़ाकर कार्य मे तेजी लाते हुए विद्युत संम्बंधी कार्य पूर्ण कराये।

### सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ चलाया अभियान

**चित्रकूट।** नगर पालिका परिषद के अधिकारियों/कर्मचारियों ने प्लास्टिक अभियान के तहत 505 किग्रा प्लास्टिक थैलियां जब्त कर 53400 रुपये का जुर्माना ठोंका है। सोमवार को ईओ नगर पालिका लालजी यादव के निर्देश पर पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड मिनिस्ट्री भारत सरकार से आरके मिश्रा, रामदास एवं राजकरण वर्मा वैज्ञानिक सहायक पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड राज स्तर व नगर पालिका कर्वी से राहुल पांडे कर निरीक्षक व जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन शिवा कुमार की संयुक्त टीम ने सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति अभियान चलाया।

# डीएम ने एयरपोर्ट समेत निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

**संवाददाता।** चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने एयरपोर्ट देवांगना घाटी के नीचे निर्माणाधीन सर्किट हाउस, स्टेडियम में निर्माणाधीन मल्टीपरपज हॉल, जिम हाल एवं ऑडिटोरियम निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया।

सोमवार को जिलाधिकारी ने एयरपोर्ट के निरीक्षण में एप्रोच रोड, बाउंड्रीवॉल निर्माण, पुराना रनवे, एप्रेन, टर्मिनल बिल्डिंग, गेस्ट हाउस आदि निर्माण कार्यों को देखा। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों एवं राइट्स संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एप्रोच रोड की बाउंड्रीवॉल का निर्माण मैन पावर बढ़ाकर किया जाये। प्रत्येक दशा में ये कार्य 15 जून तक पूरा हो जाये। छोटा रनवे के एप्रेन के कार्य में तेजी लायें। बीसी तथा डीसी कार्य करायें। नए रनवे की बाउंड्रीवाल का निर्माण भी कराएं। जो छोटे रनवे के पास सामग्री पड़ी है उसे तत्काल हटायें। उन्होंने एडीएम कुंवर बहादुर को निर्देश दिए कि एयरपोर्ट निर्माण कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा करें। देवांगना घाटी के नीचे निर्माणाधीन सर्किट हाउस के निरीक्षण में सहायक अभियंता लोनिवि को निर्देश दिए कि कार्यों में तेजी लायें। समीक्षा बैठक में निर्देश के बाद भी कार्य में तेजी नहीं हुई। सीडीओ अमृतपाल कौर से कहा कि एक्सईएन लोनिवि व सहायक अभियंता को शोकॉज नोटिस दें। ठेकेदार के खिलाफ दो लाख रुपए की पेनाल्टी लगायें।

## पीएम स्वनिधि से 1 जून को करायें भव्य महोत्सवः डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने पीएम स्वनिधि महोत्सव के आयोजन बाबत बैठक में कहा कि एक जून को पीएम स्वनिधि योजना के तहत एक दिवसीय स्वनिधि महोत्सव जिला स्तर पर होगा। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने एडीएम से कहा कि महोत्सव को समिति गठित करें। महोत्सव में सभी बैंकों के स्टाल लगवायें। जो वेंडर्स हैं, उनके भी तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के स्टाल लगवाए। श्रम, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल विकास, खाद्य एवं रसद आदि विभागों की भी विभागीय योजनाओं के स्टाल लगाकर लोगों को शासन से संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाए। महोत्सव के शुभारंभ को जनप्रतिनिधियों से वार्ता करें। नुक्कड़ नाटक से योजनाओं का प्रचार करायें। रंगोली भी बनवायें। उन्होंने एएसडीएम रामजन्म यादव से कहा कि बेन्डर्स से चित्रकला, वॉल पेंटिंग, व्यंजन बनाने की प्रतियोगिताएं भी करायें।

# अवैध सम्बन्धों के शक में कर दी पत्नी की हत्या

**रसूलाबाद,** कानपुर देहात। अवैध सम्बन्धों के शक के चलते पति ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या करने बाद स्वयं थाना आकर पुलिस को सूचना दी तो आनन फानन पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंच साक्ष्य एकत्र किए। सोमवार को थाना रसूलाबाद ग्राम कण्डवर में मुलायम ने अवैध सम्बन्धो के शक के चलते अपनी पत्नी खुशबू उम्र 24 वर्ष की घर के अंदर गला दबाकर हत्या कर दी और थाने आकर स्वयं पुलिस को सूचना दी। चौकी प्रभारी बिरहुन राम सिंह ने पुलिसबल के साथ गांव पहुंचकर शव का पंचायतनामा भरने बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया ।फोरेंसिक टीम ने भी गांव पहुंचकर जांचकर साक्ष्य एकत्र किए। मृतका खुशबू का एक 4 वर्षीय पुत्र सत्या भी मां शव के पास बिलख रहा था। मृतका का मायका रतापूर्वा बेहरीन थाना तिर्वा बताया गया। घटना से पूरे गांव में सन्नाटा पसरा है।

# पालिकाध्यक्ष ने पालिका के प्रत्येक पटल का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**कोंच,** जालौन। शपथ ग्रहण के बाद नवनिर्वाचित पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता अब अपने काम में जुट गए हैं, सोमवार को वह अचानक ही नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंच गए जिससे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने एक एक पटल पर जाकर स्थिति का अवलोकन किया और हर एक कर्मचारी को जनता की समस्याएं सुनकर उनका समुचित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पालिका कार्यालय आने वाले हर फरियादी की समस्या का समाधान करना उनकी पहली प्राथमिकता है, इस अवसर पर उन्होंने पालिका के समस्त कर्मचारियों से कहा कि नगर को साफस्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए सभी कर्मचारी जुट जाएं जिससे कोंच नगर साफ स्वच्छ एवं सुंदर दिख सके। उन्होंने सफाई निरीक्षक को भी समुचित साफसफाई पर ध्यान देने की हिदायत दी। इस अवसर पर उन्होंने मीडिया से वार्ता करते हुए बताया निरीक्षण के दौरान समस्त कर्मचारी उपस्थित मिले और कर्मचारियों से कहा गया है कि समय से कार्यालय में उपस्थित हों अन्यथा कार्यवाही की जाएगी।

# बैठक में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का बजट हुआ अनुमोदित



**मौदहा,** हमीरपुर। नगर के ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की आयोजित की गई एक बैठक में मनरेगा योजना के अंतर्गत सत्र 2023-24 का लेबर बजट, ग्राम पंचायतों के लिए 15.99 करोड़ तथा क्षेत्र पंचायत का 7.13 करोड़ एवं अन्य विभागों के लिए 2.66 करोड़ रूपये के लिए अनुमोदन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रही ब्लाक प्रमुख श्रीमती सुशीला निषाद ने बताया कि पंचम वित्त, केन्द्रीय वित्त योजना के अंतर्गत कार्य कराने के लिए सभी सदस्यों द्वारा प्रस्ताव पूर्व में प्रस्तुत किये गये तथा अमृत सरोवर तालाब, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना सहित शौचालयों के सम्बन्ध में सभी मौजूद सदस्यों को विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक के उपरांत ब्लॉक प्रमुख ने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए बैठक के समापन की घोषणा की। बैठक में मुख्य रूप से खंड विकास अधिकारी भैरव प्रसाद, सीएचसी अधीक्षक डॉ रजत रंजन तिवारी, एडीओ सहकारिता ब्रज मोहन पटेल, एडीओ पंचायत अमर सिंह, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी नीरज कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पीएम स्वनिधि योजना के तहत 1 जून को महोत्सव का होगा आयोजन

**कानपुर देहात।** परियोजना अधिकारी जिला नगरीय विकास अभिकरण हर्ष अरविंद ने सर्वसाधारण को सूचित किया है, कि नगर पंचायत अकबरपुर, कानपुर देहात क्षेत्रार्न्तगत 1 जून को सूडा शासन द्वारा पीएमस्वनिधि योजनान्तर्गत महोत्सव का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है जिसमें 1 दिवसीय पीएमस्वनिधि महोत्सव के आयोजन के दौरान उक्त योजनान्तर्गत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण ऋण के लिये आवेदनकर्ताओं से आवेदन प्राप्त करना तथा आवेदन पत्रों को स्वीकृत कराते हुये ऋण वितरण हेतु अग्रिम कार्यवाही कराने के साथ.साथ सभी इन ऐक्टिव वेन्डर्स को डिजिटली एक्टिव कराने एंव कैशबैक के लाभ से अवगत कराते हुये अधिक.अधिक से डिजिटन लेन.देन हेतु लाभार्थियों प्रेरित करना अच्छी ऋण साख डिजिटल लेन.देन का प्रयोग करने वाले प्रथम 10 लाभार्थियों को चिन्हित कर सम्मानित किया जायेगा। लाभार्थियों के पारिवारिक सदस्यों को भी इस महोत्सव में प्रतिभाग हेतु सहर्ष आमंत्रित किया गया है।

# वीडियो काल कर आंगनवाड़ी केंद्रों की करें नियमित जांच : प्रतिभा शुक्ला



●राज्यमंत्री ने प्रोबेशन व बाल विकास परियोजना की ली बैठक

●पर्यवेक्षण अधिकारियों की मौजूदगी में पुष्टाहार वितरण कराने के दिए निर्देश

**हमीरपुर।** आज प्रदेश की राज्यमंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग श्रीमती प्रतिभा शुक्ला ने समीक्षा बैठक करते हुये कहा कि सभी आंगनवाड़ी केंद्रों को नियमित रूप से खुलवाया जाए तथा वीडियो कॉल के माध्यम से नियमित रूप से इसको चेक किया जाए। कहा कि सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं यथा पेयजल ,पंखा, शौचालय एवं बैठने की व्यवस्था रखी जाए।

लाभार्थियों को नियमित रूप से समयबद्ध ढंग से पुष्टाहार वितरित किया जाए। संबंधित लाभार्थियों, गरीब व्यक्तियों तक पुष्टाहार जाना चाहिए इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कहा कि सभी शहरी 188 केंद्रों पर रोस्टर लगाकर पर्यवेक्षण अधिकारियों की मौजूदगी में पुष्टाहार वितरण कराया जाए। वितरण सही ढंग से नहीं किए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों के आंगनवाड़ी केंद्रों को विशेष तौर पर चेक कर लिया जाए। कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों को सरकारी भवनों में ही संचालित किया जाए। आंगनवाड़ी केंद्रों को जनप्रतिनिधियों द्वारा गोद लेकर वहां की व्यवस्थाएं देखी जाए । उन्होंने कहा कि जर्जर आंगनवाड़ी भवनों की मरम्मत कराई जाए, प्रोबेशन विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि विधवा पेंशन के लाभार्थियों के बच्चों को बाल सेवा योजना से जोड़ने का कार्य किया जाए।

# चैयरमैन के निर्देश पर चल रहा नालों की सफाई का अभियान



**रूरा,** कानपुर देहात। मानसून की बारिश से पूर्व गन्दगी व सिल्ट से भरे नालों का युद्ध स्तर पर चैयरमैन रामजी गुप्ता के सख्त निर्देशों पर साफ सफाई अभियान संचालित किया जा रहा है। सोमवार को कस्बे के अकबरपुर रोड पर करीब एक दर्जन नगर पॅचायत कर्मियों के द्वारा नालों से सिल्ट निकाली गयी। नवनिर्वाचित चैयरमैन रामजी गुप्ता पहले ही अपने घोषणा पत्र में जलभराव की समस्या के निदान के लिये घोषणा कर चुके है।

संवेदनशीलता दर्शाते हुये चैयरमैन ने नगर पंचायतकर्मियों को नालों की साफ सफाई के सख्त निर्देश शुक्रवार को ही कार्यभार ग्रहण करने के दौरान दिये थे, सोमवार को नगर पॅचायत कर्मी सैनूर अहमद, याद कुमार यादव के नेतृत्व में स्वच्छताग्रहियों ने मुख्य तिराहे से अकबरपुर रोड तक नालों की सफाई की। चैयरमेन के निर्देश पर भारी वाहनों के आवागमन से सॅकरे सर्विस लेन के किनारे क्षतिग्रस्त हुये नालों की मरम्मत व नालों को ढकने के भी प्रबन्ध करने शुरू कर दिये है। चैयरमैन ने बताया कि बारिश से पूर्व नालों की सफाई के साथ मरम्मतीकरण पूर्व कर लिया जायेगा, बारिश के बाद विस्तृत मास्टर प्लान बना समस्या का स्थायी समाधान किया जायेगा।

# रूस ने कीव पर मिसाइलों से किया हमला

भाषा। कीव



**यूक्रेन की** राजधानी कीव सोमवार को दिन के दौरान विस्फोट की आवाज से दहल गया क्योंकि रूस ने प्रमुख ठिकानों को निशाना बनाते हुए बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। इससे पहले रात के समय शहर को ड्रोन और क्रूज मिसाइल से निशाना बनाया गया था। यूक्रेन के चीफ ऑफ स्टाफ वालेरी ज़ालुज़नी के अनुसार, रूसी सेना ने कीव में पूर्वाह्न लगभग 11:30 बजे 11 बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलें दागीं। उन्होंने कहा कि उन सभी को मार गिराया गया और सड़क पर से शहर के ऊपर नीले आकाश में सफेद धुएं के गुच्छे देखे गए। कीव सैन्य प्रशासन ने कहा कि मार गिराई गई मिसाइलों का मलबा कीव के मध्य और उत्तरी जिलों में सुबह के दौरान गिरा। प्रशासन ने कहा कि ए मलबा शहर की सड़क पर यातायात के बीच में गिरा और इससे एक इमारत की छत पर आग भी लग गई। उसने कहा कि इसमें कम से कम एक नागरिक के घायल होने की खबर है।विस्फोटों की वजह से कुछ स्थानीय लोगों में घबराहट उत्पन्न हो गई, जो रात के हमले की वजह से पहले से ही तनाव में थे।पचास वर्षीय महिला अलीना सेफोंतोवा ने अपने कुत्ते के साथ कीव मेट्रो में शरण ली थी। उसने कहा, पिछली रात के बाद से सायरन की हर आवाज से मैं घबरा जा रही हूं। मैं बेहद डर गई थी और मेरे शरीर में अभी भी कंपन हो रही है। केंद्रीय स्टेशन, तेतरलना में आश्रय लिए स्थानीय लोगों की भीड़ थी।विदेश में कानूनी सेवाएं प्रदान करने वाले चौबीस वर्षीय अर्टेम ज़ूयाला ने अपना लैपटॉप अपने साथ रखा था और भूमिगत होकर काम करता रहा। उसने कहा, मैंने दो या तीन धमाकों की आवाज़ सुनी, शौचालय गया और फिर मैंने पांच या सात और धमाकों की आवाजें सुनीं। तभी मुझे एहसास हुआ कि कुछ भयानक हो रहा है। यूक्रेन की वायुसेना के प्रवक्ता यूरी इहनत ने स्थानीय टेलीविजन पर कहा कि रूस ने सुबह के हमले में कम दूरी तक मार करने वाली इस्कंदर मिसाइल का इस्तेमाल किया इहनत ने कहा कि मिसाइल को कीव के उत्तर से दागा गया था। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सोमवार तड़के उसने लंबी दूरी की हवा से दागी जाने वाली मिसाइलों से यूक्रेन के हवाई ठिकानों को निशाना बनाते हुए श्रृंखलाबद्ध हमले किए।

## युद्ध ने हजारों बच्चों को अनाथ किया

ल्वीव (यूक्रेन)। क्रामतोर्स्क में बम विस्फोट हुआ और आसमान में धुएं का काला बादल छा गया। दो बच्चे आंखों को मिचमिचाते हुए इस घने धुएं के बीच कुछ देखने समझने की कोशिश कर रहे हैं। नौ साल की ओलेहा शिकिना और उसका दस साल का भाई आंद्रेई कुछ न समझ पाने पर जोर जोर से अपने पिता को पुकारना शुरू कर देते हैं। लेकिन धुएं के गुबार के बाद पसरे सन्नाटे में से कोई आवाज नहीं आती क्योंकि उनके पिता इस विस्फोट में मारे जा चुके हैं। रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष से सैकड़ों मासूम जिंदगियां भी अछूती नहीं रही हैं। रूस हमले में न जाने कितने घर बर्बाद हो गए और यूक्रेन के पूर्वी दोनेत्स्क इलाके में ऐसे ही एक विस्फोट ने इन दोनों बच्चों से उनके पिता का साया छीन लिया। पिता की तलाश में ए भाई-बहन जब बसमेंट के पास पहुंचे तब उन्होंने अपने पिता को खून से लथपथ पाया और उनके शरीर में कोई हरकत नहीं हो रही थी। आंद्रेई ने कहा, मेरे पिता की सुबह सात बजे मौत हो गई। फिलहाल, दोनों भाई बहन अभी पोलैंड की सीमा के पास सुरक्षित पश्चिमी शहर ल्वीव में है। रूस के लगातार आक्रमण और बमबारी के कारण लाखों लोग बेघर और सैकड़ों बच्चे अनाथ हो गए हैं। दोनों भाई-बहन भी अब यूक्रेन के उन बच्चों में शामिल हो गए हैं जिनका जीवन युद्ध से प्रभावित हुआ है।

## रूस ने ग्राहम के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया

**मॉस्को।** रूस के गृह मंत्रालय ने यूक्रेन युद्ध से संबंधित टिप्पणियों के बाद अमेरिकी सांसद लिंडसे ग्राहम के खिलाफ सोमवार को गिरफ्तारी वारंट जारी किया। साउथ कैरोलीना से रिपब्लिकन पार्टी के सांसद ग्राहम ने शुक्रवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की थी, जिसका संपादित वीडियो जेलेंस्की के कार्यालय ने जारी किया है। वीडियो में ग्राहम कहते हैं कि रूसी मर रहे हैं। साथ ही इस वीडियो में उन्होंने यूक्रेन के लिए अमेरिकी सैन्य सहयोग को जायज बताया। गृह मंत्रालय ने सोमवार को उनके रामाफोसा ने रूस को हथियारों की आपूर्ति मामले की जांच की निगरानी के लिए न्यायाधीश नियुक्त कियाकेपटाउन। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने रूस को हथियारों की आपूर्ति मामले की जांच की निगरानी के लिए न्यायाधीश नियुक्त किया है।

## टीपू सुल्तान की दुर्लभ बंदूक के निर्यात पर रोक

**लंदन।** मैसूर के शासक टीपू सुल्तान के लिए 18वी शताब्दी मे बनाई गई एक दुर्लभ नक्काशीदार बंदूक के निर्यात पर रोक लगा दी गई है। ब्रिटेन के एक संस्थान को इसे हासिल करने का समय देने के लिए यह कदम उठाया गया है। संस्थान भारत-ब्रिटेन के संबंधो की तनावपूर्ण अवधि का अध्ययन कर रहा है। बंदूक का मूल्य 20 लाख पाउंड आंका गया है। ब्रिटेन के कला एवं धरोहर मंत्री लॉर्ड स्टीफ्न पार्किंगसन ने फ्लिंटलॉक स्पोर्टिंग गन के निर्यात पर रोक लगाने संबंधी निर्णय पिछले सप्ताह लिया।

## दर्जनों पर्वतारोहियों को सम्मानित किया गया

**काठमांडू।** पर्वतारोही एडमंड हिलेरी और तेनजिंग नॉर्गे द्वारा माउंट एवरेस्ट की पहली चढ़ाई की 70वी वर्षगांठ के मौके पर नेपाल ने रिकार्ड बनाने वाले शेरपा गाइड और पर्वतारोहियो को सोमवार को सम्मानित किया। न्यूजीलैंड के एक मधुमक्खी पालक एडमंड हिलेरी और उनके शेरपा गाइड तेनजिंग नॉर्गे ने आज ही के दिन यानी 29 मई 1953 को दुनिया की सबसे ऊंची पर्वत चोटी को फ्तेह कर इतिहास रच दिया था। एवरेस्ट पर चढ़ाई की 70वी वर्षगांठ के अवसर पर यहां हजारो शेरपा गाइड और सरकारी अधिकारियो ने एक रैली मे हिस्सा लिया, इस दौरान उन्होने हिमालय बचाओ लिखे बैनर भी लहराए।

## इटली की झील में तूफान के कारण पर्यटकों की नौका पलटी, चार लोगों की मौत

**मिलान।** इटली के उत्तरी क्षेत्र में स्थित झील मे अचानक आए तूफान के कारण पर्यटको से भरी एक नौका पलट गई, जिसके कारण चार पर्यटको की मौत हो गई। दमकलकर्मियो ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया किनाव के पलट जाने के बाद उन्होंने झील से चार शव बरामद किए है। रविवार शाम 20 से अधिक पर्यटको और चालक दल के सदस्यो को ले जा रही एक नौका तूफान के कारण पलट गई, जिसके बाद गोताखोरो ने रात भर लोगो की तलाश की। गोताखोरो ने सोमवार तड़के तक चार लोगों के शव बरामद किए। दमकलकर्मियो ने कहा कि इस हादसे में 19 लोगो को बचा लिया गया है।

## कियानू रीव्स ने 20 साल बाद बैंड डॉगस्टार के साथ दी प्रस्तुति

**लॉस एंजिलिस (अमेरिका)।** हॉलीवुड कलाकार कियानू रीव्स 2023 बॉटल रॉक नापा वैली फेस्टिवल मे अपने बैंड डॉगस्टार के साथ मंच पर नजर आए। रीव्स ने 20 से अधिक वर्षो मे पहली बार सार्वजनिक रूप से बैंड के साथ मौजूदगी दर्ज कराई। वह मंच पर बास बजाते नजर आए। रीव्स ने कहा कि बैंड के साथी रॉबर्ट मैलहाउज ने शो से पहले उनकी बेहद मदद की। अभिनेता ने सैन फ्रांसिस्को क्रॉनिकल से कहा, वह बस कहते थे कि संगीत को केवल सुनो, गीत को महसूस करो... और यही से वो अपने आप निकलेगा। डॉगस्टार का गठन 1991 मे रीव्स और मैलहाउज ने किया था। रीव्स ने हाल ही मे बताया था कि बैंड एक नई एल्बम पर काम कर रहा है।

## सिंगापुर के प्रधानमंत्री संक्रमण मुक्त हुए , काम पर लौटे


**सिंगापुर।** संगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग कोरोना वायरस संक्रमण से उबरने के बाद सोमवार को काम पर लौट आए। ली ने रविवार को सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर लिखा, मै संक्रमण मुक्त हो गया हूं और सोमवार को काम पर लौट आऊंगा। शुभकामनाएं भेजने वालो का शुक्रिया। ली दक्षिण अफ्रीका और केन्या की यात्रा के बाद 22 मई को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए थे। इसकी जानकारी भी उन्होने फेसबुक पर दी थी। उन्होने लिखा था, पूर्ण टीकाकरण कराएं क्योंकि यह गंभीर रूप से बीमार होने के खतरे को कम करता है।

## ब्रिटिश-भारतीय चमन लाल बर्मिंघम के लॉर्ड मेयर बने

**लंदन।** बर्मिंघम के इतिहास में पहली बार ब्रिटिश भारतीय नागरिक चमन लाल ने लॉर्ड मेयर का पद संभाल लिया है। इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड्स शहर के स्थानीय पार्षदों ने उनका चुनाव किया है। ब्रिटिश सिखों के रविदासिया समुदाय से आने वाले लाल का जन्म पंजाब के होशियारपुर में पखोवल गांव में हुआ था। बाद में वह ब्रिटेन आ गए थे जहां कई वर्षों तक स्थानीय पार्षद रहे। लेबर पार्टी के नेता को सबसे पहले 1994 में निर्वाचित किया गया था। पिछले सप्ताह मेयर चुने जाने के लिए आयोजित एक समारोह में लाल ने कहा, यह मेरे और हमारे परिवार के लिए बहुत गर्व का क्षण है कि सेना अधिकारी के बेटे के रूप में भारत में जन्म हुआ लेकिन बर्मिंघम में सेवा करने का मौका मिला। उन्होंने कहा, मैं गोद लिया हुआ ब्रुमी हूं और मैंने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन में अपने गोद लिए हुए शहर का लॉर्ड मेयर बनूंगा। मैं अपने और हमारे महान शहर के प्रथम नागरिक के रूप में मुझे चुनने के लिए साथी पार्षदों को धन्यवाद देना चाहता हूं जो किसी पार्षद को दी जाने वाली सर्वोच्च नागरिक भूमिका होती है।

# इमरान से बातचीत संभव बशर्ते वह नौ मई की घटना के लिए देश से माफी मांगें : मंत्री डार

भाषा। इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** के वित्तमंत्री इशाक डार ने संकेत दिया है कि देश में जारी सियासी गतिरोध को दूर करने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से बातचीत की जा सकती है बशर्ते वह अपनी गलतियों को ठीक करने के लिए कदम उठाएं और नौ मई को हुई हिंसा के लिए देश से माफी मांगें। उल्लेखनीय है कि इमरान खान की इस्लामाबाद उच्च न्यायालय परिसर से हुई गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों ने देशभर में हिंसक प्रदर्शन किया था और सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया था। डार ने रविवार को जियो समाचार चैनल के एक कार्यक्रम में रविवार को बातचीत का संकेत ऐसे समय दिया है जब सत्तारूढ़ गठबंधन पहले ही खान की वार्ता की पेशकश को यह कहकर ठुकरा चुका है कि बातचीत नेताओं से होती है न कि आतंकवादियों से। पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने नौ मई की हिंसा के मामले में प्रशासन द्वारा बड़े पैमाने पर की जा रही कार्वाई के बीच सरकार से चुनाव की तारीखों पर वार्ता के लिए सात सदस्ईय समिति गठित की है। उल्लेखनीय है कि नौ मई की हिंसा के बाद पीटीआई के खिलाफ की जा रही कार्वाई की वजह से पार्टी अस्तित्व के संकट से गुजर रही है और कई वरिष्ठ नेता रोजाना दल को छोड़ रहे हैं।डार ने कहा, अगर वह (खान) सुधारात्मक कदम उठाते हैं और नौ मई की हिंसा के लिए देश से माफी मांगते हैं तो बातचीत हो सकती है। डार ने रेखांकित किया कि नौ मई की दुर्भाग्यपूर्ण घटना से पहले सरकार और पीटीआई के प्रतिनिधि गंभीरता से बातचीत कर रहे थे और चुनाव की तारीखों को छोड़ बाकी सभी मुद्दों पर सहमति बन गई थी। मंत्री ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन सभी का अधिकार है, लेकिन सैन्य प्रतिनिष्ठानों पर हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

## इमरान ने कानून का शासन खत्म होने, अर्थव्यवस्था को तबाह करने के लिए सरकार पर साधा निशाना

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सोमवार को पीएमएल–एन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पर शक्तिशाली प्रतिष्ठान की निगरानी में कानून के शासन को खत्म करने और अर्थव्यवस्था को तबाह करने का आरोप लगाया। खान ने कहा कि देश के समक्ष मौजूद वास्तविक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाए उनकी पार्टी के मामलों को उठाया जा रहा है। खान ने ट्वीट किया, कानून के शासन को नजरअंदाज कर यह फासीवादी सरकार जनरल मुशर्फ के मार्शल लॉ को भी पीछे छोड़ते हुए केवल तहरीक–ए–इंसाफ को कुचलने के एक सूत्री एजेंडा पर चलने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आर्थिक संकट से प्रभावित पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था रसातल में जा रही है। खान ने कहा कि खुले बाजार में डॉलर की कीमत 315 रुपए है, जबकि जिनके पास पहचान पत्र नहीं है, उनके लिए यह 320 रुपए से 325 रुपए तक मिल रहा है तथा सरकारी और खुले बाजार दर में प्रति डॉलर 30 रुपए का अंतर है। उन्होंने कहा, अर्थव्यवस्था के इस डॉलरकरण का मतलब देश में कोई स्थानीय या विदेशी निवेश नहीं है, जिसके परिणामस्वरूप जीडीपी घटेगा और इससे भी बदतर, भीषण महंगाई होगी। अपने प्रतिद्वंद्वियों पर हमला करते हुए खान ने कहा कि गठबंधन सरकार के नेताओं के पास अरबों डॉलर हैं। उन्होंने कहा, सवाल यह है कि पाकिस्तानी प्रतिष्ठान देश को पूरी तरह से आर्थिक मंदी की ओर बढ़ने की अनुमति कैसे दे रहा है? यह बयान ऐसे समय में आया है, जब सरकार और खान के बीच पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ की महिला समर्थकों के साथ कथित दुर्व्यवहार को लेकर जुबानी जंग बढ़ गई है।

# तुर्किए : राष्ट्रपति पद के चुनाव में एर्दोआन पुनः विजई, लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए चुने गए



भाषा। अंकारा


**तुर्किए के मौजूदा राष्ट्रपति** रजब तैयब एर्दोआन ने उनके सत्तावादी बदलावों को पलटने की चाहत रखने वाले अपने प्रतिद्वंद्वी कमाल केलिचडारोग्लू को हराकर पांच साल के एक और कार्यकाल के लिए सत्ता में वापसी की। एर्दोआन ने राष्ट्रपति पद के चुनाव के दूसरे निर्णायक दौर में रविवार को 52 प्रतिशत से अधिक मत हासिल किए। इससे दो सप्ताह पूर्व, पहले दौर के चुनाव में वह जीत के लिए पर्याप्त बहुमत हासिल नहीं कर पाए थे, जिसके बाद दूसरे दौर का चुनाव कराना पड़ा। दूसरे दौर के चुनाव में तुर्किए के मतदाताओं ने छह दलों के गठबंधन और मध्यमार्गी–वामपंथी मुख्य विपक्षी दल के उम्मीदवार केलिचडारोग्लू के मुकाबले एक मजबूत और पहले ही अपनी काबिलियत साबित कर चुके नेता को समर्थन देने का फैसला किया। एर्दोआन लगातार तीसरी बार राष्ट्रपति के रूप में सेवाएं देंगे। इस तीसरे कार्यकाल में एर्दोआन घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत होंगे तथा इस चुनाव के परिणामों का असर देश के बाहर भी महसूस किया जाएगा। तुर्किए यूरोप और एशिया दोनों के लिए अहम है और यह उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एर्दोआन को तीसरी बार राष्ट्रपति चुने जाने के बाद अब आसमान छूती महंगाई से निपटना होगा और 50,000 से अधिक लोगों की जान लेने वाले विनाशकारी भूकंप से प्रभावित देश में पुनर्निर्माण करना होगा। इस्तांबुल और अंकारा में दिए अपने भाषणों में 69 वर्षीय मुस्लिम नेता एर्दोआन ने उन्हें फिर से राष्ट्रपति चुनने के लिए देशवासियों को धन्यवाद दिया। वह 2028 तक सत्ता में रहेंगे। उन्होंने इस्तांबुल में अपने आवास के बाहर अपने समर्थकों से कहा, हमें उम्मीद है कि हम पिछले 21 साल की तरह इस बार भी आपके भरोसे पर खरे उतरेंगे।

## फिलीपीन पहुंचा मावर तूफान, ग्रामीणों को निकालने का प्रयास जारी, स्कूल-कार्यालय बंद

**मनीला।**अमेरिकी प्रशांत क्षेत्र गुआम में भारी तबाही मचाने के बाद शक्तिशाली तूफान मावर फिलीपीन के उत्तरी प्रांतों में पहुंचा जिसके कारण अधिकारियों ने सोमवार को वहां से ग्रामीणों को निकालना शुरू कर दिया तथा स्कूल और कार्यालय बंद कर दिए गए। इस दौरान वहां नौका–चालन पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। तूफान मावर का स्थानीय नाम बेट्टी है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि इस तूफान से पहाड़ी इलाकों में नुकसान की संभावना नहीं है लेकिन यह मंगलवार से बुधवार तक उत्तरी प्रांत बटानेस पहुंचते तक धीमा हो जाएगा जिससे वहां ज्वार–भाटा, अचानक बाढ़ और भूस्खलन की समस्या उत्पन्न हो सकती है। यह तूफान, प्रशांत महासागर में लगभग 525 किलोमीटर (326 मील) पूर्व में कागायन प्रांत के तटीय शहर अपर्री से 155 किलोमीटर प्रति घंटे से लेकर 190 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। अमेरिकी प्रशांत क्षेत्र गुआम में पिछले सप्ताह आए इस शक्तिशाली तूफान ने भारी तबाही मचाई थी। बीते दो दशकों के बाद इस क्षेत्र में ऐसा शक्तिशाली तूफान देखा गया। हालांकि, फिलीपीन तक पहुंचते–पहुंचते तूफान कमजोर पड़ गया। बटानेस के वाइस गवर्नर इग्नासियो विला ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया,"ए तूफान, भूकंप और प्राकृतिक आपदाएं हमारे जीवन का हिस्सा रही हैं। इनसे निपटने की तैयारियों में हम कोई कसर नहीं छोड़ सकते क्योंकि इससे जान–माल का नुकसान होगा।

# ज्यादा निर्माण मकानों को किफायती बनाएगा

भाषा। सिडनी



**बेतहाशा बढ़ती** आबादी के बीच दुनिया भर में सरकारें किफायती आवास के तरीके तलाश रही हैं,लेकिन इनके समाधान स्थानीय तथा समुदाय आधारित होने चाहिए। सिडनी से लेकर सैन फ्रांसिस्को तक किफायती आवास संकट समुदायों को प्रभावित कर रहा है। युवा पीढ़ी एक ओर जहां दरें अधिक होने से मकान नहीं खरीद पा रही है और किराए के मकानों में रह रही है,वहीं सामुदायिक आवास में सरकारी सहयोग नहीं मिलने तथा आर्थिक सहयोग नहीं मिलने से कम आय वाले किराएदार बेघर होने की कगार पर हैं। लोगों का दावा है कि नए आवासों का निर्माण करके इन समस्याओं को दूर किया जा सकता है। इनके हिसाब से आवास इसलिए मंहगें हैं क्योंकि नई आपूर्ति कम है। कुछ लोगों का कहना है कि भूमि इस्तेमाल नियामक तथा योजना प्रक्रिया नए निर्माण को रोक रहे हैं। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि आपूर्ति पक्ष का विमर्श मांग पक्ष की अनदेखी करता है,जिसमें वैश्विक आवास मूल्य वृद्धि अंतर्निहित है। ऐतिहासिक रूप से भूमि उपयोग क्षेत्रों और प्रतिबंधात्मक विकास नियंत्रणों ने नए और अधिक विविध आवास विकास के लिए बाधा का काम किया है। अमेरिका के कई हिस्सों में बहिष्करण क्षेत्र उदाहरण के तौर पर एकल परिवार क्षेत्र बहु–इकाइयों तथा अपार्टमेंट को बनने से रोकते हैं। कई बार स्थानीय समुदाय इन नियमों में बदलाव का विरोध करते हैं तथा उस विकास का प्रतिकार करते हैं जिसे अपनी प्रकृति से भिन्न समझते हैं। इसके जवाब में हाल के वर्षों में यस इन माई बैकयार्ड (वाईआईएमबीवाई) नामक एक आंदोलन उभरा है जो उत्तरी अमेरिका में विशेष रूप से प्रसिद्ध हो रहा है। विविध तथा तेज विकास की बाधाओं को समाप्त करने के लिए नियामक स्तर पर सुधार की मांग करने वाला यह वाईआईएमबीवाई आंदोलन तर्क देता है कि अधिक आवास किफायत संबंधी दबाव को कम करेगा। इसके अनुसार आवासीय इलाकों में ऊंची इमारतों को मंजूरी दी जानी चाहिए तथा योजना की प्रक्रियाओं को तेज किया जाना चाहिए और उन्हें अधिक स्पष्ट होना चाहिए। दुनिया के कई हिस्सों में इसे माना जाता है,मसलन ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स राज्य में स्थानीय सरकारें ऊंचे घनत्व आवास के लिए अपजोन की वकालत कर रही हैं। अपजोन अधिक आवास निर्माण के लिए किसी जमीन का जोन बदलने को कहते हैं। भूमि इस्तेमाल नियामक नए आवास विकास को रोकने में प्रमुख बाधा नहीं है। बाजार की स्थितियां अर्थात लागत और धन की उपलब्धता, मजदूर तथा सामग्री से जुड़े मुद्दे निर्माताओं को नए निर्माण से रोकते हैं। आवास सामर्थ्य की समस्याओं का समाधान बहु–आयामी है, और इससे स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप ही निपटा जाना चाहिए।

## पोलैंड सीमा पर बच्चों सहित करीब 30 प्रवासी फंसे

**वॉरसा।** बेलारूस से लगी पोलैंड की सीमा दीवार पर बच्चों सहित करीब 30 प्रवासियों का एक समूह तीन दिन से फंसा है। पोलैंड के मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने रविवार को यह जानकारी दी। हालांकि प्रवासी पोलैंड की सीमा की दीवार के बाहर हैं। ग्रुपा ग्रानिका (बॉर्डर ग्रुप) के कार्यकर्ताओं ने बताया कि वे पोलैंड क्षेत्र में हैं और बेलारूस उन्हें वापस आने की अनुमति नहीं दे रहा है। कार्यकर्ता मार्ता स्टैनिस्ज़ेवस्का ने कहा, बेलारूस में वे सुरक्षित नहीं हैं। स्टैनिस्ज़ेवस्का ने द एसोसिएटेड प्रेस से कहा, जैसा कि इस समूह ने हमें बताया है कि बेलारूस सेवाओं ने उन्हें आगाह किया है कि वे वापस आए तो उनकी पिटाई की जाएगी या उन्हें मार डाला जाएगा। स्टैनिस्ज़ेवस्का के मुताबिक, प्रवासियों का कहना है कि उनमें से कई बीमार हैं, एक लड़की के दांत में दर्द है और बच्चों को मच्छरों ने काट लिया है।

## क्विक न्यूज

## वैश्विक प्लास्टिक प्रदूषण के खात्मे से जुड़ी संधि पर पेरिस में संयुक्त राष्ट्र समिति की बैठक

**पेरिस।** संयुक्त राष्ट्र की एक समिति ने वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण के खात्मे के मकसद से एक ऐतिहासिक संधि तैयार करने के लिए सोमवार को फ्रांस की राजधानी पेरिस में बैठक की। हालांकि, बैठक में संधि के स्वरूप को लेकर पूर्ण रूप से सहमति कायम नही हो पाई। द इंटर गवर्नमेंटल नेगोशिएटिंग कमेटी फॉर प्लास्टिक को समुद्री पर्यावरण सहित अन्य क्षेत्रो में प्लास्टिक प्रदूषण के खात्मे के लिए पहली अंतरराष्ट्रीय एवं कानूनी रूप से बाध्यकारी संधि तैयार करने का जिम्मा सौंपा गया है। समिति ने 2024 के अंत तक संधि पर वार्ता पूरी करने के लिए होने वाली पांच बैठकों में से सोमवार को दूसरी बैठक की। छह महीने पहले उरुग्वे में आयोजित पहली बैठक में कुछ देशो ने वैश्विक जनादेश पर जोर दिया था, तो कुछ ने राष्ट्रीय समाधान की वकालत की था और कुछ ने दोनों ही विचारों का समर्थन किया था।

## चीन 2030 तक अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर भेजेगा

**बीजिंग-जियुक्वान।** चीन ने पश्चिमी देशों के साथ अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के बीच वैज्ञानिक अन्वेषण के लिए 2030 तक चंद्रमा पर मानव मिशन भेजने की योजना की सोमवार को घोषणा की। यह घोषणा चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी (सीएमएसए) के उपनिदेशक लिन शिक्यिांग द्वारा ऐसे समय की गई जब चीन मंगलवार को अंतरिक्ष यात्रियों के तीसरे जत्थे को अपने अंतरिक्ष स्टेशन भेजने की तैयारी कर रहा है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने उनके हवाले से कहा कि कुल मिलाकर लक्ष्य 2030 तक चंद्रमा पर चीन के पहले मानव मिशन को भेजना और चंद्र वैज्ञानिक अन्वेषण तथा संबंधित तकनीकी प्रयोग करना है। चीन ने चंद्रमा पर अपना मानव मिशन भेजने की घोषणा ऐसे समय की है जब अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का लक्ष्य जमे हुए पानी के संबंध में दक्षिणी ध्रुव पर अन्वेषण के लिए 2025 तक चंद्रमा पर दूसरा मानवयुक्त मिशन भेजने का है।

## टीनूबू ने नाइजीरिया के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली

**अबुजा।** बोला टीनूबू (71) ने अफ्रीका के सबसे अधिक आबादी वाले देश नाइजीरिया के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। कई चुनौतियो से जूझ रहे नाइजीरिया के नागरिकों को उम्मीद है कि नई सरकार के आने के बाद उनका जीवन बेहतर होगा और यह सरकार पिछली सरकार से बेहतर काम करेगी। टीनूबू ने हजारो नाइजीरियाई नागरिकों और सरकारो के प्रमुखो की उपस्थिति में राजधानी अबुजा में राष्ट्रपति पद की शपथ ली। वह, नाइजीरिया के आर्थिक केंद्र लागोस के गवर्नर रह चुके है। नव नियुक्त राष्ट्रपति टीनूबू, मुहम्मदु बुहारी की जगह लेंगे और एक ऐसे देश का नेतृत्व करेंगे जिसके 2050 तक दुनिया में तीसरा सबसे आबादी वाला देश बनने का अनुमान जताया गया है। उन्होंने, पूर्व राष्ट्रपति बुहारी के लोकतांत्रिक प्रयासों को आगे बढ़ाने का वादा किया।

## श्रीलंका सोशल मीडिया पर धर्म की निंदा की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए विधेयक का मसौदा बना रहा है

**कोलंबो।** श्रीलंका सोशल मीडिया पर धर्म की निंदा की बढ़ती घटनाओ को रोकने के लिए एक नए विधेयक का मसौदा तैयार कर रहा है। देश के धार्मिक मामलों के मंत्री ने यह जानकारी दी।यह कदम स्टैंड अप कॉमेडियन नताशा एदिरीसूर्या द्वारा धर्म को लेकर कथित रूप से की गई अपमानजनक टिप्पणी के बाद सामने आया है, जिसे उन्होंने ऑनलाइन अपलोड किया था। हालांकि, एदिरीसूर्या ने इसके लिए माफी भी मांगी लेकिन इसके खिलाफ एक शिकायत दर्ज की गई और उन्हें विमान से देश से बाहर जाने की कोशिश के दौरान रविवार को हिरासत में ले लिया गया।श्रीलंका के बुद्धशासन, धार्मिक और सांस्कृतिक मामलों के मंत्री विदुर विक्रमनायके ने रविवार को कहा कि देश में धार्मिक निंदा की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए जल्द ही एक कानून पारित किया जाएगा।उन्होने कहा इससे सोशल मीडिया पर धर्म का अपमान करने की घटनाओ पर रोक लगेगी। एदिरीसूर्या का मामला कोई पहली घटना नही है बल्कि इस तरह की और भी घटनाएं हो चुकी हैं। इस महीने की शुरुआत में पादरी जेरोम फर्नांडो पर भगवान बुद्ध पर अपमानजनक टिप्पणियां करने का आरोप लगा था, जो सोशल मीडिया पर आई थी।

## उत्तर कोरिया ने जापान को आने वाले दिनों में उपग्रह प्रक्षेपित करने की जानकारी दी

तोक्यो। उत्तर कोरिया ने सोमवार को पड़ोसी देश जापान को सूचित किया कि वह आने वाले दिनो में एक उपग्रह प्रक्षेपित करने की योजना बना रहा है। यह प्योंगयांग का सैन्य टोही उपग्रह को कक्षा मे स्थापित करने का पहला प्रयास हो सकता है।जापान के तट रक्षक के अनुसार, उत्तर कोरिया के जलमार्ग अधिकारियो से मिले नोटिस मे कहा गया कि प्रक्षेपण 31 मई से 11 जून के बीच किया जा सकता है। प्रक्षेपण से एलो सागर, पूर्वी चीन सागर और फिलीपीन के लुजोन द्वीप के पूर्व मे समुद्री क्षेत्र प्रभावित हो सकता है।जापान के तटरक्षकों ने मलबा गिरने से संभावित जोखिमो के कारण उक्त तारीखो पर क्षेत्र मे जहाजो के लिए सुरक्षा चेतावनी जारी की है।जापान का तट रक्षक पूर्वी एशिया में समुद्री सुरक्षा सूचना का समन्वय करता है और उसे आगे भेजता है। इसी कारण उत्तर कोरिया ने यह नोटिस उसे भेजा है।उपग्रह को अंतरिक्ष मे प्रक्षेपित करने के लिए, उत्तर कोरिया को लंबी दूरी की मिसाइल प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करना होगा, जिस पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावो द्वारा प्रतिबंध लगे है।उत्तर कोरिया के पृथ्वी अवलोकन उपग्रहों के पिछले प्रक्षेपणो को प्रच्छन्न मिसाइल परीक्षणो के रूप मे देखा गया था।

## उत्तर कोरिया ने जापान को आगामी दिनों में उपग्रह प्रक्षेपित करने की जानकारी दी

तोक्यो। उत्तर कोरिया ने सोमवार को पड़ोसी देश जापान को सूचित किया कि वह आने वाले दिनो मे एक उपग्रह प्रक्षेपित करने की योजना बना रहा है। यह प्योंगयांग के पहले सैन्य टोही उपग्रह को कक्षा मे स्थापित करने का प्रयास हो सकता है। जापान के रक्षा मंत्री यासुकाजु हमादा ने जापान के आत्मरक्षा बल को आदेश दिया है कि यदि कोई उपग्रह जापानी क्षेत्र मे प्रवेश करता है तो उसे मार गिराया जाए।जापान के तट रक्षक के अनुसार, उत्तर कोरिया के जलमार्ग अधिकारियो से मिले नोटिस मे कहा गया कि प्रक्षेपण 31 मई से 11 जून के बीच किया जा सकता है। प्रक्षेपण से पीत सागर, पूर्वी चीन सागर और फिलीपीन के लुजोन द्वीप के पूर्व में समुद्री क्षेत्र प्रभावित हो सकता है। जापान के तटरक्षकों ने मलबा गिरने से संभावित जोखिमो के कारण उक्त तारीखो पर क्षेत्र मे पोतो के लिए सुरक्षा चेतावनी जारी की है। जापान का तट रक्षक पूर्वी एशिया में समुद्री सुरक्षा सूचना का समन्वय करता है और उसे आगे भेजता है। इसी कारण उत्तर कोरिया ने यह नोटिस उसे भेजा है। उपग्रह को अंतरिक्ष मे प्रक्षेपित करने के लिए, उत्तर कोरिया को लंबी दूरी की मिसाइल प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करना होगा।

## सीरिया की राजधानी पर इजराइल ने किए हवाई हमले

**बेरूत।** सीरिया की राजधानी दमिश्क को निशाना बनाते हुए इजराइल ने सोमवार को हवाई हमले किए। इन हमलों में कोई हताहत नही हुआ है। सीरिया की समाचार एजेंसी सना के अनुसार, सीरियाई हवाई रक्षा प्रणाली ने हमलो पर जवाबी प्रतिक्रिया दी। हमले मे कुछ ढांचो को नुकसान पहुंचा है। खबर के अनुसार, सीरिया पर पिछला संदिग्ध इजराइली हमला दो मई को हुआ था जिसमे अलेप्पो शहर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बनाया गया था। इस हमले में एक सैनिक मारा गया था और हवाई अड्डे पर परिचालन बंद करना पड़ा था। हालांकि इजराइली अधिकारियों ने दमिश्क पर रविवार को किए गए हमले के संबंध में कोई बयान नही दिया है। ब्रिटेन की निगरानी संस्था सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि इजराइली मिसाइलो ने लेबनान के विद्रोही समूह हिज्बुल्ला के ठिकानो को निशाना बनाया। संस्था के अनुसार, इस वर्ष की शुरुआत के बाद से सीरियाई क्षेत्र पर इजराइल की ओर से किया गया यह 17वां हमला है।

## प्रधानमंत्री आवास पर निजी पार्टी को लेकर विवाद के बाद सचिव पद से इस्तीफा देंगे किशिदा के बेटे

तोक्यो। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने सोमवार को कहा कि निजी पार्टी के लिए प्रधानमंत्री आवास का इस्तेमाल कर विवादो मे घिरे उनके बेटे शोतारो किशिदा उनके कार्यकारी नीति सचिव पद से इस्तीफा देंगे। शोतारो द्वारा प्रधानमंत्री आवास पर आयोजित निजी पार्टी की तस्वीरें एक पत्रिका में प्रकाशित हुई थी, जिसके बाद जापान में बड़े पैमाने पर आक्रोश फैल गया था। शोतारो जापानी प्रधानमंत्री के सबसे बड़े बेटे है। वह राजनीतिक मामलो को लेकर अपने पिता के कार्यकारी नीति सचिव है। उन्होंने प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास पर पिछले साल 30 दिसंबर को दी गई नए साल की पार्टी में अपने कुछ रिश्तेदारों सहित अन्य लोगो को आमंत्रित किया था, जिसे लेकर विवाद खड़ा हो गया था।साप्ताहिक पत्रिका शुकन बुनशुन मे प्रकाशित तस्वीरो मे शोतारो और उनके रिश्तेदार सीढ़ियों पर बिछी लाल कालीन पर ठीक उसी मुद्रा मे पोज देते नजर आ रहे थे, जिसमे प्रधानमंत्री अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ आधिकारिक ग्रुप फोटो खिंचवाते है। कुछ तस्वीरो मे शोतारो रिश्तेदारो के बीच मे खड़े दिखाई दे रहे थे।

## सूडान में सेना और प्रतिद्वंद्वी समूह पर संघर्ष विराम बढ़ाने का दबाव

**काहिरा।** सूडान के युद्धरत पक्षों पर देश पर कब्जा जमाने के लिए उनकी लड़ाई मे संघर्ष विराम की अवधि बढ़ाने का सोमवार को दबाव बढ़ गया। रविवार को एक संयुक्त बयान मे दो अहम अंतराष्ट्रीय मध्यस्थ अमेरिका और सऊदी अरब ने सूडान की सेना और उसके प्रतिद्वंद्वी अर्द्धसैन्य बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज की एक सप्ताह के संघर्ष विराम के दौरान कुछ उल्लंघनों के लिए आलोचना की। इस संघर्ष विराम की अवधि सोमवार को समाप्त हो रही है। सूडान मे सेना प्रमुख अब्दुल-फतेह बुरहान के सैनिकों और जनरल मोहम्मद हमदान डागालो के नेतृत्व वाले शक्तिशाली अर्धसैनिक समूह रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच लड़ाई छिड़ी हुई है। सूडान के डॉक्टर्स सिंडीकेट के अनुसार, इस लड़ाई मे कम से कम 866 नागरिकों की मौत हो गई है और हजारो अन्य घायल हो गए है।

# जीएसएलवी-एफ-12 ने नौवहन उपग्रह को निर्धारित कक्षा में स्थापित किया : इसरो

**भाषा।** श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)



**भारतीय अंतरिक्ष** अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक भूस्थिर उपग्रह प्रक्षेपण यान (जीएसएलवी) के जरिए दूसरी पीढ़ी के नौवहन उपग्रह एनवीएस-01 का सोमवार को सफल प्रक्षेपण किया और फिर इसे सफलतापूर्वक भूस्थैतिक स्थानांतरण कक्षा (जीटीओ) में स्थापित कर दिया। जीएसएलवी रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया गया यह उपग्रह अपनी दूसरी पीढ़ी के नौवहन उपग्रहों की श्रृंखला में से पहला है। एनवीएस-01 देश की क्षेत्रीय नौवहन प्रणाली को मजबूत करेगा और सटीक एवं तात्कालिक नौवहन सेवाएं मुहैया कराएगा। चेन्नई से करीब 130 किलोमीटर दूर यहां स्थित श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र के दूसरे लॉन्च पैड से 51.7 मीटर लंबे तीन चरणीय जीएसएलवी रॉकेट ने 27.5 घंटे की उल्टी गिनती समाप्त होने पर उड़ान भरी। यह पूर्व निर्धारित समय पूर्वाह्न 10 बजकर 42 मिनट पर साफ आसमान में अपने लक्ष्य की ओर रवाना हुआ। दूसरी पीढ़ी की इस नौवहन उपग्रह श्रृंखला को अहम प्रक्षेपण माना जा रहा है क्योंकि इससे नाविक (जीपीएस की तरह भारत की स्वदेशी नौवहन प्रणाली) सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित होगी और यह उपग्रह भारत एवं मुख्य भूमि के आसपास लगभग।,500 किलोमीटर के क्षेत्र में तात्कालिक स्थिति और समय संबंधी सेवाएं प्रदान करेगा। इसरो ने बताया कि नाविक को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि संकेतों की मदद से उपयोगकर्ता की 20 मीटर के दायरे में स्थिति और 50 नैनोसेकंड के अंतराल में समय की सटीक जानकारी मिल सकती है। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने इस मिशन के उत्कृष्ट परिणाम के लिए पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने प्रक्षेपण के बाद मिशन नियंत्रण केंद्र से कहा, एनवीएस-01 को जीएसएलवी ने उसकी कक्षा में सटीकता से स्थापित किया। इस मिशन को संभव बनाने के लिए इसरो की पूरी टीम को बधाई। उन्होंने अगस्त 2021 में प्रक्षेपण यान के क्रायोजेनिक चरण में पैदा हुई विसंगति का जिक्र करते हुए कहा कि आज की सफलता जीएसएलवी एफ10 की विफलता के बाद मिली है। उन्होंने इस बात पर खुशी व्यक्त की कि क्रायोजेनिक चरण में सुधार और सीखे गए सबक से वास्तव में लाभ हुआ है। उन्होंने समस्या के समाधान का श्रेय विफलता विश्लेषण समिति को दिया। सोमनाथ ने कहा कि एनवीएस-01 दूसरी पीढ़ी का उपग्रह है, जिसमें कई अतिरिक्त क्षमताएं है। उन्होंने कहा कि इससे मिलने वाले संकेत अधिक सुरक्षित होंगे और इसमें एक असैन्य फ्रीक्वेंसी बैंड उपलब्ध कराया गया है। यह इस प्रकार के पांच उपग्रहों में से एक है। प्रक्षेपण के केवल 20 मिनट बाद रॉकेट ने 2,232 किलोग्राम वजनी एनवीएस-01 नौवहन उपग्रह को लगभग 251 किमी की उंचाई पर भूस्थैतिक स्थानांतरण कक्षा (जीटीओ) में स्थापित कर दिया।

## आदिवासी और हिन्दू अलग नहीं हैं : शंकराचार्य

**भाषा।** रायपुर

**ज्योतिष पीठ के** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने बस्तर में कुछ जनजातीय समूहों के द्वारा यह कहे जाने पर कि वे हिंदू नहीं हैं, उन्होंने कहा, आदिवासियों को यह समझना चाहिए कि उनकी और हिंदू की जड़ें समान हैं। शंकराचार्य ने कहा, वास्तव में हम सब एक हैं। बहुत पहले हम सभी वनवासी थे।

हमारे पूजा करने के तरीके, जीने के तरीके सब एक जैसे हैं। हम एक हैं लेकिन नेता हमें बांटने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि अलग होने से उन्हें कुछ समय के लिए अच्छा लग सकता है लेकिन हिंदू समुदाय से अलग होने से उनकी ताकत कम हो जाएगी। हमारी ताकत एकजुट रहने में है और हम विभाजन नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि राजनीति हमेशा समाज को खंडित करना चाहती है और इस तरह के प्रयास ब्रिटिश शासन के समय से होते रहे हैं। नई दिल्ली में पहलवानों की गिरफ्तारी की आलोचना की है और कहा है कि देश की बेटियों के खिलाफ कार्रवाई अस्वीकार्य है। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या इस बात की गारंटी है कि नए संसद भवन में स्थापित सेंगोल (राजदंड) जो कि न्याय और सुशासन का प्रतीक है, को इस अर्थ में अपनाया जाएगा। रायपुर में राजराजेश्वरी मंदिर में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान शंकराचार्य ने कहा कि आदिवासियों को यह समझना चाहिए कि उनकी जड़ें हिंदुओं के समान हैं और राजनीति उन्हें चुनावी लाभ के लिए विभाजित करने की कोशिश करती है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे पहलवानों की गिरफ्तारी के बारे में पूछे जाने पर शंकराचार्य ने कहा, यदि किसी को किसी बात की शिकायत है तो इसकी जांच की जानी चाहिए। यदि सांसद निर्दोष हैं तब जांच के बाद उन्हें निर्दोष घोषित करने में क्या हर्ज है। उन्होंने कहा, ऐसे समय में जब पूरा देश महिला सशक्तिकरण और बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ की बात कर रहा है, हम बेटियों को घसीटते हुए देख रहे हैं। यह अस्वीकार्य है। नए संसद भवन में सेंगोल की स्थापना पर टिप्पणी करते हुए, शंकराचार्य ने कहा, पुराने संसद भवन में अध्यक्ष की कुर्सी के ठीक ऊपर संस्कृत में पंक्ति लिखी हुई थी, जिसका अर्थ था जहां धर्म है, वहां विजय है , लेकिन यह वास्तव में कितना हुआ है। शंकराचार्य ने कहा, इसलिए पंक्तियां लिखी जाती हैं, प्रतीक स्थापित किए जाते हैं लेकिन उसके वास्तविक अर्थों की उपेक्षा की जाती है। क्या गारंटी है कि राजदंड (सेंगोल) के वास्तविक अर्थ की उपेक्षा नहीं की जाएगी।

### प्रवेश परीक्षा के लिए पात्रता मानदंड के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में प्रवेश के लिए उच्चतर माध्यमिक परीक्षा में 75 प्रतिशत अंक के पात्रता मानदंड को चुनौती देने वाली याचिका सोमवार को खारिज कर दी।ायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि यह शर्त पहले भी थी और वह इस मामले में हस्तक्षेप करने की इच्छुक नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा किए शिक्षा से जुड़े मामले है और उसे इस मुद्दे को विशेषज्ञों पर छोड़ देना चाहिए।पीठ ने कहा, यह स्थिति हमेशा से थी, हम क्यो दखल दें? शीर्ष अदालत चंदन कुमार और अन्य द्वारा आईआईटी में प्रवेश के लिए 12वी कक्षा की बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अंको की पात्रता मानदंड के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने तर्क दिया कि छात्रों को कोविड-19 महामारी के दौरान छूट दी गई थी और उन छात्रों के पास अब प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए परीक्षा पास करने की अधिक संभावनाएं है। वकील ने कहा, उन्होने संयुक्त प्रवेश परीक्षा, जेईई (मेन) में 98 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए है।

### कनाडा के विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए स्वीकार की जाएगी

**नई दिल्ली।** टीओईएफएल परीक्षा अब कनाडा के स्टूडेंट डायरेक्ट स्ट्रीम में नामांकन के लिए स्वीकार की जाएगी। यह उन अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए एक त्वरित अध्ययन परमिट प्रसंस्करण कार्यक्रम है, जो वहां के उत्तर-माध्यमिक संस्थानो मे दाखिला लेने की योजना बना रहे है। शैक्षणिक परीक्षा सेवा (ईटीएस) ने यह जानकारी दी। टीओईएफएल परीक्षा अंग्रेजी भाषी विदेशी विश्वविद्यालय में दाखिला लेने के इच्छुक गैर अंग्रेजी भाषी देशों के छात्रों से ली जाती है। अंग्रेजी भाषा की क्षमता का पता लगाने के लिए यह एक मानक परीक्षा है। ईटीएस के मुताबिक, इस परीक्षा को इमिग्रेशन, रिफ्यूजीस एंड सिटिजनशिप कनाडा (आईआरसीसी) द्वारा अनुमोदित किया गया है। शैक्षणिक परीक्षा सेवा में वैश्विक उच्च शिक्षा और कार्य कौशल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहित शर्मा ने कहा कि टीओईएफएल के शामिल होने से न केवल हजारो छात्रो को इसका फायदा मिलेगा, बल्कि संस्थान को भी इस बात की खुशी होगी की उनकी पहुंच इतनी बड़ी संख्या में आवेदको तक होगी जो अपने अंग्रेजी भाषा के कौशल का प्रदर्शन कर सकते है।

# गुवाहाटी में सड़क हादसे में इंजीनियरिंग कॉलेज के सात छात्रों की मौत

**भाषा।** गुवाहाटी

**गुवाहाटी में** सोमवार को हुए एक सड़क हादसे में असम इंजीनियरिंग कॉलेज के सात छात्रों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

एक अधिकारी ने बताया कि तृतीय वर्ष के 10 छात्र आज तड़के एक कार में कॉलेज परिसर से निकले और उनका तेज रफ्तार वाहन जलुकबारी इलाके में पहले सड़क पर डिवाइडर से और फिर एक पिकअप वैन से टकरा गया। पुलिस अधिकारी ने कहा, सात छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य छात्रों को गंभीर हालत में गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान अरिंदम भल्लाल, राजकिरण भुइयां, नियार डेका, कौशिक डेका, एमोन गायन, उपांग्शु सरमा और कौशिक मोहन के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि चालक सहित वैन में सवार तीन लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राज्य विधानसभा में जलुकबारी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने दुर्घटनास्थल का दौरा किया। हिमंत विश्व शर्मा ने ट्वीट किया, जलुकबारी में सड़क दुर्घटना में नौजवानों की मौत से बेहद दुखी हूं। उनके माता-पिता और परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। मुख्यमंत्री ने कॉलेज के छात्रावासों में रहने वाले छात्रों के अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों के साथ लगातार संपर्क में रहें ।

### मैसुरू में सड़क दुर्घटना में 10 लोगों की मौत

**मैसुरू (कर्नाटक)।** यहां के टी. नरसीपुरा तालुक में सोमवार को एक कार तथा निजी बस की टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई और कम से कम तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना कोल्लेगला-टी नरसीपुरा मुख्य मार्ग पर कुरबुरु गांव के पास हुई। सूत्रों के अनुसार, दोनों वाहनों के बीच सीधी टक्कर होने से कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को इलाज के लिए विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि बताया जा रहा है कि मृतक बेल्लारी जिले के सांगनाकल्लू के रहने वाले थे। वे शाम के समय इनोवा कार में बीआर हिल्स से लौट रहे थे। सूत्रों ने बताया कि मरने वालों में दो बच्चे भी शामिल है। बताया जा रहा है कि निजी बस कोल्लेगला की ओर जा रही थी। अधिकारी ने कहा कि कार में सवार रहे तीन घायलो को भी चामराजनगर अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। उनमें से एक की हालत गंभीर है, जबकि दो की हालत स्थिर है। अधिकारियों ने कहा कि अग्निशमन व आपातकालीन कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से कार को काटने के बाद शवों को बाहर निकाला। उन्होने कहा कि शव क्षत विक्षतै स्थिति मे थे। पुलिस ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने घटना पर दुख जताया और मुआवजे की घोषणा की। उन्होंने उपायुक्त को दुर्घटना स्थल व अस्पताल जाने का निर्देश भी दिया है। सिद्धरमैया ने ट्विटर पर लिखा, मैसुरू जिले के टी नरसीपुरा के पास हुई दुर्घटना से व्यथित हूं, जिसमे 10 लोगों की मौत हो गई।

### कश्मीर में खीर भवानी मेला में 25,000 से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए : अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि कश्मीर में रविवार को ज्एष्ठ अष्टमी पर खीर भवानी मेले में 25,000 से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए और उन्होंने इसके सफल आयोजन के लिए सुरक्षाबलों के साथ ही जम्मू कश्मीर प्रशासन की प्रशंसा की। खीर भवानी मेला ज्एष्ठ अष्टमी के मौके पर 26 मई को शुरू हुआ और 28 मई को संपन्न हुआ, जिसमें जम्मू से 107 बसों में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। शाह ने श्रद्धालुओं की तस्वीरों के साथ ट्वीट किया, कश्मीर में ज्एष्ठ अष्टमी को लगा खीर भवानी मेला कश्मीरी पंडित बहनों और भाइयों के आध्यात्मिक जगत में पवित्र स्थान रखता है। मेले में 25,000 से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए। उन्होंने कहा, मैं उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, जम्मू कश्मीर पुलिस और स्थानीय प्रशासन को खीर भवानी मेला सफलतापूर्वक संपन्न होने पर बधाई देता हूं।

## क्विक न्यूज

### पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के इकलौते विधायक टीएमसी में शामिल

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा में कांग्रेस के इकलौते विधायक बायरन बिस्वास सोमवार को सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में शामिल हो गए। बिस्वास सत्तारूढ़ पार्टी के जनसंपर्क अभियान नवज्वार के दौरान टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की मौजूदगी में पार्टी मे शामिल हुए। मुर्शिदाबाद जिले में सागरदिघी निर्वाचन क्षेत्र से विधायक बिस्वास के टीएमसी में शामिल होने के बाद बनर्जी ने कहा कि कांग्रेस को तय करना है कि वह राज्य में सत्तारूढ़ दल का विरोध करना चाहती है या केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का। उपचुनाव में जीत हासिल करने के लगभग तीन महीने बाद बिस्वास पश्चिम मेदिनीपुर जिले के घाटाल क्षेत्र में टीएमसी में शामिल हो गए, और कहा कि कांग्रेस की उनकी जीत में कोई भूमिका नही है। टीएमसी के ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया गया, आज जनसंजोग यात्रा के दौरान अभिषेक बनर्जी की मौजूदगी मे सागरदिघी के कांग्रेस विधायक बायरन बिस्वास हमारे साथ शामिल हुए। हम उनका तृणमूल कांग्रेस परिवार में तहे दिल से स्वागत करते है। टीएमसी के ट्वीट में कहा गया, भाजपा की विभाजनकारी और भेदभावपूर्ण राजनीति के खिलाफ लड़ने के अपने संकल्प को मजबूत करने के लिए, आपने सही मंच चुना है। साथ मिलकर, हम जीतेंगे। बिस्वास ने इस साल की शुरुआत में हुए उपचुनाव में कांग्रेस के टिकट पर सागरदिघी सीट जीती थी। स के बीच मौन सहमति के माध्यम से बने अनैतिक गठबंधन के बारे में जानते है।ि

### नवाचार से एडवांस्ड हो रहे वाहन


**नोएडा।** 99 साल पुरानी विरासत के साथ ब्रिटिश ऑटोमोबाईल ब्रांड एमजी मोटर इंडिया ने भारत के पहले ऑटोनोमस लेवल-1 प्रीमियम एसयूवी, एमजी ग्लॉस्टर के एडवांस्ड ब्लैक स्टॉर्म एडिशन का अनावरण किया। यह एक्सक्लुसिव स्पेशल एडिशन खूबसूरत और डीप ब्लैक ह्यू में आता है, जो वाहन की विशिष्टता को बढ़ाता है। एडवांस्ड ग्लॉस्टर ब्लैक स्टॉर्म पूरे देश में 4,29,800 रु के एक्सशोरूम मूल्य में उपलब्ध होगा। एडवांस्ड ग्लॉस्टर ब्लैक स्टॉर्म अपनी डाईनैमिक एस्थेटिक्स द्वारा लोगों का मन मोह लेता है। इसमें बॉडीवर्क में बोल्ड स्पोर्टी एलिमेंट्स और आकर्षक रेड एक्सेंट्स हैं। आईकोनिक ऍक् और ॅक्ए न्यू ग्लोस्टर, और इंटरनेट इनसाईड के प्रतीकचिन्हों को मैटल ब्लैक और मैटल एश कलर और ज्यादा उभारकर लाते हैं। रूफरेल, स्मोक्ड ब्लैक टेललाईट, विंडो सराउंडए फेंडर और फॉग गार्निश डार्क थीम को और ज्यादा बेहतर बना देते हैंए जिससे एमजी की इस फ्लैगशिप एसयूवी की मौजूदगी और ज्यादा प्रभावशाली बन जाती है। इस लॉन्च के बारे में एमजी मोटर इंडिया के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टरए गौरव गुप्ता ने कहा कि एमजी ग्लॉस्टर कम्फर्ट, लग्ज़री, और आधुनिक टेक्नॉलॉजी का टाईमलेस प्रतीक है। इस विरासत को आगे बढ़ाते हुएए एडवांस्ड ग्लॉस्टर ब्लैक स्टॉर्म और ज्यादा आत्मविश्वास और स्पोर्टीनेस प्रदर्शित करता है।

### धन की बर्बादी रोकना मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि : यादव

**भोपाल,।** केंद्रीय पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन, श्रम और रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की जन धन, आधार और मोबाइल फोन आधारित योजनाओं ने सरकारी पैसे की बर्बादी को रोक दिया है और यह सुनिश्चित किया है कि इसका लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। नरेंद्र मोदी सरकार के नौ साल की उपलब्धियों पर यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यादव ने कहा, बीते नौ वर्षों मे प्रधानमंत्री मोदी की सरकार अगर देश मे बड़े बदलाव ला सकी है, तो उसका आधार लक्षित डिलीवरी और अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना रहा है। यही मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धियां भी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने हर काम की समय सीमा तय की और हर योजना का 100 प्रतिशत लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके, यह सुनिश्चित किया। यादव ने कहा, मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा (संवाददाता सम्मेलन मे मौजूद थे)

### एनर्जी एफिशिएंट इंजन की मांग

**नई दिल्ली।** ऊनो मिंडा जो कि ओईएम ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्यूफैक्चरर्स के लिए अधिकृत ऑटोमोटिव सॉल्यूशंस उपलब्ध कराती है, ने भारतीय आफ्टरमार्केट में टूव्हीलर्स के लिए अपने बी एस 6 अनुकूल ऑटोमोटिव इंजन ऑयल्स पेश किए ं। कंपनी का लक्ष्य वाहन उद्योग के लिए एनर्जी एफिशिएंट इंजन ऑयल्स की बढ़ती मांग को पूरा करने के साथ-साथ उन ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करना भी है, जो अपने वाहनों के लिए बेहतर परफॉरमेंस वाले इंजन ऑयल?स की तलाश में रहते हैं। इस मौके परए अनिल मिश्रा हेड रीजन सेल्स नॉर्थ 2ए यूनो मिंडा लिमिटेड पीएसडी ने कहा कि ऊनो मिंडा अपने ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रदान कराने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रीमियम क्वालिटी एडिटिव्स का प्रयोग कर हम कार्बन फुटप्रिंट्स कम करने पर भी ध्यान दे रहे हैं। हमने बी एस 6 अनुकूल ऑटोमोटिव इंजन ऑयल्स को अपने एम 3 यानी श्श्मोर लाइफ, मोर माइलेज और मोर परफॉरमेंस के अनुरूप तैयार किया है। ये ज्यादा परफॉरमेंस वाले ल्युब्रिकेंट्स् इंजन ऑयल्स तुरंत स्टार्ट और पिकअप सुनिश्चित करने के साथ.साथ बेहतर ड्राइव और शानदार माइलेज का भरोसा भी देते हैं जिससे ड्राइविंग अनुभव पहले के मुकाबले बेहतर बनता हैं। नियमित प्रयोग करने पर ग्राहकों को बेहतर इंजन लाइफभी मिलती है।



## कंबोडिया के राजा भारत की राजकीय यात्रा पर पहुंचे

**भाषा।** नई दिल्ली,

**कंबोडिया के** राजा नोरोडोम सिहामोनी सोमवार को भारत की पहली राजकीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे। उनकी यह यात्रा भारत और कंबोडिया के बीच कूटनीतिक संबंध स्थापित होने की 70वीं सालगिरह के उपलक्ष्य में हो रही है। दोनों देशों के बीच वर्ष 1952 में कूटनीतिक संबंध स्थापित हुए थे। केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री राजकुमार रंजन सिंह ने नई दिल्ली के पालम वायुसेना केंद्र पर कंबोडियाई राजा की अगवानी की। कंबोडियाई राजा के साथ भारत की यात्रा पर 27 सदर्स्यीय उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है जिनमें राजमहल के मंत्री, विदेश मंत्री और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बताया कि कंबोडियाई राजा का भारत दौरा दोनों देशों के बीच सभ्यागत संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने का अवसर प्रदान करेगा। विदेश मंत्रालय ने बताया कि गत 60 साल में किसी कंबोडियाई राजा की यह पहली भारत यात्रा है।

# एनआईए की याचिका पर यासीन मलिक को नोटिस

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने आतंकवाद के वित्त पोषण के एक मामले में अलगाववादी नेता यासीन मलिक को मौत की सजा दिए जाने के अनुरोध वाली राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की याचिका पर मलिक को सोमवार को एक नोटिस जारी किया। मलिक फिलहाल उम्रकैद की सजा काट रहा है। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल एवं न्यायमूर्ति तलवंत सिंह की पीठ ने मलिक को नौ अगस्त को उसके समक्ष पेश करने के लिए वारंट भी जारी किया। एनआईए की ओर से पेश सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि मामले को दुर्लभतम मानते हुए, आतंकवाद और पृथकतावादी गतिविधियों में लिप्त आरोपी को मौत की सजा दी जानी चाहिए। मेहता ने कहा कि मलिक ने भारतीय वायुसेना के चार अधिकारियों की सनसनीखेज हत्या की और यहां तक कि तत्कालीन गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी का अपहरण कराया, जिसके कारण चार खूंखार अपराधियों को रिहा कर दिया गया, जिन्होंने मुंबई में 26 नवंबर 2008 को हुए हमले की साजिश रची। अदालत ने अपने आदेश में कहा, यह ध्यान में रखते हुए कि इस याचिका में इकलौते प्रतिवादी यासीन मलिक ने भारतीय दंड संहिता की धारा 121 के तहत आरोपों पर लगातार जुर्म कुबूल किया है,जिसमें मौत की सजा के विकल्प का प्रावधान है। हम उसे नोटिस जारी करते हैं....जो जेल अधीक्षक द्वारा उसे दिया जाएगा। आदेश में कहा गया कि अगली सुनवाई में उसे पेश करने के लिए वारंट जारी किया जाए। अदालत ने एनआईए के उस आवेदन पर भी मलिक को नोटिस जारी किया जिसमें मौजूदा अपील को ैफिर से दाखिलै करने में देरी को माफ करने की मांग की गई थी। मेहता ने अदालत से देरी के लिए माफी का आग्रह करते हुए कहा कि तकनीकी समस्याओं का ऐसे मामलों में कोई असर नहीं होना चाहिए। गौरतलब है कि 24 मई 2022 को एक निचली अदालत ने जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के मलिक को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम (यूएपीए) अधिनियम तथा भारतीय दंड संहिता के विभिन्न प्रावधानों के तहत अपराधों में दोषी ठहराया था और उसे उम्र कैद की सजा सुनाई थी। मलिक ने यूएपीए सहित अन्य आरोपों पर जुर्म कुबूला था, उसे दोषी करार दिया गया था और उम्र कैद की सजा सुनाई गई थी। एसजी मेहता ने अदालत के समक्ष कहा कि एनआई की याचिका दंड आदेश के खिलाफ एक अपील है। उन्होंने कहा कि एक आतंकवादी को आजीवन कारावास की सजा नहीं दी जा सकती क्योंकि वह अपना जुर्म कबूल चुका है और यह कह चुका है कि वह मुकदमे की कार्यवाही का सामना नहीं करेगा।

उन्होंने कहा कि आरोपी को मृत्युदंड से बचने के लिए यह हथकंडा अपनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। क्योंकि उसे पता है कि अगर उसने मुकदमे का सामना किया तो उसे मौत की सजा सुनाई जा सकती है। इस तरह तो कोई भी आतंकवादी आतंकी गतिविधियों को अंजाम देकर अपना जुर्म कबूल कर सकता है और अदालत कह सकती है कि चूंकि उसने अपराध स्वीकार कर लिया है, इसलिए उसे मृत्युदंड न देकर आजीवन कारावास की सजा दी जाती है।यहां तो अलकायदा के संस्थापक ओसामा बिन लादेन को भी जुर्म कबूल करने की अनुमति दे दी जाती।

# लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग रोकें : जयशंकर ने ब्रिटिश मंत्री से कहा

**भाषा।** नई दिल्ली

**विदेश मंत्री** एस. जयशंकर ने सोमवार को भारत दौरे पर आए ब्रिटिश मंत्री लॉर्ड तारिक अहमद से ब्रिटेन में भारत के राजनयिक मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और लोकतांत्रिक स्वतंत्रता के दुरुपयोग को रोकने को कहा।विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास मामलों के राज्य मंत्री लॉर्ड अहमद के साथ एक बैठक में जयशंकर की यह टिप्पणी मार्च में खालिस्तान समर्थकों द्वारा लंदन में भारतीय उच्चायोग में तोड़फोड़ की पृष्ठभूमि में आई। जयशंकर ने लॉर्ड अहमद के साथ चर्चा के दौरान उठाए गए मुद्दों को ट्विटर पर साझा किया। विदेश मंत्री ने कहा, आज नई दिल्ली में ब्रिटेन के विदेश राज्यमंत्री लॉर्ड तारिक अहमद के साथ मुलाकात की... हमारे राजनयिक मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और लोकतांत्रिक स्वतंत्रता के दुरुपयोग को रोकने के दायित्व को रेखांकित किया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अप्रैल में ब्रिटेन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद लंदन में भारतीय मिशन पर हमले के मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण को सौंपी थी। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने यात्रा पर आए मंत्री के साथ मुक्त व्यापार समझौते और दक्षिण एशिया से लेकर हिंद-प्रशांत और जी20 तक कई मुद्दों पर चर्चा की। म ु क त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर भारत और ब्रिटेन के बीच नौ दौर की बातचीत हो चुकी है।

भारत और ब्रिटेन एक व्यापक समझौते की दिशा में पिछले साल जनवरी से एफटीए पर बातचीत कर रहे हैं, जिससे 2022 में अनुमान के मुताबिक रहे 34 अरब ब्रिटिश पाउंड के द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

# प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने नए केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के रूप में शपथ ली

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने सतर्कता आयुक्त प्रवीण कुमार श्रीवास्तव को सोमवार को केंद्रीय सतर्कता आयुक्त (सीवीसी) पद की शपथ दिलाई। राष्ट्रपति भवन से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई।

श्रीवास्तव, केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के पद पर सुरेश एन पटेल का कार्यकाल पूरा होने के बाद पिछले साल दिसंबर से कार्यवाहक केंद्रीय सतर्कता आयुक्त (सीवीसी) के तौर पर काम कर रहे थे। बयान में कहा गया है, ैआज सुबह साढ़े दस बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के तौर पर शपथ ली। उन्होंने राष्ट्रपति के समक्ष पद और गोपनीयता की शपथ ली। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। केंद्रीय सतर्कता आयोग में सतर्कता आयुक्त का एक पद रिक्त है। फिलहाल निकाय में पूर्व खुफिया ब्यूरो प्रमुख अरविंद कुमार एकमात्र सतर्कता आयुक्त हैं। श्रीवास्तव, असम-मेघालय कैडर के 1988-बैच (सेवानिवृत्त) के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी हैं। वह पिछले साल 31 जनवरी को सचिव (समन्वय), कैबिनेट सचिवालय के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। गृह मंत्रालय में विशेष सचिव और अतिरिक्त सचिव के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के कैडर प्रबंधन, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और केंद्र शासित प्रदेशों के कर्मियों और सामान्य प्रशासन से संबंधित मामलों का प्रबंधन किया था। केंद्रीय सर्तकता आयुक्त और सतर्कता आयुक्त का कार्यकाल चार वर्ष या पदधारी व्यक्ति के 65 वर्ष की आयु पूरा होने तक का होता है।



विजीलेंस कमिश्नर प्रवीन कुमार श्रीवास्वत के शपथ ग्रहण समारोह में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व प्रधानमंत्री

# कोहली ने टीम इंडिया के साथ किया अभ्यास

● रोहित मंगलवार से अभ्यास करेंगे

भाषा। आँरनडेल (ससेक्स)



**भारत के स्टार** बल्लेबाज विराट कोहली सोमवार को आँरनडेल कासल क्रिकेट क्लब में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट के साथ राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के अभ्यास सत्र से जुड़ गए। ऐसा लगता है कि उनादकट बाएं कंधे की चोट से उबर गए हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया सात से 11 जून तक द ओवल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल खेलेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर भारतीय टीम के सदस्यों की तस्वीर साझा की जिसमें कोहली के अलावा तेज गेंदबा मोहम्मद सिराज और उमेश यादव भी शामिल थे। बीसीसीआई ने ट्वीट में कहा, टीम इंडिया के सदस्यों ने आँरनडेल कासल क्रिकेट क्लब में डब्ल्यूटीसी 2023 की अपनी तैयारियां शुरू की। कोहली, उमेश और सिराज को नई ट्रेनिंग किट में जॉगिंग करते हुए देखा जा सकता था जबकि ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने नेट पर गेंदबाजी की।उनादकट ने मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और गेंदबाजी कोच पारस महाम्ब्रे के साथ भी बात की। फाइनल की तैयारी के लिए इंग्लिश काउंटी में ससेक्स की ओर से खेल रहे चेतेश्वर पुजारा भी ट्रेनिंग के लिए पहुंचे।उमेश और शारदुल ठाकुर डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए यहां पहुंचने वाले भारतीय खिलाड़ियों के शुरुआती समूह में शामिल थे।कप्तान रोहित शर्मा और मुंबई के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी यहां पहुंच गए हैं। रविंद्र जडेजा, शुभमन गिल, मोहम्मद शमी, केएस भरत और अजिंक्य रहाणे की मौजूदगी वाला अंतिम समूह अहमदाबाद में आईपीएल फाइनल के बाद मंगलवार को इंग्लैंड के लिए रवाना होगा। रुतुराज गायकवाड़ ने बीसीसीआई को सूचित किया है कि तीन और चार जून को उनका विवाह है जिसके बाद जायसवाल को स्टैंडबाई खिलाड़ी के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। भारत 2021 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के पहले फाइनल में साउथम्पटन में केन विलियमसन की अगुआई वाली न्यूजीलैंड की टीम से आठ विकेट से हार गया था।भारत डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेगा।

## भारत-आस्ट्रेलिया डब्ल्यूटीसी फाइनल में मैदानी अंपायर होंगे इलिंगवर्थ, गाफाने

**दुबई।** इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ और न्यूजीलैंड के क्रिस गाफाने भारत और आस्ट्रेलिया के बीच लंदन मे होने वाले आगामी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल मे मैदानी अंपायर होंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को यह घोषणा की। आईसीसी ने सात से 11 जून तक ओवल मे होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए मैच अधिकारियो की घोषणा करते हुए एक प्रेस विज्ञप्ति मे कहा, न्यूजीलैंड के क्रिस गाफाने और इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ को डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए मैदानी अंपायर चुना गया है जिसमे 12 जून रिजर्व डे रहेगा ताकि जरूरत पड़ने पर पांच दिन के खेल के दौरान गंवाए गए समय की भरपाई की जा सके। गाफाने (48 वर्ष) का यह 49वां टेस्ट मैच होगा जबकि 59 साल के इलिंगवर्थ अपने 64वें मैच मे अंपायरिंग करेंगे। इलिंगवर्थ दो साल पहले शुरुआती डब्ल्यूटीसी फाइनल मे भी अंपायर थे जिसमे न्यूजीलैंड ने साउथम्पटन मे भारत पर आठ विकेट से जीत हासिल की थी। इंग्लैंड के एक और अंपायर रिचर्ड केटलबोरो भी लगातार दूसरे डब्ल्यूटीसी फाइनल मे अंपायरिंग करेंगे जिन्हें एक बार फिर टीवी अंपायर नियुक्त किया गया है। श्रीलंका के कुमार धर्मसेना चौथे अंपायर होंगे जबकि वेस्टइंडीज के रिची रिचर्डसन मैच रैफरी होंगे। भारत शुरुआती डब्ल्यूटीसी फाइनल में भी खेला था जबकि आस्ट्रेलिया पहली बार टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल मे खेलेगा।

## खबरें स्टेडियम से

### थाला धोनी को देखने आए सीएसके प्रशंसकों का प्लान बारिश ने किया चौपट



**अहमदाबाद।** अपने चहेते थाला (तमिल मे बड़ा भाई) को एक आखिरी बार पीली जर्सी मे देखने चेन्नई, बेंगलुरू, कोच्चि, दिल्ली, चंडीगढ, मुंबई और इंदौर से आए प्रशंसको का यात्रा का पूरा कार्यक्रम बारिश ने चौपट कर दिया और कइयो को तो आईपीएल फाइनल देखे बिना ही लौटना पड़ा। बारिश के कारण चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच फाइनल रविवार को नही हो सका जो सोमवार को रिजर्व दिन पर होगा। दर्शको को रविवार के टिकट पर ही मैदान मे प्रवेश की अनुमति है लेकिन कइयो ने सोमवार को ही होटलो से चेकआउट कर लिया था और दूसरा होटल बुक भी नही किया। उन्हे अहमदाबाद रेलवे स्टेशन पर ही रात बितानी पड़ी जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर भरी पड़ी है। वही कइयो को काम की वजह से फाइनल देखे बिना लौटना पड़ा। इंदौर से आए व्यवसाई विकास केडिया भी उनमे से एक है जो अपनी पत्नी और दो बेटो के साथ खुद कार चलाकर यहां पहुंचे थे। केडिया के दस वर्ष के बेटे को धोनी को देखने की इच्छा थी और यही वजह है कि उन्होंने टीम डगआउट के पास वाली सीट बुक की थी। मैच तो हुआ नही और लगातार बारिश के कारण वे मैदान मे कवर ही तलाशते रह गए। उन्होंने कहा , बारिश शुरू होते ही कवर मिलना मुश्किल हो गया। इतनी भीड़ मे बच्चो के साथ यह सुरक्षित भी नही था। नेटवर्क नही आ रहा था और भीड़ मे हम बच्चो से बिछड़ सकते थे। उन्होंने कहा , मेरा बड़ा बेटा तो कार मे बैठते ही रोने लगा क्योकि वह धोनी को नही देख सका।

### आईपीएल फाइनलः रविवार को नही होने से प्रशंसकों को बदलना पड़ रहा है कार्यक्रम

**अहमदाबाद।** देश के विभिन्न हिस्सो से अपने थाला (बड़े भाई) महेंद्र सिंह धोनी को को अंतिम बार चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) की जर्सी मे देखने के लिए अहमदाबाद पहुंचे प्रशंसको को रविवार रात निराशा हाथ लगी जब बारिश के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल का आयोजन नही हो पाया। फाइनल के लिए रिजर्व दिन रखा गया है और अब यह खिताबी मुकाबला यहां एक लाख 32 हजार दर्शको की क्षमता वाले नरेंद्र मोदी स्टेडियम मे सोमवार को खेला जाएगा। प्रशंसको को रविवार का टिकट दिखाकर फाइनल देखने की स्वीकृति होगी लेकिन खिताबी मुकाबला एक दिन आगे खिसकने से प्रशंसको का सारा कार्यक्रम चौपट हो गया है। कई प्रशंसको को सोमवार सुबह होटल खाली करना था जबकि कुछ लोगो ने तो होटल ही बुक नही किया था और वे अहमदाबाद रेलवे स्टेशन पहुंच गए। उन्होने रेलवे स्टेशन पर रात कैसे गुजारी इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी देखी जा सकती है। सभी लोग हालांकि इतने भाग्यशाली नही है कि उन्हे रिजर्व दिन फाइनल देखने का मौका मिले क्योकि कई लोगो को विभिन्न प्रतिबद्धताओ के कारण वापस लौटना पड़ा। इंदौर के व्यवसाई विकास केडिया उन्ही दुर्भाग्यशाली लोगो मे शामिल है। वह अपनी पत्नी और दो बेटों के साथ रविवार को फाइनल देखने के लिए कार से अहमदाबाद पहुंचे थे। केडिया ने बताया, एक बार बारिश शुरू होने के बाद स्थिति काफी मुश्किल हो गई क्योकि सभी छत के नीचे जाना चाहते थे।

### भारतीय अंडर-17 टीम ने जर्मनी के टीएसवी ऑग्सबर्ग को 4-0 से हराया

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-17 पुरुष फुटबॉल टीम ने सोमवार को ऑग्सबर्ग मे पॉल रेज अकादमी मे अभ्यास मैच मे टीएसवी श्चवाबेन ऑग्सबर्ग को 4-0 से हरा दिया। भारतीय टीम के लिए पहले हाफ मे लेमेट टांगवा ने दो गोल दागे जबकि रोहेन सिंह और थांगलालसौन गांगटे ने एक एक गोल किए। इससे भारत ने जर्मनी मे अपने अंतिम अभ्यास मैच मे शानदार जीत हासिल की।

### फ्रांस अंडर-20 विश्व कप से बाहर, इंग्लैंड अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहा

**ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना)।** फ्रांस ग्रुप चरण के अपने अंतिम मैच मे होंडुरास पर 3-। से जीत दर्ज करने के बावजूद अंडर-20 विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता से बाहर हो गया। फ्रांस ग्रुप एफ मे अपने पहले दोनों मैच हार गया था जिसके कारण वह नॉकआउट चरण मे जगह नही बना पाया। इस ग्रुप से गांबिया और दक्षिण कोरिया आगे बढ़ने मे सफल रहे। फ्रांस को तीसरे स्थान पर रहने वाली चार सर्वश्रेष्ठ टीमों मे जगह बनाने के लिए एक और गोल की दरकार थी।

### हैंडबॉल में गतिरोध खत्म, दिग्विजय चौटाला एचएआई के नए अध्यक्ष चुने गए

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के हस्तक्षेप के बाद दिग्विजय चौटाला को भारतीय हैंडबॉल संघ (एचएआई) का अध्यक्ष और जगन मोहन राव को महासचिव चुना गया जिससे खेल के संचालन को लेकर लंबे समय से चला आ रहा गतिरोध खत्म हो गया। एचएआई ने इस मुद्दे को सुलझाने मे भूमिका के लिए आईओए को धन्यवाद दिया और भारत मे खेलों की शीर्ष संस्था से मान्यता का आग्रह किया।

### अटवाल पीजीए चैम्पियनशिप में पदार्पण पर 49वें स्थान पर रहे

**फ्रिस्को।** भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल ने अपने सीनियर पीजीए चैम्पियनशिप में पदार्पण का समापन 75 के निराशानजक कार्ड से किया जिससे वह संयुक्त 49वें स्थान पर रहे। चैम्पियंस टूर में अपने दूसरे ही टूर्नामेंट मे खेल रहे अटवाल ने अंतिम दौर मे एक बर्डी लगाई जबकि दो बोगी और एक डबल बोगी कर बैठे। अटवाल ने कुल चार ओवर 292 का स्कोर बनाया जिसमें उन्होंने 73, 72, 72 और 75 के कार्ड खेले।

### आगरा के छात्रों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**आगरा।** विश्व के सबसे बड़े ओलिंपियाडए साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल ओलिंपियाड 2022 .23 में आगरा के दो छात्रों ने साइंस ओलंपियाड परीक्षा में इंटरनेशनल रैंक हासिल किए। इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में प्रील्यूड स्कूल से पहली कक्षा की छात्रा लवांशी जिंदल ने रैंक 1 हासिल की और सेंट फ्रांसिस कोवेंट स्कूल से पहली कक्षा के छात्र रुद्राक्ष किरण गुप्ता ने रैंक 2 हासिल की जिसमे लवांशी जिंदल को गोल्ड मैडल मैडल और से सम्मानित किया गया और रुद्राक्ष किरण गुप्ता सिल्वर मैडल और सर्टिफिकेट दिया गया। इस अवसर पर एसओएफ के संस्थापक एवं एज्जीक्यूटिव डायरेक्टर महाबीर सिंह ने कहा कि 70 अलग.अलग देशों के 1400 शहरों के 70000 से अधिक स्कूलों ने 22.23 से सात ओलंपियाड परीक्षाओं में लाखो छात्रों ने भाग लिया। इस वर्ष करीब 6300 स्कूलों के 81,000 से अधिक विद्यार्थियों को शीर्ष राज्य स्तरीय रैंकिंग हासिल किये, इसके अतिरिक्त, लगभग एक लाख विद्यार्थियों को उनके व्यक्तिगत स्कूलों में उच्चतम ग्रेड प्राप्त करने के लिए उत्कृष्टता के स्वर्ण पदक दिए गए हैं । 3000 प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए जडेजा-अश्विन अंतिम एकादश में : पोंटिंग

भाषा। लंदन




**आस्ट्रेलिया के** पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत सात जून से आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरु हो रहे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन दोनों को खिलाएगा। तीन बार वनडे विश्व कप विजेता पोंटिंग का यह भी मानना है कि भारत को बाएं हाथ के बल्लेबाज-विकेटकीपर ईशान किशन को भी ओवल में होने वाले मैच में आजमाना चाहिए। आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) रिव्यू के पॉडकास्ट पर कहा, मुझे लगता है कि वे जडेजा और अश्विन को चुनेंगे क्योंकि जडेजा छठे नंबर के बल्लेबाजी क्रम पर खेल सकता है। उसकी (जडेजा) बल्लेबाजी में इतना सुधार हो चुका है कि वे उसे अब बतौर बल्लेबाज चुन सकते हैं जो जरूरत पड़ने पर शायद कुछ ओवर गेंदबाजी भी कर सकता है। उन्होंने कहा, इसमें कोई शक नहीं है कि जडेजा की तुलना में अश्विन बेहतर टेस्ट गेंदबाज है लेकिन अगर जब खेल चौथे और पांचवें दिन में पहुंचेगा और टर्न मिलने लगेगी और अगर जडेजा को इस बल्लेबाजी स्थान पर शामिल किया जाता है तो इससे भारत को वास्तव में उच्च स्तर का दूसरा स्पिन गेंदबाजी विकल्प मिल सकता है। ओवल में पोंटिंग एशेज के कई मैच खेल चुके हैं जिससे उन्हें काफी टर्न मिलने की उम्मीद है। ओवल की पिच बल्लेबाजी के लिए काफी अच्छी है। इस पर पहले दिन से तेज गेंदबाजों को आमतौर पर मदद मिलती है लेकिन यह मदद इतनी ज्यादा नहीं होती। लेकिन मैं वहां ऐसे भी कुछ मैच खेला हूं जिसमें पिच काफी टर्न लेती है। अगर यह थोड़ी सूख जाएगी तो इस पर काफी टर्न हो सकता है। इस मैच में ऋषभ पंत उपलब्ध नहीं होंगे तो पोंटिंग को लगता है कि शानदार बल्लेबाजी को देखते हुए ईशान किशन को मौका दिया जाना चाहिए। अगर मैं उनके (भारत) साथ होता तो इस मैच की अहमियत देखते हुए मैं इसमें ईशान किशन को खिलाता। वह थोड़ा एक्स फैक्टर (मैच का रूख पलटने वाला खिलाड़ी) मुहैया कराता है जिसकी आपको तब जरूरत होती है जब आप टेस्ट मैच जीतने की कोशिश करते हो। निश्चित रूप से अगर ऋषभ पंत फिट होता तो वह भारत के लिए एक्स फैक्टर होता। वह अजिंक्य रहाणे की टेस्ट टीम में वापसी से काफी खुश थे और उन्हें लगता है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले चरण में उनके सकारात्मक रवैए ने उनकी काफी मदद की। जिंक्स (रहाणे) का आईपीएल शानदार रहा। यह थोड़ा हास्यास्पद है कि आईपीएल के रन अब आपको टेस्ट टीम में वापसी करा सकते हैं। हर किसी ने देखा कि वह आईपीएल में बल्लेबाजी करते हुए कितना आत्मविश्वास से भरा दिख रहा था जो उन्हें वापसी कराने के लिए काफी था।

## हेजलवुड भारत के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में

**लंदन।** तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को भारत के खिलाफ सात जून से ओवल में शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम मे शामिल किया गया है। यह 32 वर्षीय गेंदबाज चोटिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के बीच से ही स्वदेश लौट गया था। उन्हें हालांकि टेस्ट कप्तान पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड जैसे तेज गेंदबाजो के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम मे शामिल किया गया है। अब तक 59 टेस्ट मैचो मे 222 विकेट लेने वाले हेजलवुड के चयन का मतलब है कि चयनकर्ताओ को ऑल राउंडर माइकल नेसर या तेज गेंदबाज सीन एबोट को टीम मे रखने की जरूरत नही पड़ेगी। नेसर और एबोट अभी काउंटी क्रिकेट मे खेल रहे है और ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्यू मैक्डोनाल्ड ने हाल मे कहा था कि किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर उन्हे टीम मे शामिल किया जा सकता है। हेजलवुड हाल मे चोटों से जूझते रहे है। वह आईपीएल मे रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम से बाद मे जुड़े थे। उन्होने दिसंबर 2021 के बाद केवल चार टेस्ट मैच खेले है। डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम इस प्रकार है : पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स केरी, कैमरन ग्रीन, मार्कस हैरिस, जोश हेज़लवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मारनस लाबुशेन, नाथन लियोन, टॉड मर्फी, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, डेविड वार्नर।

# स्टीफेंस समेत चार अमेरिकी महिला खिलाड़ी फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में

भाषा। पेरिस

**अमेरिका की** स्लोएने स्टीफेंस ने दो बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन कैरोलिना प्लिसकोवा को 6-0, 6-4 से हराकर फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। स्टीफेंस ने 2017 में अमेरिकी ओपन जीता था और फ्रेंच ओपन 2018 में उपविजेता रही। अमेरिका की मेडिसन कीस ने केइया कानेपी को 6-1, 3-6, 6-। से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। अब उनका सामना अमेरिकी क्वालीफायर काइला डे से होगा जिसने फ्रांस की वाइल्ड कार्डधारी क्रिस्टिना म्लादेनोविच को 7-5, 6-। से मात दी। क्रोएशिया में जन्मी अमेरिका की बर्नार्डा पेरा ने दुनिया की पूर्व दूसरे नंबर की खिलाड़ी एनेट कोंटावेट को 7-6, 6-2 से हराया। दो साल पहले उपविजेता रही अनास्तासिया पी ने चेक गणराज्य की लिंडा एफ को 6-2, 6-2 से मात दी। वहीं डोन्ना वेकिच ने क्वालीफायर डायना यास्त्रेमस्का को 6-2, 7-5 से हराया।

# पहले चार दिन भरा होगा खचाखच स्टेडियम

भाषा। नई दिल्ली

**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को उम्मीद है कि सात जून से लंदन के ओवल में भारत और आस्ट्रेलिया के बीच होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के कम से कम पहले चार दिन स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा होगा। आईसीसी ने फाइनल के लिए एक रिजर्व डे भी रखा है ताकि मौसम खराब होने की स्थिति में खेल इस दिन कराया जा सके। आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान ने चुनिंदा मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान कहा, हम स्थानीय आयोजन समिति (ईसीबी) के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि सुनिश्चित हो सके कि यह दर्शकों के लिए शानदार मुकाबला रहे। हमें कम से कम पहले चार दिन तक पूरी तरह से स्टेडियम भरे होने की उम्मीद है। हम सही दिशा में बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, दुनिया की दो सर्वश्रेष्ठ टीमें एक दूसरे के सामने होंगी जिससे दर्शकों में इस मुकाबले को लेकर काफी ज्यादा दिलचस्पी है। यह शानदार मुकाबला होगा। खान ने कहा, हम उम्मीद कर रहे हैं कि मौसम साफ रहे ताकि हमें सभी पांच दिन में अच्छा क्रिकेट देखने को मिले, हालांकि हमने मौसम के कारण बाधा की भरपाई के लिए एक रिजर्व डे रखा है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि डब्ल्यूटीसी के मौजूदा तरीके में कोई बदलाव नहीं होगा और यह इसी तरह जारी रहेगा।

## टेस्ट क्रिकेट में वेतन असमानता पर पोंटिंग के विचारों पर चर्चा नही हुईः आईसीसी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिग के इन दावो से खुद को अलग कर दिया जिसमे उन्होने कहा था कि टेस्ट क्रिकेट मे भुगतान की असमानता समाप्त करने के लिए खेल की सर्वोच्च संस्था मे बातचीत चल रही है। पोंटिंग ने इस महीने के शुरू मे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से जुड़े कार्यक्रम मे कहा था कि आईसीसी मे यह सुनिश्चित करने के लिए उच्च स्तर पर चर्चा चल रही है कि छोटे देशों के क्रिकेटरो को पांच दिवसीय प्रारूप खेलने के लिए अच्छा भुगतान किया जाए। आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान ने हालांकि कहा कि क्रिकेट समिति की एक बैठक मे यह मामला उठाया गया था लेकिन इस पर चर्चा नही हुई। वसीम ने मीडिया कर्मियो से कहा, मुझे लगता है कि शायद इसे गलत तरह से पेश किया गया। आईसीसी क्रिकेट समिति मे शुरू मे यह मसला उठाया गया था। यह चर्चा का विषय था लेकिन निश्चित तौर पर इसे आगे नही बढ़ाया गया। उन्होने कहा, रिकी के विचार क्रिकेट समिति के कई अन्य विषयो की तरह चर्चा का विषय था लेकिन इस संबंध मे सदस्यों के बीच किसी तरह की चर्चा नही हुई। क्रिकेट समिति के प्रमुख भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली है। टी20 क्रिकेट के तेजी से आगे बढ़ने के कारण राष्ट्रीय टीम की तरफ से खेलने के बजाय फ्रेंचाइजी क्रिकेट को प्राथमिकता देने वाले क्रिकेटरो की संख्या बढ़ती जा रही है विशेषकर वेस्टइंडीज के क्रिकेटर इस मामले मे सबसे आगे है। फ्रेंचाइजी क्रिकेट से बढ़ते खतरे के बारे मे पूछे जाने पर वसीम ने कहा, दुनिया भर मे बेहद प्रतिस्पर्धी घरेलू टी20 लीग हो रही है। यह प्रशंसको और खिलाड़ियों को अधिक विकल्प प्रदान करता है और इससे सीमित ओवरो के हमारे विश्वकप मे सुधार देखने को मिलता है।

# डायमंड लीग में 3000 मीटर स्टीपल चेज में 10वें स्थान पर रहे साबले

भाषा। रबात (मोरक्को)

भारत के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी अविनाश साबले यहां प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दूसरे चरण में उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे और पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपल चेज स्पर्धा में 10वें स्थान पर रहे। राष्ट्रमंडल खेल 2022 के रजत पदक विजेता 28 वर्षीय साबले ने आठ मिनट 17.18 सेकंड का समय लिया जो उनके राष्ट्रीय रिकार्ड आठ मिनट 11.20 से लगभग छह सेकंड अधिक था। साबले ने पिछले साल इसी प्रतियोगिता में 8:12.48 का समय लेकर पांचवां स्थान हासिल किया था। इस स्पर्धा में 18 धावकों ने भाग लिया लेकिन केवल 14 धावक ही दौड़ पूरी कर पाए। मेजबान देश के विश्व और ओलंपिक चैंपियन सौफियाने एल बक्कली ने 7:56.68 सेकेंड का समय लेकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इथियोपिया के गेटनेट वाले और कीनिया के राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अब्राहम किबिवोट ने क्रमशः 8:05.15 और 8:05.51 के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

## एफबीके खेलों से हटे नीरज चोपड़ा



**नई दिल्ली।** गत ओलंपिक भाला फेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने सोमवार को कहा कि उनकी मांसपेशियो मे खिंचाव आ गया है और एहतियाती तौर पर वह अगले महीने होने वाले एफबीके खेलो से हट रहे है। दुनिया के नंबर एक भाला फेंक खिलाड़ी चोपड़ा ने ट्विटर पर लिखा, हाल मे ट्रेनिंग के दौरान मेरी मांसपेशियो मे खिंचाव आ गया। चिकित्सा आकलन के बाद मैने और मेरी टीम ने ऐसे किसी भी जोखिम से बचने का फैसला किया जिससे चोट बढ़ जाए। उन्होने कहा, दुर्भाग्य से इसका मतलब है कि मुझे हेगेलो (नीदरलैंड) मे होने वाले एफबीके खेलो से हटना होगा। विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर की गोल्ड स्तर की प्रतियोगिता फैनी ब्लेंकर्स कोएन खेल नीदरलैंड के हेंगेलो मे चार जून को होने है। पांच मई को दोहा डाइमंड लीग मे 88.67 मीटर की दूरी के साथ खिताब जीतकर सत्र की शानदार शुरुआत करने वाले 25 साल के चोपड़ा के 13 जून को फिनलैंड के तुर्कू मे होने वाले पावो नुर्मी खेलों के साथ वापसी करने की उम्मीद है।

# भारत जूनियर एशिया कप के सेमीफाइनल में

● थाईलैंड को 17-0 से हराया

भाषा। सलालाह (ओमान)

**गत चैम्पियन भारत** ने पूल ए के अपने आखिरी मैच में थाईलैंड को 17-0 से करारी शिकस्त देकर पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।भारत ने अपने ग्रुप में चीनी ताइपे, जापान और थाईलैंड को हराया जबकि पाकिस्तान के खिलाफ उसने मैच।-। से ड्रॉ खेला। भारत सेमीफाइनल में किससे भिड़ेगा इसका पता पूल बी में मलेशिया और ओमान तथा पूल ए में पाकिस्तान और जापान के बीच होने वाले मैच से पता चलेगा। पाकिस्तान को पूल ए में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए अपने अंतिम लीग मैच में जापान को 14 गोल से अधिक के अंतर से हराना होगा। थाईलैंड के खिलाफ भारतीय टीम शुरू से हावी हो गई। उसकी तरफ से अंगद बीर सिंह ने चार गोल ((13वें, 33वें, 47वें और 55वें मिनट) किए।रविवार की रात को खेले गए मैच में अंगद के अलावा भारत की तरफ से योगम्बर रावत (17वें), कप्तान उत्तम सिंह (24वें, 31वें), अमनदीप लाकड़ा (26वें, 29वें), अरिजीत सिंह हुंदल (36वें), विष्णुकांत सिंह (38वें), बॉबी सिंह धामी (45वें), शारदा नंद तिवारी (46वें), अमनदीप (47वें), रोहित (49वें), सुनीत लाकड़ा (54वें) और राजिंदर सिंह (56वें) ने भी गोल किए। भारत अंतिम क्वार्टर शुरू होने से पहले 10-0 से आगे था। थाईलैंड की टीम तब तक पस्त हो चुकी थी और भारत ने अपने आक्रामक रवैए में किसी तरह से ढिलाई न दिखाकर हूटर बजने से पहले तक गोल वर्षा जारी रखी।

# एथलेटिक्स में चार स्वर्ण पदकों का फैसला

## तीरंदाजी : गुरू काशी यूनिवर्सिटी ने महिला कंपाउड में जीता पहला स्वर्ण

बीबीडी यूनिवर्सिटी के क्रिकेट ग्राउंड पर तीरंदाजी की स्पर्धाओं की भी शुरुआत हो गयी जिसमें पहला स्वर्ण महिला कंपाउंड तीरंदाजी में गुरू काशी यूनिवर्सिटी ने जीता। इस स्पर्धा के मुकाबले काफी करीबी रहे जिसमें गुरू काशी यूनिवर्सिटी 700 अंक के साथ अव्वल रही। वहीं एक अंक से पिछड़े रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय ने 699 अंक के साथ रजत पदक जीता। पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला की टीम को 698 अंक के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

## टेनिस की फाइनल लाइनअप तय


इकाना स्पोर्ट्स सिटी के टेनिस कोर्ट में कल पुरुष वर्ग के स्वर्ण के लिए अन्ना यूनिवर्सिटी और भारथिअर यूनिवर्सिटीए कोयंबटूर के बीच खिताबी टक्कर होगी। दूसरी ओर कांस्य पदक के लिए केआईआईटी भुवनेश्वर और गुजरात यूनिवर्सिटी के बीच मैच खेला जाएगा। टेनिस में महिला वर्ग का फाइनल मुकाबला उस्मानिया यूनिवर्सिटी और सावित्री बाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी के बीच खेला जाएगा जबकि कांस्य पदक के लिए यूनिवर्सिटी ऑफमद्रास और जैन यूनिवर्सिटी के बीच टक्कर होगी।

● खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स.2022

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पहली बार खेले जा रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स.2022 उत्तर प्रदेश के अंतर्गत सोमवार को एथलेटिक्स की स्पर्धाओं की शुरुआत हो गयी जिसमें पहले दिन समाचार लिखे जाने तक कुल चार वर्गो के स्वर्ण पदकों का फैसला हो गया। इसी के साथ बैडमिंटन में टीम चैंपियनशिप के मुकाबलों की बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी की शुरुआत हो गयी। इसके अलावा महिला तीरंदाजी के कंपाउड वर्ग में गुरू काशी यूनिवर्सिटी ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं टेनिस के मुकाबलों में पुरुष वर्ग में अन्ना यूनिवर्सिटी व भारथिअर यूनिवर्सिटीए कोयंबटूर और महिला वर्ग में उस्मानिया यूनिवर्सिटी और सावित्री बाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी ने फाइनल में जगह बना ली। गुरु गोविंद सिंह सिंथेटिक एथलेटिक्स स्टेडियम के एथलेटिक्स ट्रैक पर आयोजित स्पर्धाओं में पहला परिणाम 10ए000 मीण्दौड़ का निकला जिसमें पुरुषों में यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान के प्रदीप कुमार ने जबकि महिलाओं में मंगलौर यूनिवर्सिटी की बसंती कुमारी ने स्वर्ण पदक जीते। पुरुष 10,000 मीण्दौड़ में यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान के प्रदीप कुमार ने सबको पीछे छोड़ते हुए 30,55 88 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। इस स्पर्धा में गुरू नानक देव यूनिवर्सिटी के रोहित कुमार ने समय के साथ रजत पदक जीता। कांस्य पदक मंगलौर यूनिवर्सिटी के उपेंद्र बालियान को मिला। महिला 10,000 मी दौड़ का स्वर्ण पदक मंगलौर यूनिवर्सिटी की बसंती कुमारी ने जीता। रजत पदक शिवाजी यूनिवर्सिटी की रेशमा दत्तू केवते और कांस्य पदक मंगलौर यूनिवर्सिटी की पूनम ;36रू01ण्09द्ध को मिला। 400 मी बाधा दौड़ में पुरुषों में महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी के मनूप एम और महिलाओं में यूनिवर्सिटी ऑफ मुंबई की निधि योगेंद्र सिंह ने स्वर्ण पदक जीते।

# सिंधू और श्रीकांत की थाईलैंड ओपन में अच्छा प्रदर्शन करने पर निगाह

भाषा। बैंकाक



**मलेशिया** मास्टर्स में अपेक्षित प्रदर्शन करने के बाद पीवी सिंधू और किदांबी श्रीकांत सहित भारतीय खिलाड़ी मंगलवार से यहां शुरू होने वाले थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने खेल में निरंतरता बनाए रखने का प्रयास करेंगे। सिंधू पिछले सप्ताह मलेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंची थी जबकि श्रीकांत ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। इन दोनों खिलाड़ियों की निगाह अब खिताब जीतने पर होगी। ओलंपिक में दो बार पदक जीतने वाली सिंधू मैड्रिड स्पेन मास्टर्स के फाइनल में जगह बनाकर खिताब का सूखा खत्म करने के करीब पहुंची थी लेकिन श्रीकांत पिछले साल थॉमस कप की ऐतिहासिक जीत के बाद संघर्ष करते हुए नजर आए। विश्व रैंकिंग में दो पायदान नीचे 13वें स्थान पर खिसकने वाली सिंधू थाईलैंड ओपन के पहले दौर में कनाडा की मिशेल ली का सामना करेगी जबकि श्रीकांत का सामना मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंचने वाली चीन के वेंग होंग यांग से होगा। भारत के एचएस प्रणय ने चीन के इस खिलाड़ी को हराकर खिताब जीता था। लगातार लचर प्रदर्शन के कारण विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर खिसकने वाले लक्ष्य सेन पहले दौर में चीनी ताइपे के वांग जु वेई का सामना करेंगे। ऑरलियन्स मास्टर्स विजेता प्रियांशु राजावत भी थाईलैंड ओपन में कोर्ट पर उतरेंगे। उनका पहला मुकाबला मलेशिया के एन जे योंग से होगा। मलेशिया मास्टर्स से बाहर रहने वाली सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी इस सप्ताह वापसी करेगी।